e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 170

**सुविचार**

हमें हमारी जिन्दगी में हर छोटी से छोटी कठिनाई कुछ सीखा ही जाती है।

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
23.06.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम 30°
न्युनतम 23°

## क्विक न्यूज

### ऑटो शो रूम में लगी भीषण आग, 60 लाख का स्कूटी जलकर राख

**गम्हरिया :** टाटा- कांड्रा मुख्य मार्ग पर डीवीसी मोड़ व केंदु गाछ के बीच स्थित बंसल मोटर्स नामक इलेक्ट्रॉनिक ऑटो शोरूम में गुरुवार की शाम करीब साढ़े सात बजे लगी भीषण आग से वहां अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। आग इतनी भयंकर थी कि पूरे शोरूम को देखते ही देखते अपनी चपेट में ले लिया जिससे शोरूम में रखा सभी वाहन जलकर राख हो गया। टाटा-कांड्रा मार्ग पर जा रहे राहगीरों ने जब शो रूम से उठ रही आग की लपटों को देखा तो उन्होंने इसकी जानकारी आदित्यपुर थाना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार इसकी सूचना झारखंड अग्निशमन विभाग को देकर सदलबल शो रूम पहुंचे। वहीं, सूचना पाकर मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग के दमकलकर्मियों ने उक्त भीषण आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। करीब एक घन्टे के अथक प्रयास के बाद उक्त आग पर काबू पाया जा सका। किन्तु, तबतक शो रूम में रखे सभी स्कूटी जल चुके थे।

### चीन के रेस्तरां में गैस विस्फोट, 31 की मौत, 7 घायल

**बीजिंग (चीन) :** चीन के उत्तर-पश्चिमी निंग्ज़िया क्षेत्र में बुधवार रात एक बारबेक्यू रेस्तरां में गैस विस्फोट में 31 लोगों की मौत हो गई और 7 लोग घायल हो गए। इस घटना के बाद राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कड़ी सुरक्षा जांच के आदेश दिए हैं। इस घटना की जानकारी सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने दी है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने गुरुवार को बताया कि निंगज़िया क्षेत्र की राजधानी यिनचुआन में विस्फोट रेस्तरां में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस टैंक के लीक होने के कारण हुआ था।

### अवैध निर्माण कार्य पर रोक लगाने गई पुलिस बल पर हमला

**बरवाडीह (लातेहार) :** बरवाडीह थाना अंतर्गत ग्राम लेदगाईं के आरडी पब्लिक स्कूल के पास विवादित भूमि पर अवैध निर्माण कार्य पर रोक लगाने को लेकर अंचलाधिकारी राकेश सहाय और थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह संयुक्त रुप से अपने दल-बल सहित पहुंचे । जहां हो रहे निर्माण कार्य का भूमि से संबंधी कागजात की मांग गई पर आरोपियों के द्वारा कोई कागजात नही दिखाया गया। तब अंचलाधिकारी के द्वारा निर्माण कार्य पर रोक लगाने का आदेश दिया गया जिसके बाद कमल यादव,तुलसी यादव, मुकेश यादव, सतीश यादव वगैरह थे जो बुरी तरह भड़क गए और हाथापाई पर उतारू हो गए। इस बीच दोनों तरफ से वाद-विवाद होते मारपीट होने लगा जिसमें थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह,एस आई धर्मेंद्र सिंह सरदार के साथ तीन पुलिस कर्मी बुरी तरह घायल हो गए। इस दौरान छिपादोहर व मनिका थाना को सूचित कर अतिरिक्त पुलिस बल की घटना स्थल पर बुलाया गया। सभी आरोपियों को हिरासत में लिया गया।

## मुख्यमंत्री ने 2550 युवाओं को सौंपा नियुक्ति पत्र

# रोजगार देना सरकार की प्राथमिकता : हेमंत

**पंचायती राज विभाग में 1633 पंचायत सचिव, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग में 707, वित्त विभाग में 166 एवं खाद्य आपूर्ति विभाग में 44 निम्नवर्गीय लिपिक करेंगे योगदान**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के हाथों आज 2550 युवाओं को जब नियुक्ति पत्र मिला तो उनकी खुशियां देखते ही बन रही थी। अवसर था मोरहाबादी मैदान, रांची में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 1633 सचिव एवं राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग में 707, वित्त विभाग में 166 और खाद्य आपूर्ति विभाग में 44 निम्न वर्गीय लिपिकों को नियुक्ति पत्र सौंपा।

मुख्यमंत्री ने नवनियुक्तों से कहा- सरकार के अंग के रूप में आपके जुड़ने से व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

विकास योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और सरकारी कार्यों में तेजी के साथ गुणवत्ता तथा प्रभावशीलता बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री ने समारोह के मंच से ऐलान किया कि सरकार हर वर्ष चयनित होने वाले पांच आदर्श पंचायतों के पंचायत सचिवों को पूरे परिवार के साथ विदेश दौरा कराएगी।

उन्होंने पंचायत सचिवों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आप अपने पंचायत के सिर्फ पंचायत सचिव ही नहीं बल्कि उसके बीडीओ- सीओ डीसी -एसपी सब कुछ है । आप ऐसा कार्य करें कि आपकी पंचायत पूरे राज्य और देश के लिए मिसाल बन सके।



### मुख्यमंत्री ने कहा

* सरकार के अंग के रूप में आपके जुड़ने से व्यवस्था को मजबूती मिलेगी
* आप अपने पंचायत के सिर्फ पंचायत सचिव ही नहीं बल्कि उसके बीडीओ- सीओ, डीसी -एसपी सब हैं
* नई -नई नियुक्तियों से सरकार को ऊर्जा मिलती है
* युवाओं के सपने को कर रहे हैं साकार
* हर व्यक्ति आगे बढ़े, यही हमारा संकल्प है

### हजारों युवाओं को दे चुके हैं नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है । अब तक हजारों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जा चुका है। इनमें इंजीनियर, डॉक्टर, पशु चिकित्सक, आयुष चिकित्सक, कृषि पदाधिकारी, खेल पदाधिकारी, शिक्षक, फॉरेंसिक विशेषज्ञ और नर्सेज समेत कई पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्तियां शामिल है। युवाओं के सपने को साकार करने का हमारी सरकार ने संकल्प लिया है।

### सरकार के मकसद को पूरा करने में आपका सहयोग बेहद अहम

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी नियुक्ति सरकार को ऊर्जा देती है।ऐसे में सरकार जिस मकसद के साथ कार्य करना चाहती है उसमें आपका सहयोग बेहद जरूरी है। आपको जो जिम्मेदारी दी जा रही है उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाएं और राज्य को गरीबी, अशिक्षा और पिछड़ेपन के कुचक्र से बाहर निकालने का काम करें। आप एक कदम चलेंगे तो सरकार सौ कदम चलने को हमेशा तैयार रहेगी।




### तमाम चुनौतियों के बाद भी रोजगार देने का हो रहा प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान हालात और अनेकों चुनौतियों के बाद भी नई पीढ़ी को रोजगार देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, चाहे वह शिक्षित हो या अशिक्षित। इसी कड़ी में बड़े पैमाने पर सरकारी विभागों में नियुक्तियां हो रही हैं तो निजी क्षेत्र में भी हजारों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के माध्यम से व्यवसाय करने के इच्छुक युवाओं को सरकार के द्वारा अनुदान आधारित ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। आप सरकार की योजनाओं से जुड़े और अपने को स्वावलंबी बनाएं । हर व्यक्ति आगे बढ़े यही हमारा संकल्प है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता,राज्य सभा सांसद श्रीमती महुआ माजी, विधायक राजेश कच्छप, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे एवं खाद्य आपूर्ति विभाग के सचिव अमिताभ कौशल समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### नियुक्तियों का सिलसिला जारी रहेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्तियों का जो सिलसिला शुरू हुआ है, वह लगातार जारी रहेगा । आने वाले दिनों में बड़े पैमाने पर शिक्षक, पुलिस और सरकारी विभागों में खाली पड़े अन्य पदों पर नियुक्तियां होंगी। इस सिलसिले में विभिन्न आयोगों के द्वारा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पहले जहां एक-एक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने में कई वर्ष लग जाते थे। वहीं, हमारी सरकार में रिकॉर्ड समय में नियुक्तियां हो रही हैं ।सबसे खास बात है कि आज किसान- मजदूर और गरीब तबके के युवाओं का अधिकारी बनने का सपना पूरा हो रहा है।

### हर व्यक्ति को सामाजिक सुरक्षा देने का हो रहा प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का एक ऐसा राज्य है, जो हर व्यक्ति को सामाजिक सुरक्षा देने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ना सिर्फ सरकारी कर्मियों की पुरानी पेंशन योजना को लागू करने जा सरकार ने ऐतिहासिक काम किया है, वहीं सर्वजन पेंशन योजना के माध्यम से सभी बुजुर्गों, विधवाओं, परित्यक्ताओं और दिव्यांगों को पेंशन देने का काम कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि पेंशन किसी भी व्यक्ति के बुढ़ापे की लाठी होती है और सरकार उसे हर हाल में देने का काम करेगी।

# झारखंड में वज्रपात का कहर दो दिनों में 27 की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में मानसून की सक्रियता से एक तरफ जहां लोग गर्मी से राहत महसूस कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आकाशीय बिजली से मौत का कहर भी बढ़ गया है। राज्य में 20 और 21 जून को वज्रपात से कुल 27 लोगों की मौत हो गई है। इसमें मंगलवार को 16 लोगों की जबकि बुधवार को 11 लोगों की मौत हो गई है। कई लोग घायल भी हुए हैं। राज्य के अलग-अलग जिलों से वज्रपात से कुल 11 लोगों की मौत हुई है। इसमें लातेहार के बालूमाथ निवासी राजो देवी की मौत हो गयी है। चतरा के सिमरिया प्रखंड के डाडी गांव में ठनका से अमन कुमार ( 10 ) की मौत हो गयी। इटखोरी में भी वज्रपात से शहरजाम गांव निवासी सीताराम रवानी के पुत्र सन्नी कुमार की मौत हो गयी। सिमडेगा के ठेठईटांगर में वज्रपात से सामुएल लकड़ा ( 53 ) की मौत हो गयी। गढ़वा के मेराल थाना क्षेत्र स्थित श्यामा गांव निवासी दानी साहू ( 52 ) की भी मौत वज्रपात से हो गयी।

राज्य के अलग-अलग हिस्सों में हुई वज्रपात की घटना में 16 लोगों की मौत हो गई है जबकि कई लोग घायल हुए हैं। मृतकों में सात बच्चे शामिल हैं। वज्रपात से रांची, हजारीबाग, लोहरदगा, रामगढ़, चतरा, बोकारो, गिरिडीह, पलामू, कोडरमा में मौत हुई है। सबसे बड़ी घटना हजारीबाग सिलवार पहाड़ पर हुई। यहां ठनका गिरने से दो की मौत हो गयी, जबकि 12 लोग घायल हुए हैं। रांची के मेसरा के सदिया गांव में ठनका गिरने से सिमरन ( 12 ) की मौत हो गयी। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आने वाले तीन दिनों के दौरान तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जायेगी। इस दौरान तीन डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। 23 जून को राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश होने की संभावना है।

अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की चेतावनी भी जारी की गयी है। पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, सिमडेगा और सरायकेला- खरसावां जिले में तेज बारिश की संभावना है। अभिषेक आनंद के मुताबिक राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान कई जगहों पर भारी से लेकर हल्के व मध्यम दर्जे तक की बारिश हुई है। सबसे अधिक बारिश रांची के टाटीसिलवे में 44.3 मिमी, रांची के अन्य हिस्सों में भी बारिश हुई।

# सेवा व सुशासन को समर्पित रहा है प्रधानमंत्री मोदी के नौ वर्षों का कार्यकाल : जेपी नड्डा

एजेंसी

**गिरिडीह :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ वर्षों का कार्यकाल देश के 130 करोड़ देशवासियों की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहा है। इन नौ वर्षों में देश की तस्वीर और तकदीर बदली है, जिसकी सराहना विश्व समुदाय कर रहा है। वे गुरुवार को झारखंड के गिरिडीह में भाजपा की जनसभा को संबोधित कर रहे थे। भाजपा अध्यक्ष ने विगत नौ सालों के दौरान देश में हुए विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि कोरोना काल के पश्चात विश्व के कई देश घोर आर्थिक संकट के दौर में हैं लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से मजबूत हो रही है। इस मामले आज भारत विश्व में पांचवें स्थान पर है। इसी प्रकार स्टील उत्पादन और ऑटो मोबाइल सेक्टर में तीसरे स्थान पर है। 97 फीसदी मोबाइल भारत में बनाए जा रहे हैं। 18 लाख करोड़ की लागत से सड़क और रेल मार्ग बनाए जा रहे हैं। 74 अत्याधुनिक एयरपोर्ट बनाए गए हैं।उन्होंने कहा कि रोज कमाने



खाने वाले 50 लाख गरीबों को आयुष्मान योजना के तहत इलाज हुआ है। चार करोड़ लोगों को पीएम आवास दिये गये। 10 करोड़ 78 लाख किसानों के खातों में दो-दो हजार की राशि ट्रांसफर की जार ही है। करोड़ों लोगों को पीने का पानी योजना से जोड़ा गया है। नड्डा ने कहा कि नौ वर्षों में देश की विकास यात्रा की तमाम योजनाएं भारत की बदलती तस्वीर और तकदीर की गवाह हैं लेकिन कांग्रेस देश के विकास को पचा नहीं पा रही है। उसके पेट में दर्द हो रहा है। भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस पर तीखे प्रहार किये और कहा कि कांग्रेस मोदी विरोध करते-करते बौखलाकर देश के विकास का विरोध करने लगी है। उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास में भी प्रधानमंत्री ने विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड में विकास की एक रेखा खिंची है, वहीं झामुमो व कांग्रेस की सरकार ने चार वर्षों में झारखंड को काफी पीछे धकेल दिया है। झारखंड सरकार वर्तमान समय में पूरी तरह से भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई है। झारखंड सरकार सिर्फ तुष्टीकरण की राजनीति करने में व्यस्त है। झारखंड की हेमंत सरकार पूरी तरह से घोटालों की सरकार है। जनसभा को प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मंराडी, पूर्व सीएम रघुवर दास सहित भाजपा प्रदेश संगठन के कई बड़े नेता, सांसद और विधायकों ने संबोधित किया।

## भारत माता की जय व वंदे मातरम के नारों से गूंजा अमेरिका का व्हाइट हाउस

# भारत और अमेरिका की दोस्ती पूरी दुनिया की ताकत को बढ़ाने में निभाएगी अहम भूमिका : मोदी

एजेंसी

**वाशिंगटन:** पीएम नरेंद्र मोदी अमेरिका की तीन दिनों की राजकीय यात्रा के दौरान गुरुवार की शान व्हाइट हाउस पहुंचे. यहां जो बाइडेन और जिल बाइडेन ने उनका स्वागत किया. व्हाइट हाउस में पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. पीएम मोदी का स्वागत 21 तोपों की सलामी देकर किया गया. सेरिमोनियल वेलकम के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगते रहे.इस अवसर पर बाइडेन ने कहा,भारत और अमेरिका का रिश्ता भरोसे और सम्मान का है. ऐसे मोड़ बहुत कम आते हैं.आपके सहयोग से हमने स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और समृद्ध इंडो-पैसिफिक के लिए क्वाड को मजबूत किया है. अब से दशकों बाद लोग पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे कि क्वाड ने वैश्विक भलाई के लिए इतिहास की दिशा को मोड़ दिया. बाइडेन ने कहा कि पीएम मोदी का व्हाइट हाउस में स्वागत है. अमेरिका और भारत के बीच संबंध 21वीं सदी में सबसे निर्णायक रिश्तों में से एक है. पीएम मोदी ने व्हाइट हाउस में शानदार स्वागत समारोह के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का धन्यवाद दिया.उन्होंने कहा कि ये सम्मान भारत के 140 करोड़ लोगों का सम्मान है. ये अमेरिका में रहने वाले 40 लाख भारतीयों का भी सम्मान है. इसके लिए बाइडेन का मैं दिल से आभार देता हूं.पीएम मोदी ने कहा, पीएम बनने के बाद मैं कई बार व्हाइट हाउस गया हूं. यह पहली बार है, जब व्हाइट हाउस के दरवाजे इतनी बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लिए खोले गए हैं.कोविड के बाद के युग में विश्व व्यवस्था एक नया आकार ले रही है.

**गुजरात में लगेगा सेमीकंडक्टर चिप प्लांट, माइक्रोन टेक्नोलॉजी ने किया एलान:** चिप बनाने वाली अमेरिकी कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी ने गुजरात में नया सेमीकंडक्टर चिप प्लांट लगाने का ऐलान किया है. इसपर 2.75 बिलियन डॉलर का निवेश किया जाएगा. माइक्रोन का भारत में ये पहला निवेश होगा. इस प्लांट को लगाने के लिए माइक्रॉन टेक्नोलॉजी 825 मिलियन डॉलर निवेश करेगी.

### भरोसे और सम्मान का है भारत व अमेरिका का रिश्ता : बाइडेन



**अंतरिक्ष की दुनिया में मिल कर काम करेंगे भारत और अमेरिका:** व्हाइट हाउस ने कहा कि भारत ने अर्टेमिस संधि में शामिल होने का फैसला किया है और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन 2024 में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए एक संयुक्त मिशन भेजने पर सहमत हुए हैं.

**अब भारत में ही बनेंगे लड़ाकू जेट इंजन, हुआ मेगा समझौता:** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वॉशिंगटन में जनरल इलेक्ट्रिक के अध्यक्ष एच. लॉरेंस कल्प जूनियर से मुलाकात के कुछ ही घंटे बाद बहुराष्ट्रीय समूह की एयरोस्पेस शाखा ने घोषणा की कि उसने भारतीय वायुसेना के लिए लड़ाकू जेट इंजन बनाने की खातिर हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं.जीई एयरोस्पेस द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि इसका समझौता ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा के बीच %बड़ा मील का पत्थर है और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मज़बूत करने में अहम तत्व है.

**भारत सिएटल में व अमेरिका अहमदाबाद एवं बेंगलुरू में खोलेगा वाणिज्य दूतावास, बनी सहमति:** वॉशिंगटन~ बाइडेन प्रशासन के एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिका लोगों के बीच परस्पर संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत के दो शहरों में वाणिज्य दूतावास खोलेगा.इस डील के तहत भारत सिएटल में वाणिज्य दूतावास खोलेगा. जबकि अमेरिका ने अहमदाबाद और बेंगलुरू में कॉन्स्यूलेट खोलने की बात कही है.व्हाइट हाउस के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अमेरिका का बेंगलुरु और अहमदाबाद में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलने का इरादा है.

### खाई में गिरी जीप, 10 लोगों की मौत

**पिथौरागढ़ :** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में दर्दनाक हादसा हुआ। बागेश्वर के सामा से पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी ब्लाक स्थित होकरा मंदिर जा रही एक जीप सड़क से पलट कर रामगंगा नदी में जा गिरी। वाहन में सवार दस लोगों की मौत की सूचना है। इस हादसे की सूचना यहां से गुजर रहे दूसरे वाहन चालकों ने दी। यहां से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों की सूचना पर नाचनी थाने से पुलिस,तेजम से राजस्व और आपदा राहत बचाव दल घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं। घटनास्थल अति दुर्गम क्षेत्र है। जीप करीब 600 मीटर से अधिक गहरी खाई से गिरते हुए नदी तक जा पहुंची है। खोयम के प्रधान हीरा सिंह मेहता का कहना है बीती रात्रि भारी वर्षा हुई।


# मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेश्म में सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव के साथ बैठक की। उपायुक्त ने बताया कि 17 अगस्त 2023 से 30 नवम्बर 2023 तक मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस दौरान एक जनवरी 2024 तक जिन व्यक्तियों की आयु 18 वर्ष या 18 वर्ष से अधिक है, वह अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं।विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, पहचान पत्र में सुधार करने, जिनका निधन हो गया है उनका नाम हटाने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए मतदान केंद्र के बीएलओ, मतदान क्षेत्र के एईआरओ, एआरओ अथवा www.nvsp.in के आनलाइन पोर्टल एवं भारत निर्वाचन आयोग के Voter Helpline App(VHA) & voter portal.eci.gov.in के माध्यम से आवेदन दिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति मतदाता सूची में निर्बंधित नहीं है, वैसे व्यक्ति प्रपत्र छह में निबंधन के लिए आवेदन दे सकते हैं। इसके लिए एक रंगीन फोटो, आयु प्रमाण पत्र एवं पता का प्रमाण से संबंधित कागजात संलग्न करना होगा। मृत अथवा स्थानांतरित प्रविष्टि के विलोपन के लिए प्रपत्र सात में आवेदन दिया जा सकता है। मतदाता सूची में अंकित प्रविष्टि की शुद्धि के लिए प्रपत्र आठ में आवेदन दिया जा सकता है।मौके पर उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के स्तर से प्राप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार सभी कार्यों को जिला स्तर से ससमय पूर्ण कराते हुए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 05.01.2024 को किया जाएगा।उपायुक्त ने सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव से कहा कि मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति वह अपने स्तर से सुनिश्चित करें। ताकि पुनरीक्षण अवधि में सभी छुटे हुये योग्य एवं अहर्ता प्राप्त नागरिकों का निबंधन मतदाता सूची में कराने एवं मतदाता सूची को स्वच्छ एवं त्रुटिरहित निर्माण किया जा सके।बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी तथा सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव उपस्थित थे।

# बंद घर में लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर के जीएलए कॉलेज स्मार्ट मॉल के समीप अर्जुन साव के घर में किराए के मकान में रह रहे लेस्लीगंज निवासी अजीत राम के घर बीती रात चोरों ने लाखों के जेवर, 80 हजार कैश,एलईडी टीवी कपड़े सहित अन्य सामान की चोरी कर फरार हो गए। गुरुवार की सुबह मकान मालिक के द्वारा घर में चोरी होने की सूचना अजीत राम को दी गई। चोरी की सूचना मिलते ही अजीत लेस्लीगंज से मेदिनीनगर अपने किराए के मकान में आया तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है और घर से लाखों रुपए के गहने सहित अन्य सामान की चोरी हो चुकी है। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा चोरी होने की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही टीओपी टू प्रभारी रूद्रानंद सरस अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के लोगों से चोरी की घटना के बारे में पूछताछ की। लेकिन किसी ने इस संबंध में जानकारी नहीं दी। वही इस घटना के बाद भुक्तभोगी अजीत राम चोरी की घटना से संबंधित मामला शहर थाना में दर्ज करा दिया है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस चोरी से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। वही भुक्तभोगी अजीत राम ने बताया कि वह गर्मी छुट्टी में अपने परिवार के साथ लेस्लीगंज गांव गया हुआ था इसी बीच यह घटना हुई है। चोरी की घटना के बाद से महिलाओं का रो रो कर बुरा हाल था।

# फांसी लगाकर 25 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सडमा तेनुदीह निवास स्वर्गीय जगदीश यादव का पुत्र राजू कुमार यादव उम्र 25 वर्ष बुधवार की शाम 5:00 बजे अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इस घटना के बारे में मृतक के बड़े भाई उदय यादव ने बताया कि बुधवार की शाम घर में कोई व्यक्ति नहीं था।राजू घर में अकेला था तभी वह किसी कारणवश घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। राजू के मौत के बाद स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर उमड़ पड़ी। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी छतरपुर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए गुरुवार को मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। वही ग्रामीणों का कहना है कि राजू का मानसिक हालत भी कुछ ठीक नहीं था।

## अज्ञात अपराधियों ने टांगी से काट कर की 70 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर थाना की पुलिस ने गुरुवार की सुबह छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फुलसम पंचायत के दारुदाग गांव से एक 70 वर्षीय वृद्ध का शव बरामद किया है। वही मृतक के परिजनों का आरोप है कि अज्ञात अपराधियों के द्वारा सदु सिंह को टांगी से काटकर हत्या कर दी गई है। जानकारी के अनुसार छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फुलसम निवासी सदु सिंह उम्र 70 वर्ष बुधवार की शाम से अपने घर से लापता थे। गुरुवार की सुबह स्थानीय ग्रामीण जब सड़क पर निकले तो देखा कि सदु सिंह का खून से लथपथ शव गांव के जंगल में पड़ा हुआ है। इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा शव मिलने की जानकारी छतरपुर थाना को दी गई घटना की जानकारी मिलते ही छतरपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।पोस्टमार्टम होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस घटना के बाद से पुलिस हत्या से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। परिजन व स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सदु सिंह बहुत ही नेक इंसान थे वह 70 वर्ष की उम्र में भी कढ़ाई बुनाई का कार्य करते थे और परिवार का भरण पोषण करते थे।

# सोलर जल मीनार का कार्य 2 वर्षों से है अधूरा ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेराल, गढ़वा :** मेराल प्रखंड क्षेत्र के कोलोदोहर बिचला टोला में दो वर्षों से एक जल मीनार खराब पड़ा हुआ है इसकी वजह से ग्रामीणों को पानी के बिना तरसना पड़ रहा है बतादें कि सोलर जल मीनार के द्वारा 60 घरों तक पाईप लाईन के माध्यम से पानी को पहुंचाना था लेकीन अभी तक पाईप लाईन का कार्य भेंडर द्वारा किया ही नहीं गया है! ग्रामीण किसी तरह से कुएं के पानी पीने पर मजबूर हैं जिसके कारण ग्रामीणों को पानी पानी के बिना रोना पड़ रहा है ग्रामीणों ने पंचायत के जन प्रतिनिधियों सहित संबंधित पदाधिकरी को जिम्मेदार ठहराया है ग्रामीण रामजी भुईयां, रामवृक्ष यादव, रामदेव यादव पूर्व वार्ड सदस्य, बिगन भुइयां, नाथुन भुईयां वार्ड प्रतिनिधि, किस्मतिया देवी, सुंदरी देवी, भागवती देवी सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि 2 वर्ष पूर्व नल जल परियोजना से भेंडर के द्वारा सोलर जल मीनार का निर्माण कराया गया है लेकिन सरकार के द्वारा चलाया गया इतना बड़ा प्रोजेक्ट से ग्रामीणों को आज तक एक बूंद पानी नहीं मिल सका जो दुख का विषय बना हुआ है, कई लाख रुपए केया गया प्रोजेक्ट हाथी का दांत साबित हो रहा है इसकी शिकायत ग्रामीणों के द्वारा लिखित रूप से संबंधित पदाधिकारी सहित प्रतिनिधियों को निरंतर किया जा रहा है लेकिन ग्रामीणों का दुख समझने को कोई तैयार नहीं है जिसके कारण यहां के लोगों को पानी के लिए काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही है! वर्तमान समय में चल रहे भीष्ण गर्मी से ग्राम कोलो दोहर के ग्रामीण बहुत परेशान हैं ग्रामीणों ने यह भी कहा कि जल मीनार निर्माण कार्य में लगाई गई राशि का दुरुपयोग किया गया है तथा जल मिनार निर्माण कार्य से लेकर आज तक ग्रामीणों को इतना बड़ा प्रोजेक्ट से एक बूंद पानी प्राप्त नहीं हुआ है जो जांच का विषय बना हुआ है मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# शाहपुर-चैनपुर की जनता के साथ नगर निगम कर रहा सौतेला व्यवहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** भीषण पेयजल संकट को देखते हुए नगर निगम क्षेत्र में 55 अतिरिक्त टैंकरों से जलापूर्ति कराई जा रही है। इन टैंकरों के माध्यम से पूरे निगम क्षेत्र में जलापूर्ति कराने का निर्देश है, लेकिन नगर निगम बिजली वितरण की तरह पानी बाटने में भी सौतेला व्यवहार कर रहा है। उक्त आरोप वार्ड 31 की पार्षद सह जोन सात की अध्यक्ष रही प्रमिला देवी ने लगाई है। प्रमिला ने कहा कि वार्ड 31 से 35 तक के कई इलाके ड्राइजोन के अंतर्गत आते है। इन इलाको में अतिरिक्त टैंकरों से जलापूर्ति कराना अबतक नगर निगम उचित नहीं समझा है। अतिरिक्त एक टैंकर भी इन वार्ड क्षेत्रों में जलापूर्ति नही कराई गई है। उन्होंने कहा कि यह बड़ा ही दुखद है। निगम की नजर में या तो 31 से 35 तक के वार्ड में पानी की कोई समस्या नहीं है या फिर नगर आयुक्त इन इलाको को निगम का हिस्सा नहीं मानते। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि कुछ वार्ड में 19 टैंकर तक जलापूर्ति हो रही है, लेकिन वार्ड 35 में तीन,34 में चार, 31 में चार और 32 में मात्र चार टैंकर पानी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा की बिजली देने में भी विधुत विभाग इसी तरह का रवैया अपनाता है। उपरोक्त वार्ड के लोग शहरवाशी कहलाते है, लेकिन बिजली और पानी जैसी ज्वलंत समस्या पर ग्रामीण क्षेत्रों जैसा व्यहवार किया जाता है। यह कहा तक जायज है। नगर आयुक्त और विधुत विभाग को अपनी इस कार्यशैली में सुधार लाने की जरूरत है।

# विधायक डॉक्टर शशि भूषण मेहता के सौजन्य से पांकी में लगा ट्रांसफार्मर



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पांकी विधानसभा के भाजपा विधायक डॉ.कुशवाहा शशिभूषण मेहता के सौजन्य से 100 केवी का ट्रांसफार्मर पांकी प्रखंड के डंडारकला पंचायत के ग्राम सुरजवन में लगाया गया। बीते कुछ दिनों पूर्व ट्रांसफार्मर जल गया था। ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण ग्रामवासी बिजली के बिना जीवन जी रहे थे। ग्रामवासी बिज़ली को लेकर ट्रांसफार्मर लगवाने की आस लगाये बैठे हुए थे। जानकारी मिलते ही विधायक के सक्रिय कार्यकर्ता बिनोद चौहान ने विधायक से बात कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। ट्रांसफार्मर लगते ही ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। लोंगो ने दिल से विधायक को धन्यवाद दिया। ट्रांसफार्मर लगाने के दौरान मैके पर पांकी भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुधन सिंह,महामंत्री श्यामनंदन ओझा,लालदेव चौहान, उपेंद्र चौहान सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## वज्रपात से केतार व भवनाथपुर में महिला सहित दो की मौत

**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भवनाथपुर व केतार थाना क्षेत्र में गुरुवार को बारिश के साथ हुए वज्रपात में एक महिला तथा एक पुरुष की मौत हो गई। जिसमें केतार थाना अंतर्गत पचाडुमर के सहायक अध्यापक रामाश्रय प्रसाद की 45 वर्षीय पत्नी शशि कला देवी वज्रपात की चपेट में आ गई जिससे उसका घटनास्थल पर ही मौत हो गई। परिवार में एकाएक इस तरह का घटना होने से पूरे परिजन का रो-रोकर बुरा हाल था वही अपने गांव पचाडूमर में शोक का माहौल व्याप्त है।जब कि भवनाथपुर थाना क्षेत्र के चपरी गाँव में गुरुवार के दोपहर में हुई वज्रपात से एक युवक की मौत हो गई। मृत युवक चपरी के निवासी नगीना साह के पुत्र 38 वर्षीय सिबल साह बताया जा रहा है। आनन फानन में परिजन उसे ईलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहाँ चिकित्सको ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा के बाद अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। जानकारी के अनुसार सिबल साह गुरुवार के दोपहर बकरी चराने घुटघुरि पहाड़ी के तरफ गया हुआ था, इसी बीच तेज गर्जन के साथ हुई वज्रपात की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

# केंद्र सरकार के 9 वर्ष पुरे होने पर भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू :** जिले के पांडू मंडल अंतर्गत ग्राम मुसिखाप में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के ऐतिहासिक केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाये जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत गुरुवार के दिन हर घर में केंद्र सरकार की योजना को घर-घर जाकर बताने तथा जनता के बीच जाकर उनकी समस्या सुनने एवं निदान कराने का प्रयास किया गया। इस कार्य क्रम का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेमसागर सिंह के द्वारा किया गया तथा इस जनसंपर्क अभियान में गरिमामय उपस्थिति प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संध्या सिंह, मंडल उपाध्यक्ष पंकज पांडेय, मंडल महामंत्री मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, मंडल मन्त्री विमल चन्द्रवंशी, शोशल मीडिया प्रभारी प्रदुमन विश्वकर्मा, आशुतोष सुमन, सोनू सोनी, ह्यष मोर्चा महामंत्री सतीश पासवान, कार्यालय मंत्री बिरेन्द्र सिंह, नागेंद्र पाल, लखन चन्द्रवंशी, सुनेश्वर प्रजापति, राजेन्द्र चन्द्रवंशी, सुदामा चन्द्रवंशी, सुरेन्द्र चबद्रवंशी, बद्री चन्द्रवंशी, राजू शर्मा, नंदू यादव, जपाली सिंह, जगदीश पासवान, डी एन सिंह, सिद्त यादव के साथ-साथ अन्य कई लोग उपस्थित रही।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर केतार में हुए कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड में स्थित लोहिया समता उच्च विद्यालय के ग्राउंड में एवं थाना परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ एवं थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि की अध्यक्षता में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान योग कर्ताओं ने अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी, उदगीत, ध्यान योग के साथ साथ वज्रासन, पवन मुक्तासन, मण्डूकासन सहित अन्य योग व योग से होने वाले स्वास्थ्य लाभ की जानकारी देते हुये अभ्यास कराया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी ने कहा कि योग मनुष्य को जीवन जीने की कला सीखाता है योग करने से मनुष्य का शरीर व मन दोनों स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिये योग को अपने दिनचर्या में शामिल करें और नियमित योग करें। उन्होंने कहा कि योग को जीवनपर्यंत अपनाकर बेहतर स्वास्थ्य रखने के लिये योग करें वही योग में शामिल लोगों को प्रेरित किया। इस मौके पर प्रखंड कर्मी, थाना कर्मी एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

# अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रखंड अंतर्गत शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** 21 जून को नौवीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों के साथ ही थाना परिसर व प्रखंड मुख्यालय परिसर में योग शिविर आयोजित की गई। भवनाथपुर स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के तत्वधान में योग प्रशिक्षक शंकरप्रिय राम चंद्रवंशी, गुप्तेश्वर प्रसाद, महिला योग प्रशिक्षक मुनी गुप्ता ने आयुष चिकित्सक डा. शशिकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में योग शिविर संपन्न कराया। शिविर में योग, प्राणायाम, आसन, खान पान, रहन सहन के साथ इसके लाभ के बारे में बताया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डा. दिनेश सिंह ने बताया कि शरीर के रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाएं रखने के लिए नियमित सुबह एक घंटा योगाभ्यास किया करें। जिस तरह बीमारियां बढ़ रहीं है, सभी लोगो को स्वस्थ्य रहने के लिए योग को अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। बीडीओ जयपाल महतो ने बुद्धि विकास व एकाग्रता को बेहतर बनाने के लिए नियमित पांच बार भ्रामरी करने को कहा। आयुष चिकित्सक डा. शशिकांत शुक्ला ने बारी बारी से सभी तरह की योग के लाभ को विधिपूर्वक बताया। योग शिविर में प्रखंड कर्मी, सीएचसी कर्मी व स्कूली छात्र छात्राऐं उपस्थित थे।

# लक्ष्य पवित्र नहीं हो तो वरदान भी शाप बन जाता है : जीयर स्वामी महाराज



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लक्ष्य पवित्र नहीं हो तो वरदान भी शाप बन जाता है. अपने साधन और सामर्थ्य को समाज हित में लगाएं दूसरे के अहित के प्रयोजन से उपर्युक्त सहयोगी साधन भी विपरीत परिणाम देने लगते हैं. नकारात्मक विचार और कुकृत्य से समाज में व्यक्ति को यथोचित सम्मान प्राप्त नहीं होता है. इसलिए नकारात्मक भाव मन में अंकुरित भी नहीं होने दें.उक्त बातें श्री जीयर स्वामी ने अपने प्रवचन में कही। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को ईश्वर द्वारा प्राप्त शरीर और संसाधनों का कभी दुरुपयोग नहीं करना चाहिए. ऐसा करने से शक्ति और साधन क्षीण होते हैं और समाज, व्यक्ति को हेय दृष्टि से देखता है. प्रहलाद अपने पिता हिरण्यकश्यपु द्वारा लाख समझाने एवं प्रताड़ित करने के बावजूद भगवान से अलग नहीं हो रहे थे.हिरण्यकश्यप ने प्रहलाद को पहाड़ से गिरवाया, हाथी से कुचलवाया और विष पिलवाया लेकिन वे ईश्वर-कृपा से सुरक्षित रहे.हिरण्यकश्यपु की बहन होलिका ने तपस्या से एक ऐसी चादर प्राप्त की थी, जिसे ओढ़ने के बाद अग्नि का प्रभाव नहीं होता था। हिरण्यकश्यपु ने प्रहलाद को जलाने के लिए होलिका का उपयोग किया। होलिका जब प्रज्जवलित अग्नि में प्रह्लाद को लेकर बैठी तो प्रभुकृपा से ऐसी आंधी आयी चादर होलिका के शरीर से उड़कर प्रह्लाद के शरीर को ढक लिया। होलिक जल गयी और प्रहलाद बच गये। होलिका का उद्देश्य पवित्र नहीं था। इसलिए सहयोगी साधन भी विपरीत परिणाम दे दिया। भौतिक एवं अभौतिक साधनों को दूसरों के अहित में नहीं लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वाणी पर संयम रखना चाहिए. बिना सोचे-विचारे कुछ नहीं कहना चाहिए. इसीलिए नीति कहती है कि शास्त्रपूतं वदेत् वाचम् यानी शास्त्र के अनुकूल वाणी बोलनी चाहिए. मन से सोचकर वाणी बोलनी चाहिए। जो शिक्षा, भगवान, संत और शास्त्र के विरोधी हों, वह शिक्षा ग्राह्य नहीं है। उन्होंने कहा कि गलत आहार, गलत व्यवहार एवं शास्त्र-विरूद्ध विवाह के कारण जीवन मे शांति नही मिलती है। जीवन संकटमय हो जाता है। उन्होंने कहा कि बोलने और देखने की शैली अच्छी नही हो तो जीवन निराशापूर्ण हो जाता है।

# केतार पैक्स अध्यक्ष पद के लिए 4 उम्मीदवारों ने की नामांकन दाखिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** पंचायत सचिवालय केतार में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को पैक्स अध्यक्ष पद की चुनाव के लिए बीसीओ की अध्यक्षता में नामांकन दाखिल करने का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान पैक्स अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवारों ने अपना अपना नामांकन दाखिल बीसीओ मनोज प्रसाद गुप्ता के समक्ष किया। जिसमें अमरनाथ जयसवाल पिता स्व0 रूपनारायण साह, नीतीश कुमार पिता मिथिलेश कुमार गुप्ता, मिथिलेश कुमार गुप्ता स्व0 बैजनाथ प्रसाद गुप्ता, रवि कुमार रवि पिता अमरनाथ जयसवाल का नाम शामिल है। बीसीओ मनोज कुमार गुप्ता ने दाखिल हुए नामांकन पत्र को गहनता से जांच किया और जांच उपरांत चारों नामांकन पत्र को स्वीकृति दी गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज केतार पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया गया और आगामी 24 जुन को नाम वापसी का समय निर्धारित है इसके बाद एक से अधिक उम्मीदवार होने पर 4 जुलाई को वोटिंग करा कर मत की गिनती के पश्चात अध्यक्ष पद की घोषणा कर दी जाएगी। इस मौके पर पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार, पीएसआई संजय हेंब्रम,जेई आनंद कुमार,र ाजनाथ प्रसाद, यमुना प्रसाद, पंकज कुमार, सहित अन्य लोग शामिल थे।

## बड़े पैमाने पर हो रही खैर की लकड़ी की तस्करी

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रमना वन विभाग की टीम ने पुलिस के सहयोग से टंडवा बांकी नदी पुलिया के पुरब तट के से।एप से लोड करने के लिए रखे गए चार ट्रैक्टर खैर की लकड़ी को बुधवार की देर रात्री जब्त कर रमना स्थित वन परिसर कार्यालय ले आया है। जब्त किये गए खैर की लकड़ी का अनुमानित मुल्य दस लाख रुपए बताया गया है। प्रभारी वन पाल नीरज कुमार मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी गढ़वा को गुप्त सूचना मिलने के बाद उच्च पदाधिकारियो के निर्देश पर बुधवार को देर शाम रमना थाना के एएसआई विवेक पंडीत व जवानों के साथ टंडवा मे बांकी नदी पुलिया के समीप तट पर छापेमारी अभियान चलाया गया।

# एसबीआई पंडवा शाखा ने संध्या शिविर का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** एसबीआई पंडवा शाखा द्वारा मेरा गांव मेरा बैंक कार्यक्रम के तहत लोहड़ी में संध्या शिविर लगाया गया। शाखा के मैनेजर उमेश कुमार मेहता ने दी जानकारी। पलामू जिले अंतर्गत पंडवा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम लोहड़ी में मेरा गांव मेरा बैंक के तहत संध्या शिविर का आयोजन किया गया। संध्या शिविर में उपस्थित दर्जनों लोगो के बीच संबोधित करते हुए शाखा प्रबंधक उमेश कुमार मेहता ने बैंक के द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओ के बारे में जानकारी दी साथ ही उपस्थित लोगो के बीच उन्होंने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक के शाखा पंडवा की और से संध्या शिविर का आयोजन किया गया है उसका मुख्य उद्देश्य है लोगो के बीच में बैंक द्वारा दी जा रही सुविधा का विषय में जानकारी देना उन्होंने उपस्थित लोगो के बीच में मुद्रा लोन, केसीसी लोन, एक्सीडेंटल बीमा, नॉर्मल बीमा इत्यादि से संबंधित कई प्रकार की जानकारी लोगो के बीच में दी। मौके पर फील्ड ऑफिसर महेश कुमार ने बैंक द्वारा दी जा रही सुविधा के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला जबकि सामाजिक कार्यकर्ता रामपति मेहता ने कहा की भारतीय स्टेट बैंक शाखा पंडवा की और से लोगो को जो जानकारी मिल रही है उसका लाभ उठाने की जरूरत है साथ ही उन्होंने कहा कि केसीसी लोन किसानों को लेना जितना जरूरी है उतना समय पर भरना भी जरूरी होता है। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता धनंजय कुमार मिश्रा बैंक के रवि कुमार,गोपाल पांडेय,कृष्ण शर्मा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### हाजियों को कोलकाता से रांची एयरपोर्ट तक फ्लाइट से लाने की मांग

**रांची।** झारखंड राज्य हज कमिटी से रांची के समाजसेवी मोहम्मद इमरान रजा ने मांग किया है कि झारखंड के हाजियों को अपने मुल्क की वापसी के वक्त कोलकाता एयरपोर्ट से रांची एयरपोर्ट तक डायरेक्ट फ्लाइट से लाने की व्यवस्था किया जाए । ज्ञात हो कि कोलकाता में झारखंड के हाजियों को सेंट्रल हज कमिटी की लापरवाही से काफी परेशानी उठाना पड़ा। लिहाजा जो गलती इंतजामिया कमिटी ने पहले किया गया था, उसे सुधारते हुए बेहतर से बेहतर इंतजाम किया जाए, ताकि हाजी लोग जब खुदा के घर से वापस आए तो हज कमिटी का इंतजाम देखकर उनके दिलों से दुआ निकले।अगर कोलकाता से रांची एयरपोर्ट तक फ्लाइट का व्यवस्था हो जाएगा तो इससे हाजियों को और उनके घरवालों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल आज से शुरू

**रांची।**झारखंड की कला संस्कृति की विरासत को समृद्ध करने और उनका दृश्य-श्रव्य माध्यम से अभिलेखिकरण हेतु फिल्म निर्माण की विधा को जन सामान्य तक पहुंचाने का कार्य चित्रपट झारखंड लगातार कर रहा है। प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ दीपक प्रसाद ने बताया कि चित्रपट झारखंड का मुख्य उद्देश्य झारखंड के वैसे प्रतिभावान कलाकारों एवं अन्य को जिन्हे फिल्म निर्माण मे रुचि है उन्हे प्रशिक्षित कर फिल्म निर्माण के लिए प्रेरित करना तथा मार्गदर्शन देना है ताकि वे झारखंड की कला, संस्कृति, पर्यटन स्थल, जंगल, झरनों का फिल्मांकन कर अपनी विरासत को संरक्षित कर सकें और सोशल मीडिया के माध्यम से विश्व पटल पर रख सकें और साथ ही साथ इसे अपनी रोजी रोटी का जरिया भी बना सकें।इन्हीं तमाम पहलुओं को ध्यान में रखते हुए चित्रपट झारखंड के द्वारा 23, 24 एवं 25 जून 2023 को सरला बिरला विश्वविद्यालय में प्रदेश स्तर का तीन दिवसीय फ्फिल्म महोत्सव - 2023 का आयोजन किया जा रहा है।

# असामाजिक तत्वों पर रहेगी नजर, होगी त्वरित कार्रवाई : डीसी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नौशाद आलम, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर दीपक दुबे, अपर जिला दंडाधिकारी, रांची राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी बुण्डू अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक यातायात एचबी जमां, संबंधित पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं विभिन्न शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद का त्यौहार मनाने की बात कही गयी।

**शांति समिति के सदस्यों ने दिये सुझाव:** बैठक में सबसे पहले शांति समिति के सदस्यों ने बारी-बारी से बकरीद के दौरान बेहतर व्यवस्था को लेकर पूर्व के अनुभवों को साझा करते हुए अपनी-अपनी बातें रखीं और सुझाव दिये। साफ-सफाई, सुरक्षा, अवशेषों का निपटारा, पानी-बिजली की व्यवस्था और दूसरे पंथ के लोगों की भावनाओं का ख्याल करते हुए सभी ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की बात कही।

**सभी के सुझावों को बखूबी ध्यान रखा जायेगा- उपायुक्त:** उपायुक्त ने कहा कि सभी के सुझावों का बखूबी ध्यान रखा जायेगा। साफ-सफाई, वेस्टेज डिस्पोजल, पानी बिजली आदि की व्यवस्था बेहतर से बेहतर करने का प्रयास किया जायेगा। नगर निगम एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नगर निगम क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए उपायुक्त ने अतिरिक्त टैंकर की व्यवस्था करने के निदेश दिये। समिति के सदस्यों द्वारा भी दूसरे पंथ के लोगों की भावनाओं का ध्यान रखते हुए अपने स्तर से वेस्ट डिस्पोजल की बात कही गयी।

**माहौल अनुकूल बना रहे ये हम सबकी जिम्मेवारी-उपायुक्त:** बैठक में उपायुक्त ने कहा कि बकरीद के साथ ही त्यौहारों का सिलसिला प्रारंभ हो जायेगा, आगे मुहर्रम, ईदमिलादुन्नबी, दुर्गापूजा, दीपावली छठ आदि त्यौहार हैं, बकरीद के साथ रथयात्रा का अंतिम दिन भी है।

**स्थानीय स्तर पर शांति समिति की बैठक करें- एसएसपी:** वरीय पुलिस अधीक्षक, किशोर कौशल ने कहा कि पर्व के दौरान संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की पैनी नजर है। उन्होंने सभी थाना प्रभारी को स्थानीय स्तर पर बीडीओ, सीओ और शांति समिति के साथ बैठक करने के निदेश दिये।

**असामाजिक तत्वों पर रहेगी नजर, होगी कार्रवाई:** बैठक में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने कहा कि अफवाहों से दूर रहें, सोशल मीडिया पर कुछ भी पोस्ट करने से पहले सावधान रहें। एक दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखते हुए भ्रामक जानकारी को रोकने का काम करें और जो लोग अफवाहों को बढ़ा रहे हैं उनके बारे में पुलिस को जानकारी दें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर द्वेषपूर्ण, भ्रामक जानकारी शेयर करनेवालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# विधानसभा ने हाई कोर्ट को बताया, विधायकों की सात सदस्यीय कमेटी ने अब तक नहीं दी रिपोर्ट

*** विधानसभा में नमाज पढ़ने के लिए कक्ष आवंटन करने का मामला**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में गुरुवार को विधानसभा में नमाज पढ़ने के लिए कक्ष आवंटन करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई।

मामले में झारखंड विधानसभा की ओर से शपथ पत्र दायर कर बताया गया कि मामले को लेकर सात सदस्यों वाली कमेटी गठित की गई है, जिसकी रिपोर्ट अब तक नहीं आई है। इस पर हाई कोर्ट ने विधानसभा को पांच सप्ताह में कमेटी की रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। उनकी ओर से बताया गया है कि विधानसभा में सभी राजनीतिक पार्टियों में से सात विधायकों की एक कमेटी बनाई गई है, जो विधानसभा में नमाज कक्ष के बारे में रिपोर्ट देगी। पिछली सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि देश के अलग-अलग राज्यों के विधानसभा से नमाज कक्ष को लेकर एक रिपोर्ट मंगाई गई है।

उनकी रिपोर्ट के आधार पर कानूनी पक्ष को देखते हुए इस संबंध में बनी कमेटी अपना रिपोर्ट देगी। यह देखा जा रहा है कि देश के किन- किन राज्यों के विधानसभा में नमाज कक्ष की व्यवस्था है।उल्लेखनीय है कि झारखंड विधानसभा के भवन में मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिए नमाज पढ़ने के लिए वर्ष 2021 में कमरा आवंटित किया गया था। इसके बाद से यह मामला विवादों में है।

याचिकाकर्ता ने याचिका दाखिल कर कहा है कि झारखंड सेकुलर राज्य है। इसलिए किसी समुदाय विशेष के लिए विधानसभा में कक्ष नहीं होना चाहिए।

# मंतोष बेदिया को मिली नौकरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विगत 14 जून को रांची विश्वविद्यालय के सेन्ट्रल लाईब्रेरी भवन परिसर में छत के छज्जा गिरने से रामगढ़ जिला अन्तर्गत ग्राम अरमादाग निवासी इंजिनियर छात्र मंतोष बेदिया पिता सहजनाथ बेदिया का निधन हो गया था। इसके आलोक में सहजनाथ बेदिया के तृतीय पुत्र मंतोष बेदिया को गुरुवार को विश्वविद्यालय कार्यालय आदेशानुसार इतिहास विभाग प्रसाखा में तृतीय पद पर योगदान दिलाया गया। इस अवसर पर बेदिया विकास परिषद के केन्द्रीय उपाध्यक्ष जीतनाथ बेदिया, शहीद जीतराम बेदिया छात्र संघ अध्यक्ष ब्रजकिशोर बेदिया , उनके पिता सहजनाथ बेदिया, बड़े भाई संतोष बेदिया, अजय बेदिया, कुलदीप बेदिया, प्रोफेसर संगीता उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# धर्म और संस्कृति का मेल है जगन्नाथ महोत्सव : हिमांशु मोहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति ,खेलकूद एवं दिवाकर विभाग ,झारखंड सरकार के तत्वाधान में 20 जून 2023 को जगन्नाथपुर में भगवान जगन्नाथ रथ मेला के अवसर पर जगन्नाथ महोत्सव 2023 में 10 दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन हिमांशु मोहन निदेशक ,संस्कृति, उपनिदेशक सुरेंद्र कुमार ,पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, वरिष्ठ कलाकार महावीर नायक, चंद्र देव सिंह , कार्यक्रम समिति सदस्य पूर्व क्षेत्र संस्कृति केंद्र कोलकाता सह संयोजक जगन्नाथ महोत्सव ,वरिष्ठ कलाकार मनपूर्णन नायक ,राकेश रमन,देव दस विश्वकर्मा एवं डॉ जयकांत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं नगाड़ा बजाकर 10 दिवसीय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया । यह सांस्कृतिक कार्यक्रम 21 जून चलती मेला से घूरती मेला 29 जून तक चलेगा। जिसमें राज्य के नामचीन 10-10 कला दल प्रत्येक दिन अपनी प्रस्तुति देंगे।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित निदेशक हिमांशु मोहन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहे की या आयोजन धर्म और संस्कृति का एक अनमोल मेल है जहां धर्म और संस्कृति एक साथ आकर मिलती है।

# बकरीद पर्व के दौरान अफवाहो पर ध्यान नहीं दें : थाना प्रभारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** बकरीद पर्व को लेकर डेली मार्केट थाना परिसर में थाना अंतर्गत आने वाले सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बुद्धिजीवियों के साथ थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने शांति समिति की बैठक की । थाना प्रभारी ने बकरीद पर्व को लेकर सबसे बातें की और बकरीद पर्व सौहार्द, एकता, भाईचारे के साथ मनाने के लिए सभी से अपील की। थाना प्रभारी ने कहा कि बकरीद पर्व के दौरान जो अवशेष होता है उसे इधर-उधर नहीं फेकेंगे। नगर निगम से जो गाड़ी आएगी उसी में सारी गंदगी को जमा करेंगे । साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अफवाहों, सोशल साइट पर बहुत ध्यान नहीं देना है और आपत्तिजनक बातें,फोटो, वीडियो को व्हाट्सएप या फेसबुक पर अपलोड नहीं करना है। किसी तरह का कोई सूचना मिलती है तो तुरंत पुलिस से संपर्क करें, पुलिस को इसकी सूचना दे उसपर पुलिस कार्रवाई करेगी। इस मौके पर झारखंड फुटपाथ संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, फिरोज ,रुपेश जायसवाल , सुमंत कुमार, मो नसीम ,अमीन, अकबर सहित कई लोग शामिल थे।

# लोअर बाजार थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक काली स्थान रोड स्थित लोअर बाजार थाना में थाना प्रभारी दयानन्द कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई । मौके पर बकरीद पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया । थाना प्रभारी ने सभी को आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण तरीके के साथ पर्व को मनाने की अपील की । थाना प्रभारी दयानंद कुमार ने कहा कि बकरीद पर्व में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी व्यक्तियों की सहभागिता काफी महत्वपूर्ण है । पर्व के दिन निकलने वाला वेस्टेज सड़कों पर नहीं फेंकना है बल्कि रांची नगर निगम की गाड़ी का इंतजार करना है और गाड़ी में ही फेंकना है , ताकि किसी को तकलीफ ना हो । सभी लोगों ने सहयोग करने का भरोसा दिलाया । इस मौके पर गुलाम मुस्तफा , भास्कर वर्मा , फिरोज खान , सरफराज अहमद , रजी अहमद राजा, मो नसीम , शमीम कुरेशी , गणेश राम, कार्तिक राम , सुमन कुमार , गोपाल कुमार , मोहम्मद इनाम उर्फ गुड्डू , मोहम्मद परवेज , नाजिश मलिक और बुलंद अख्तर आदि उपस्थित थे ।

# कांके रिसोर्ट के इवेंट में 21 वर्ष से कम उम्र युवा परोस रहे थे शराब : उज्ज्वल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल तिवारी ने उत्पाद आयुक्त, रांची से मुलाकात कर विगत दिनों 17जून को कांके रिसोर्ट में आयोजित इवेंट कार्यक्रम में 21 वर्ष से कम उम्र के व्यस्कों को शराब परोसे जाने के संबंध में पत्र देकर अवगत कराया तथा संबंधित व्यक्ति पर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल तिवारी ने पत्र के माध्यम से उत्पाद आयुक्त को बताया कि कांके रिसार्ट, कांके, राँची में 17.06.2023 महाशय, को ब्लू स्टोन कंपनी द्वारा आयोजित संगीत कार्यक्रम में 21 वर्ष से कम उम्र व्यस्को को शराब परोसे जाने की सूचना दूरभाष पर प्राप्त हुई है एवं उक्त कार्यक्रम में शराब परोसे जाने को लेकर ही दो पक्षो के बीच मारपीट होने की सूचना भी प्राप्त हुई है। उज्ज्वल तिवारी ने उक्त संदर्भ में संज्ञान लेते हुए आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई करने की मांग की है।

इसके साथ ही मंत्री, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग,एवं रांची उपायुक्त को भी इसकी सूचना प्रतिलिपि के माध्यम से दी है।

# एटीएस ने भोला पांडेय गिरोह के चार साथियों को किया गिरफ्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एटीएस ने भोला पांडेय गिरोह के चार अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस की टीम ने कार्रवाई करते हुए बरियातू थाना क्षेत्र स्थित डीएन ग्रांड में छापेमारी करते हुए भोला पांडेय गिरोह के कुख्यात अपराधी सुधीर कुमार उर्फ टप्पू, सुबोध कुमार साहू, टिंकू सिंह और राजेश को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक नाइन एमएम पिस्टल, छह नाइन एमएम की जिंदा गोली, दो मैग्जीन, दो कार, नौ मोबाइल फोन और 39 हजार रुपये बरामद किया है। एटीएस को 20 जून को सूचना मिली थी कि एक नामचीन माइनिंग कंपनी के संचालक को पांडेय गिरोह के सरगना विकास तिवारी के सहयोगी एक व्यक्ति के द्वारा खुद को अनुज तिवारी बताते हुए फोन कर धमकी दी गई। धमकी में कहा गया कि मोरहाबादी स्थित ऑफिस को बंद कर दो, नहीं तो जान से जाओगे, मिली सूचना का तकनीकी विश्लेषण और जांच के बाद एटीएस ने रांची पुलिस के सहयोग से होटल डीएन ग्रांड में छापामारी कर चारों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।पांडेय गिरोह का कुख्यात अपराधी सुधीर कुमार उर्फ टप्पू गिरोह सरगना विकास तिवारी का मुख्य गुर्गा है, जो अबतक आठ आपराधिक कांडों में शामिल रहा है।

# योग लाभकारी है और हमें फिट रखने में मदद करता है : शिवम

**रांची:** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के मुख्यातिथि (ईंधन) और कोयला खनन परियोजना के निदेशक शिवम श्रीवास्तव ने कहा कि योग लाभकारी है और हमें फिट रखने में मदद करता है, यह सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया गया है और दुनिया भर में इसका अभ्यास किया जाता है। भारत में योग प्राचीन काल से चला आ रहा है, समय के साथ-साथ योगाभ्यास में नए-नए आविष्कार हुए हैं। इसे नियमित अभ्यास से जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचने के लिए निवारक दवा के रूप में माना जाता है।

# अल्पसंख्यक विद्यालयों के 800 शिक्षकों की नौकरी समाप्त : शिल्पी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने झारखंड मुख्य सचिव से अनुरोध किया है कि विभागीय निदेशक के द्वारा जारी अनेक अप्रासंगिक कार्यालय आदेशों के कारण अल्पसंख्यक विद्यालयों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संदर्भ में उन्होंने विशेष रूप से गत वर्ष जारी पत्र संख्या 1060 का जिक्र किया , जिसके कारण पिछले वर्ष 7 जून 2022 से 30 अगस्त 2022 तक अल्पसंख्यक विद्यालयों में नियुक्त 800 से अधिक सहायक शिक्षकों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा है जबकि उनमें से अनेक का वेतन निर्धारण भी हो चुका था। तिर्की ने मुख्य सचिव से अनुरोध किया कि वे विभागीय निदेशक कार्यालय द्वारा द्वारा जारी अनेक अप्रासंगिक आदेशों को संशोधित कर पुनः जारी करवाने का निर्देश दें, क्योंकि उसके कारण अल्पसंख्यक विद्यालयों के सामने चुनौतियां खड़ी हो गयी है।

उन्होंने कहा कि पत्र संख्या 1060 में विभागीय निदेशक के द्वारा यह कहा गया है कि सहायक शिक्षक की बजाय सहायक आचार्य की नियुक्ति की जानी थी जबकि वास्तविकता कुछ दूसरी है।

# 6 लोगों की हत्या के मामले में बहु कोलकाता से गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के रिवर्सा अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 1002 में एक साथ एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई थी इसमें एक बच्चा भी शामिल था। यह घटना दुर्गा पूजा के दौरान 9 अक्टूबर 2016 को घटी थी। इस घटना को लेकर पुलिस ने आत्महत्या की बात कही थी। लेकिन अब इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए एक को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि अपार्टमेंट में रहने वाले डॉ सुकांत सरकार की पत्नी अंजली सरकार, बेटे सुमित सरकार, सुमित की बेटी समिता सरकार, पार्थिव सरकार की पत्नी मौमिता सरकार और मौमिता की बेटी समिता सरकार के शव एक ही कमरे से पाए गए थे। वहीं डॉ सुकांत सरकार घायल अवस्था मे कमरे में पाए गए थे, जिनकी में बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस पूरे मामले मामले सात साल बाद रांची पुलिस ने उद्भेदन कर दिया और एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है।



**मधुमिता सरकार ही निकली आरोपी :** सेना के रिटायर डॉक्टर सुकांत सरकार ने ही परिवार के पांच सदस्यों को इंजेक्शन देकर मार डाला था और फिर खुद भी आत्महत्या कर ली थी। पुलिस को फ्लैट के जांच के दौरान कई पुर्जे भी मिले थे, जिनमें सभी छह की मौत की वजह बहू मधुमिता सरकार को बताया गया था। मधुमिता सरकार ने अपने ही पति, सास-ससुर सहित परिवार के दूसरे सदस्यों पर कई मामले दर्ज करवा रखे थे, जिनमें दहेज और प्रताड़ना प्रमुख थे।

पूरा परिवार मधुमिता के द्वारा दर्ज करवाए गए मामलों से बेहद परेशान रह रहा था। यहां तक कि कुछ एनजीओ के जरिए भी मधुमिता ने परिवार के लोगों के ऊपर कई तरह से दबाब डलवाए थे। बता दें कि इस दौरान मधुमिता सरकार के खिलाफ कई अहम सबूत और दस्तावेज पुलिस को हाथ लगी, जिसके बाद यह साबित हो गया, कि परिवार के मौत के पीछे बहू मधुमिता सरकार का ही हाथ था। मामले में बहु मधुमिता सरकार को रांची पुलिस ने कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया है, बहुत जल्द रांची लाया जायेगा।

# डीएसई सह डीईओ मिथिलेश केरकेट्टा से मिलकर स्वागत किया : शिक्षक संघ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ रांची इकाई द्वारा नवनियुक्त जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक रांची मिथिलेश केरकेट्टा से मिलकर संघ ने पुस्तक व पेड़ भेंट कर स्वागत किया गया। संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने डीएसई का स्वागत करते हुए शिक्षक समस्याओं को विस्तार से रखते हुए बताया कि शिक्षकों का वर्षो से प्रमोशन, बात बात पर शिक्षकों का वेतन बंद करना, मध्यान भोजन में बुकिंग कॉस्ट, जरूरतमंद गंभीर बीमार शिक्षकों का प्रतियोजन,समय संचिका का निष्पादन आदि आदि विभिन्न शिक्षक समस्याओं पर ध्यान आकर्षित कराया गया। उन्होंने भरोसा दिया की शिक्षक समस्याओं का निदान हर संभव कोशिश किया जाएगा ।स्वागत करने वालों में नसीम अहमद, संतोष कुमार, हरे कृष्ण चौधरी , राकेश कुमार, सलीम सहाय , कृष्णा शर्मा, रंजीत मोहन , अफसरुउद्दीन , योगेंदर द्विवेदी, सतीश बढ़ाईक, राजेश तिवारी , संतोष कुमार , जुबेर अहमद, तूफेल अंसारी , भीम सिंह, मुंडा मदन स्वासंसी, आदि लोग शामिल थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, शुक्रवार, 23 जून 2023 | पेज 4


## जिला खनन पदाधिकारी ने पिपरवार में चलाया छापेमारी अभियान

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास ने पिपरवार और टंडवा क्षेत्र मे बड़ी कारवाई की है।अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध उपायुक्त के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास द्वारा पिपरवार एवं टंडवा थाना क्षेत्र के नदी घाटों और आसपास के जंगलो मे छापेमारी अभियान चलाया।इस अभियान मे पिपरवार क्षेत्र मे अवैध बालु लदा एक ट्रेक्टर और टंडवा क्षेत्र मे दो ट्रेक्टर को जब्त किया गया।जब्त ट्रेक्टर को पिपरवार एवं टंडवा थाना को सुपुर्द कर आगे की कारवाई शुरू कर दी गई है।वहीं पिपरवार थाना क्षेत्र के पुलिस बल के साथ डीएमओ द्वारा लुकेइया एवं सरैया के जंगलों का निरीक्षण किया गया।इस संबंध मे डीएमओ गोपाल दास ने बताया कि पूर्व में सरैया जंगल मे जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा डोजरिंग किया गया था,जहां निरीक्षण के बाद उक्त स्थल की भी जांच की गई।जांच के दौरान उक्त स्थल पर अवैध खनन बंद पाया गया।उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर जिले में अवैध खनन नहीं होने दी जाएगी।इस छापेमारी अभियान में मुख्य रूप से जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास,पिपरवार थाना के अवर निरीक्षक रूपेश कुमार महतो सहित थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नम्बर खेल मैदान मे अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के मौके पर प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।चतरा ओलंपिक एसोसिएशन एवं गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है।इस संबंध मे गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के सचिव गणेश महतो ने बताया कि प्रतियोगिता की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है।इस प्रतियोगिता मे स्कूल,कॉलेज,क्लब एवं ग्रामीण एथलेटिक्स खिलाड़ी शामिल हो रहे है।इस प्रतियोगिता मे जुनियर एवं सीनियर बालक एवं बालिका आयु वर्ग के खिलाड़ी शामिल हो रहे है। इस प्रतियोगिता मे बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियो को जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मे शामिल होने का अवसर मिलेगा।साथ मे सबसे अधिक मेडल जीतने वाले स्कूल,कॉलेज एवं क्लब के विजेता एवं उप विजेता टीम को ऑवर ऑल चैम्पियनशिप बड़ा ट्रॉफी कप दिया जाएगा।अभी तक इस प्रतियोगिता मे जो भी खिलाड़ी अपना पंजीकरण नही करा पाएं है,उसे जल्द से जल्द गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय मे आकर अपना पंजीकरण कराने की अपील की।साथ ही सभी खिलाड़ियो से सुबह 7 बजे 4 नम्बर मैदान मे उपस्थित होने की अपील की।इस प्रतियोगिता मे 10 वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक के बच्चे जुनियर वर्ग मे एवं 15 वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक के खिलाड़ी सीनियर वर्ग मे शामिल होगे।



## किसान गोष्ठी का आयोलन

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नवागढ़ पंचायत के रंगामाटी बरवाटोली में आज वृहस्पतिवार को प्रखण्ड तकनिकी पदाधिकारी अनगड़ा नीरा सविता जोजो ने किसान गोष्ठी आयोजित कर कृषि विभाग की और से संचालित योजनाओं एवं जैविक कृषि से होने वाले लाभ एवं वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष कर पी.एम किसान योजना, के.सी .सी, किसान सम्मान निधि योजना आदि के बारे जानकारी दी। इसके साथ भोजन में मोटे अनाज का उपयोग करने की सलाह दी। इस अवसर पर नवागढ़ मुखिया भुवनेशवर बेदिया, संतोष बेदिया, सुरेश कुमार महतो, नरेन्द्रनाथ बेदिया, संजय बेदिया, ग्राम प्रधान महाबीर बेदिया, हरिचरण बेदिया, सुखदेव बेदिया, वार्ड सदस्य गीता देवी, अनिता देवी, रीता देवी, आदि के अलावा अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।



## झामुमो जिलाध्यक्ष जुबेर अहमद की अध्यक्षता में संगठन की मजबूती को लेकर की गई बैठक

प्रभात मंत्र संवादाता

**खूंटी :** डाक बंगला परिसर खूंटी में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ज़िलाध्यक्ष जुबैर अहमद के अध्यक्षता में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा समिति की बैठक हुई। जिसमें सदस्यता अभियान की समीक्षा के साथ-साथ पार्टी संगठन की मज़बूती पर विचार विमर्श किया गया। आज की बैठक में निर्णय लिया गया कि दिनाँक 26-06-2023 दिन सोमवार को खूँटी के तमाडू मोड़ बाजार टाँड़ में समय 10 बजे से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जो सदस्यता रसीद ?? ले गये हैं । उसका अधकटी दिनाँक 30-06-2023 दिन शुक्रवार तक 20 बीस सूत्री जिला कार्यालय में जमा कर दें। इस बैठक में मुख्य रूप से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के खूँटी ज़िलाध्यक्ष जुबैर अहमद केन्द्रीय सदस्य मक़सूद अंसारी, भोला नाथ लाल, सुदीप गुड़िया, हेमंत तोपनो, सुशील पहान, स्नेहलता कन्डुलना, ऊषा धान, सह ज़िला उपाध्यक्ष मंगन मंजीत तिड़ू, सचिव गुलशन सिंह मुण्डा, सह सचिव मोजीर अंसारी, सदस्य विरेंद्र सिंह, तमाड़ विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल ज़िला सोशल मीडिया प्रभारी राहुल केशरी, जिला संगठन सचिव प्रदीप केशरी, ज़िला छात्र मोर्चा डेविड हमसोय, महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष सीता नाग, बुद्धिजीवी महासचिव संजय यादव, ज़िला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, किसान मोर्चा तोरपा अध्यक्ष दीपक कुमार राय, सचिव महेंद्र सिंह मुण्डा, सह सचिव आलोक रितेश डुंगडुंग, खूँटी प्रखण्ड प्रमुख सोशल मीडिया प्रभारी संदीप तिड़ू, सदस्य सीमा कुमारी, कर्रा प्रखण्ड अध्यक्ष शेख़ फ़िरोज़ ,लापा पंचायत अध्यक्ष बाका लकड़ा, मुरहू प्रखण्ड अध्यक्ष सनिका बोदरा, उपाध्यक्ष सलन ओड़या, सोशल मीडिया प्रभारी कुंवर सिंह मुण्डरी, तोरपा प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष अमृत हेमरोम, अध्यक्ष रूवेन तोपनो, सदस्य जयदीप तोपनो, सिंगराय कन्डुलना, फ़िरोज़ अंसारी, सुहैल अंसारी, सदस्य विजय संगा, सुभाष कोनगड़ी, विमल पहान, मोहम्मद अंसारी, गोपाल मुण्डा, नोतरोत पुर्ति, विरेंद्र कुमार, संजय भेंगरा, जिब्रियल मिया, बान मुण्डा, संतोष कुम्हार, लछ्वा लोहरा, संतोष महतो, राम महतो, लक्ष्मी नारायण साहू, विशु मुन्डरी, उदय चौधरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## आजसू पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकताओं ने अस्पताल में फल ब्रेड का किया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बुंडू :** रांची जिला अंतर्गत बुंडू में आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार आजसू पार्टी के स्थापना दिवस पर गुरुवार की सुबह एन एच 33 रांची टाटा रोड़ पर अवस्थित बुंडू स्थित ट्रामा सेंटर (अस्पताल)में धात्री माताओं और बहनों के बीच ब्रेड एवं फल का वितरण आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया।इस दौरान पार्टी के तमाड़ विधानसभा प्रभारी रामदुर्लभ सिंह मुंडा एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य सुनील कुमार जायसवाल की अगुवाई में पार्टी के कार्यकर्ता सह पुर्व बुंडू प्रखंड के उपप्रमुख दीलीप साहू, नंदकिशोर महतो,सोमा मुंडा,कड़िया मुंडा,हेमंत महतो,दुर्लभ महतो आदि इस जनकल्याणकारी कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी भागीदारी निभाई।



## सिंगपुर मैरिज हॉल का उद्घाटन किया गया

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार के दिन मुरी गोला रोड के किनारे सिंगपुर मैरिज हॉल का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद सदस्य सुशील महतो के द्वारा किया गया। मैरिज हॉल को काफी आकर्षक एवं सुसज्जित तरीके से सजाया गया था। उद्घाटन के पश्चात मैरिज हॉल के संचालक गोवर्धन महतो एवं रोहिना महतो ने बताया कि यह मैरिज हॉल ग्रामीण क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह मैरिज हॉल आज के वर्तमान समय को देखते हुए सभी सुख-सुविधाओं से लैस है। किसी भी प्रकार के प्रोग्राम करने से यहां किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी। बिजली तथा पानी भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेगी। इस मौके पर निरंजन महतो, वार्ड सदस्य उर्मिला देवी, चंद्र मोहन महतो, नेहा महतो समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।


## जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

### मत्स्य कृषकों के लिए मछली–सह–बत्तख पालन हेतु आम सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–24 में विभागीय राज्यादेश सं0 04 रा0 (वि0) दिनांक 08.05.2023 के आलोक में समेकित मत्स्य पालन योजना अन्तर्गत (मछली–सह–बत्तख पालन) जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार को निम्न प्रकार से भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य प्राप्त है जिसके लिए दिनांक 21.07.2023 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

| क0 सं0 | स्वीकृत कार्य | भौतिक लक्ष्य (यूनिट में) | इकाई लागत (रू0 में) | अनुदान की राशि प्रति इकाई (रू0 में) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मछली सह बत्तख पालन | कुल–04 (796– 3 अ0ज0जा0 796– 1 अन्य) | 153350/– प्रति 0.4 हेक्टेयर जलक्षेत्र | अनु0ज0जा0 एवं महिला लाभुक को राज्य सरकार का अनुदान 80 प्रतिशत अधिकतम 122680/– रू0 प्रति लाभुक होगा तथा शेष अंशदान लाभुक का होगा। | |
| | | | | अन्य सामान्य वर्ग के लाभुक को राज्य सरकार का अनुदान 70 प्रतिशत अधिकतम 107345/– रू0 प्रति लाभुक होगा तथा शेष अंशदान लाभुक का होगा। | |

नोट– उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक लाभुक अपना आवेदन के जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार में निर्धारित तिथि तक प्रत्येक कार्य दिवस में अपना आवेदन निम्न कागजातों के साथ संलग्न कर जमा करेंगे–

- स्थानीय ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा प्रमाणित निजी तालाब धारक होने का प्रमाण पत्र।
- लाभुक के साथ तालाब का फोटोग्राफ।
- अनु0ज0जा0 के आवेदक का जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आवासीय प्रमाण पत्र की छाया प्रति, आधार कार्ड की छाया प्रति एवं मत्स्य पालन प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र यदि हो तो।
- प्रस्तावित स्थल आबादी के नजदीक हो एवं लाभुक का अपना तालाब (प्राथमिक्ता 1.00 एकड़ अथवा उससे बड़े तालाब) हो अथवा वित्तीय वर्ष 2022–23 से तीन वर्षो के लिए लीज पर हो। लीज से संबंधित दस्तावेज या प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- जिला मुख्यालय के नजदीक के लाभुकों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि अनुश्रवण सुविधा हो।
- आर0एफ0एफ0 के पास के लाभुक भी आवेदन कर सकते हैं, जो आर0एफ0एफ0 के लाभुक सकिये हो तथा बैंक खाता संचालित हो।
- मछली सह बत्तख पालन के लिए आवेदन में उनके घर से तालाब की दूरी का जिक्र होना आवश्यक है, जिनका तालाब घर के नजदीक होगा, उन्हें चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।
- लाभुक के पास निजी / सरकारी सदाबहार तालाब होना आवश्यक है।
- समाचार पत्रों में दिये गये विज्ञापन के उपरांत प्राप्त आवेदनों में लाभुकों का चयन जिला स्तर पर सुरक्षित जमा निर्धारण समिति के द्वारा किया जाएगा।
- लाभुकों का चयन सुरक्षित जमा निर्धारण समिति द्वारा किया जाएगा तथा समिति का निर्णय अंतिम होगा, किसी भी त्रुटि पूर्ण आवेदन को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
- **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि– दिनांक 21.07.2023 तक।** अंतिम तिथि के बाद आवेदन जमा करने पर आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी, लातेहार

PR300637 (Fish)23-24*D


## छात्रों ने ओलिंपियाड में दिखाई अपनी प्रतिभा

**राँची :** विश्व के सबसे बड़े ओलिंपियाड, साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलिंपियाड 2022 -23 में दुर्गापुर के तीन छात्रों ने साइंस ओलंपियाड परीक्षा में इंटरनेशनल रैंक हासिल की है। नेशनल साइंस ओलंपियाड में डीएवी मॉडल स्कूल से चौथी कक्षा की छात्रा शताविशा दासगुप्ता और हेम शीला मॉडल स्कूल से सातवीं कक्षा के छात्र इंद्रशीष दत्ता ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में अंतरराष्ट्रीय रैंक 1 हासिल किया, जिसमें शताविशा दासगुप्ता को 50 हजार रुपये , गोल्ड मैडल और सर्टिफिकेट दिया गया। इसके अलावा इंद्रशीष दत्ता को गोल्ड मैडल और सर्टिफिकेट दिया गया। एचईएम शीला मॉडल स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र सैकत देबनाथ ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में तीसरा स्थान हासिल करने पर ब्रोंज मैडल और सर्टिफिकेट दिया गया।

## कोयलांचल में जोरदार बारिश के बाद घंटो बाधित रही विद्युत आपूर्ति

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में गुरुवार की देर शाम को हुई जोरदार बारिश से क्षेत्र के आवासीय कॉलोनी सहित ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई।वही लोगों को भीषण भरी गर्मी से राहत मिली है। जानकारी के अनुसार देर शाम से अचानक मौसम ने अपना मिजाज बदलते हुए तेज हवा के साथ तेज गर्जन और जोरदार बारिश हुई।तेज हवाओं और बारिश के बाद यहां का मौसम काफी सुहावना हो गया।वही क्षेत्र के आवासीय कालोनी सहित ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई।समाचार लिखे जाने तक कोयलांचल क्षेत्र में बारिश जारी है ।


## झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, एवं प्रशिक्षण विभाग

### जिला नियोजनालय, गढ़वा

### दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत मिनी रोजगार मेला-जून-2023

### सूचना

राज्य के बेरोजगार युवाओं / युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, राँची के तत्वाधान में जिला नियोजनालय,गढ़वा द्वारा दिनांक–26.06.2023 को पूर्वाहन 10.30 बजे से 4.00 अपराहन् तक जिला नियोजनालय, गढ़वा के परिसर में "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत मिनी रोजगार मेला– 2023" आयोजित किया जा रहा है।

रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख निजी नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| SL. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification Essential | Qualification Desirable | Experience | Age | Salary Remarks | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | Kismati Collage of Nursing Meral. Garhwa | Clerk | 04 (F) | 12th Pass | Computer | 2 yr | 18-25 yr | 6000-8000/- | Garhwa, Jharkhand |
| | | Tutor | 2(F) | B.Sc. Nursing | - | 2yr | 22-35 yr | 12000/- | |
| 02 | Vananchal Institute of Health Edu. & Research / Vananchal School of Nursing / Vanachal Collage Of Science Dinesh College of Education / Vananchal Dental Collage and Hospital Devki Mahaveer Homoeopathic Medical College & Research Hospital, Farathiya Garhwa. | | | | | | | | |
| | | Lecturer | 88 | M.A/ Ph.d/MBBS/ MD/MS etc. Concerned Subject | - | - | Upto 65 yr | As Per Norms. | Garhwa, Jharkhand |
| | | HOD | 01 | PG in Soci. | M.Ed | 5yr | Upto 65 yr | As Per Norms. | |
| | | Professor And Reader | 49 | M.A/ Ph.d/MBBS/ MD/MS etc. Concerned Subject | - | 4yr | Upto 65 yr | As Per Norms. | |
| | | Principal and Vice Principal | 02 | B.sc/M.sc. etc. Concerned Subject | - | 3-5 yr | Upto 65 yr | As Per Norms. | |
| | | Tutor | 10 | B.sc/M.sc./Nursing /Diploma etc. Concerned Subject | - | 2yr | Upto 65 yr | As Per Norms. | |
| | | Clerk Cum Computer Operator | 09 | Graduation | Computer | - | Upto 60 yr | As Per Norms. | |
| | | Store Keeper | 01 | Graduation | Computer | - | Upto 45 yr | As Per Norms. | |
| | | Electrician | 03 | ITI (Elect.) | - | - | Upto 45 yr | As Per Norms. | |
| | | Plumber | 02 | Matric | - | - | Upto 60 yr | As Per Norms. | |
| | | Gardener | 02 | Matric | - | - | Upto 45 yr | As Per Norms. | |
| | | Cook Male/Female | 04 | Matric | - | - | Upto 45 yr | As Per Norms. | |
| | | Hostel Warden | 02 | Graduation | - | - | Upto 45 yr | As Per Norms. | |
| | | Care Taker | 01 | Graduate | - | - | Upto 45 | As Per Norms. | |
| | | Guard Male/Female | 03 | Matric | - | - | Upto 45 yr | As Per Norms. | |
| 03 | Fusion Micro Finance Pvt. Ltd. Garhwa | RO | 04 | 12th pass | - | - | 18-30yr | 11900/- | Garhwa, Jharkhand |
| | | SRO | 04 | 12th Pass | - | - | 18-30yr | 12200/- | |
| 04 | Nirmala Job Employment agency Patna. Bihar | Branch Manager | 05 | Graduate | - | 1yr | 18-35 yr | 15000/- | Out of Jharkhand |
| | | Computer Operator | 20 | 12th Pass | Computer | - | 18-35yr | 9000/- | |
| | | IT Technician | 80 | 12th Pass | ITI | - | 18-35yr | 20000/- | |
| | | Security Guard | 40 | 10th Pass | - | - | 18-50yr | 15296/- | |
| | | Tele Caller | 40 | 12th Pass | - | - | 18-35yr | 9000/- | |
| | | Driver | 30 | 10th Pass | - | - | 18-40yr | 12000/- | |
| 05 | JYOTI HOSPITAL MERAL GARHWA | ANM Nurse | 02 | ANM | - | - | Up to 45yr | 8,000/- | Garhwa, Jharkhand |
| | | Staff Nurse | 02 | GNM | - | - | Up to 30yr | 9,000/- | |
| | | Guard | 01 | 10th pass | - | - | Up to 40yr | 7,000/- | |
| | | Sweeper | 01 | Non Metric | - | - | Up to 40 yr | 7,000/- | |
| 06 | IPS Group Mumbai. | Assistant Technician | 35 | ITI (Fitter,Welder, Electrician) | 10th Pass | 1Yr | 18-30 yr | 18000-22000/- | Out of Jharkhand |
| | | Quality Inspector | 75 | ITI (Fitter,Welder, Electrician) | 10th Pass | - | 18-30 yr | 15000-17000/- | |

मेला में भाग लेने वाले नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी से संबंधित सूचना गढ़वा जिला के वेबसाईट – www.garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

मेला में भाग लेने के योग्य एवं ईच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से करा लें, या नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in पर जाकर स्वंय कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। साथ ही नियोजक / नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्र,स्थानीय निवास प्रमाण पत्र आदि अन्य प्रमाण पत्रों की छाया प्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षत्कार हेतु उपस्थित हों। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का भत्ता देय नही होगा।

नोटः– सभी नियोक्ता झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगें।

निवेदक

जिला नियोजन पदाधिकारी, गढ़वा

PR 300575 Labour Employment and Traning (23-24)_D



## जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

### मत्स्य पालकों के लिए आवश्यक सूचना का प्रकाशन

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय के आदेश के आलोक में लातेहार जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2020–21 में भारत सरकार के मात्स्यिकी पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग के द्वारा नई योजना "प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना" की शुरूआत की गई है। यह नीली क्रांति के माध्यम से नीली क्रांति लाने की एक योजना है।

उक्त योजना का मुख्य उद्देश मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, गुणवता तकनीकी आधारभूत संरचना एवं प्रबंधन के अन्तर को पाटना, मूल्य श्रृखला का आधुनिकीकरण एवं सदृढ़ीकरण, मजबूत मत्स्य पालन प्रबंधन ढांचा का स्थापना एवं मछुआरों का कल्याण है, जिससे मछुआरे एवं मत्स्य कृषकों की आय दुगुनी करने एवं रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस प्रकार यह सामाजिक, भौतिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में सहायक होगा। इस योजना के अन्तर्गत Centrally Sponsored Component जो की केन्द्र एवं राज्य के द्वारा लागू प्रत्यक्ष लाभार्थ उन्मुख अर्थात व्यक्तिगत / समूह गतिविधियों या ग्रुप में की जाएगी, जिसकी सूची Funding Pattern के साथ निम्नवत् होगी। आवेदन जमा कार्यालय अवधि में समय 4.00 बजे अपराह्न तक की जा सकती है।

इस योजना के अन्तर्गत चिन्हित लाभुक जनित कार्यक्रमों की सूची निम्नांकित है :–

| क0 सं0 | योजना का नाम | इकाई | अनुमानित लागत (लाख में) | सामान्य के लिए सरकार द्वारा (केन्द्र एवं राज्य सरकार अनुदानित 40%) (लाख में) | अ0ज0जा0 / अ0जा0 एवं महिला के लिए सरकार द्वारा (केन्द्र एवं राज्य सरकार) अनुदानित 60% (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्प हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 2 | स्कैम्पी हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 3 | नये रियरिंग तालाब निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब) | हे0 में | 07.00 | 2.80 | 4.20 |
| 4 | नये ग्रो आउट तालाब निर्माण | हे0 में | 07.00 | 2.80 | 4.20 |
| 5 | मिश्रित मत्स्य पालन/पंगेषियष एवं तिलापिया पालन आदि के लिए इनपुट (उपरोक्त अंकित नये ग्रो आउट तालाबों के निर्माण में) | हे0 में | 04.00 | 1.60 | 2.40 |
| 6 | बायोफ्लॉक तालाबों का निर्माण (4.0 लाख प्रति हे0 इनपुट सहित) | 0.1 हे0 | 14.00 | 5.60 | 8.40 |
| 7 | जलाशय में अंगुलिकाओं का संचयन @1000 आंगुलिकायें प्रति हे0 (3.00 लाख/1.00 अंगुलिकाओं हेतु) | हे0 में | @Rs.03/ Fingerling | @Rs1.20/ Fingerling | @Rs.1.80/ Fingerling |
| 8 | बैकयॉर्ड सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली की रियरिंग इकाई | (सं0 में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 9 | मध्यम आकार के सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों की रियरिंग इकाई | (सं0 में) | 8.00 | 3.20 | 4.80 |
| 10 | समेकित सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली इकाई(ब्रीडिंग एवं रियरिंग हेतु) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 11 | मीठे जल हेतु सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों में ब्रूड बैंक की स्थापना | (सं0 में) | 100.00 | 40.00 | 60.00 |
| 12 | मात्स्यिकी संबंधी मनोरंजक गतिविधियों को प्रोत्साहन (Promotion Of Recreational Fisheries) | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 13 | बड़े आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (कम से कम 90 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 08 अैंक एवं 40 टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 14 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उँचाई के 50 टैंक वाले बड़े बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 15 | मध्यम आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (कम से कम 30 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10 टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 16 | 04 मी0 व्यास एवं 1 मी0 उँचाई के 25 टैंक वाले मध्यम बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 17 | छोटे आकार के आर0ए0एस0 (रिसर्कूलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (100 $मी0^3$ क्षमता का 1 टैंक) | (सं0 में) | 7.50 | 3.00 | 4.50 |
| 18 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उँचाई के 7 टैंक वाले छोटे बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 7.50 | 3.00 | 4.50 |
| 19 | बैकयॉर्ड मिनी आर0ए0एस0 (रिसर्कूलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना | (सं0 में) | 0.50 | 0.20 | 0.30 |
| 20 | जलाशयों में केज अधिष्ठापन | (सं0 में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 21 | आर0एफ0एफ0/पेन कल्चर द्वारा मत्स्य पालन | हे0 में | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 22 | कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण। | (सं0 में) | 40.00 | 16.00 | 24.00 |
| 23 | कम से कम 20 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) आईस प्लांट निर्माण। | (सं0 में) | 80.00 | 32.00 | 48.00 |
| 24 | कम से कम 30 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) आईस प्लांट निर्माण। | (सं0 में) | 120.00 | 48.00 | 72.00 |
| 25 | कम से कम 50 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) आईस प्लांट निर्माण। | (सं0 में) | 150.00 | 60.00 | 90.00 |
| 26 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) आईस प्लॉट का आधुनिकीकरण | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 27 | रेफ्रिजेरेटेड वाहन | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 28 | ईन्सुलेटेड वाहन | (सं0 में) | 20.00 | 8.00 | 12.00 |
| 29 | आईस बॉक्स युक्त मोटर साईकल, | (सं0 में) | 0.75 | 0.30 | 0.45 |
| 30 | आईस बॉक्स के साथ साईकल, | (सं0 में) | 0.10 | 0.04 | 0.06 |
| 31 | मछली बिक्री के लिए आईस बॉक्स के साथ 3 पहिया वाहन (ई–रिक्शा भी) | (सं0 में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 32 | जिन्दा मछली बिक्री केन्द्र | (सं0 में) | 20.00 | 8.00 | 12.00 |
| 33 | लघु फिश फिड मिल (प्रतिदिन 2 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 30.00 | 12.00 | 18.00 |
| 34 | मध्यम फिश फिड मिल (प्रतिदिन 08 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 100.00 | 40.00 | 60.00 |
| 35 | वृहत फिश फिड मिल (प्रतिदिन 20 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 200.00 | 80.00 | 120.00 |
| 36 | फिश फिड प्लांट (प्रतिदिन कम से कम 100 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 650.00 | 260.00 | 390.00 |
| 37 | खुदरा मछली बाजार का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम बाजार सहति) | (सं0 में) | 100.00 | 40.00 | 60.00 |
| 38 | फिश कियोस्क का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारित मछली एवं एक्वेरियम सहित) | (सं0 में) | 10.00 | 4.00 | 6.00 |
| 39 | मछली के मूल्य सवंर्धित उत्पाद इकाई (फिश वैल्यू एडेड इन्टरप्राईजेज) | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 40 | मछली एवं मछली उत्पादों की ई–ट्रेडिंग एवं ई–बाजार हेतु ई–प्लेटफॉर्म | DPR (Detailed Project Report)/SCP (Self Contained Proposal) पर आधरित | | | |
| 41 | Establishment of Disease diagonostic and quality testing labs (मछलियों की बिमारी की पहचान एवं गुणवत्ता की जॉच हेतु प्रयोगशाला की स्थापना) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 42 | Establishment of Disease diagonostic and quality testing Mobile labs/Clinics(मछलियों की बिमारी की पहचान एवं गुणवत्ता की जॉच हेतु चलंत प्रयोगशाला/क्लीनिक की स्थापना) | (सं0 में) | 35.00 | 14.00 | 21.00 |
| 43 | Traditional Fishermen के लिए नाव (Replacement) एवं जाल | (सं0 में) | 05.00 | 2.00 | 3.00 |
| 44 | प्रसार एवं सहयोग सेवायें (मत्स्य सेवा केन्द्र) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 45 | Bivalve Cultivation (Pearl Culture) (भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किये जाने पर ) | (सं0 में) | 0.20 | 0.08 | 0.12 |
| 46 | आर्थिक रुप से कमजोर पारंपरिक मछुआरों हेतु मछली शिकारमाही पर प्रतिबंध के समय आर्थिक सहयोग | (सं0 में) | केन्द्रांश–1500 रु0 + राज्यांश–1500 रु0 + लाभुक अंशदान–1500 रु0= 4500 रु प्रति वर्ष | | |
| 47 | मछुआरों का बीमा | (सं0 में) | बिमित द्वारा कोई प्रीमियम देय नहीं | | |
| 48 | लाभुक को अपने आवेदन में अंकित परियोजना का विस्तृत परियोजना प्रस्ताव (DPR) अपने खर्च पर बनवाकर जमा करना होगा। | | | | |

वित्तीय वर्ष 2024–25 में उक्त योजना के अन्तर्गत लाभ लेने के लातेहार जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने वाले इच्छुक व्यक्तियों से जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन जमा कार्यालय अवधि में समय 4.00 बजे अपराह्न तक की जा सकती है।

**नोट** :– यह प्रारंभिक चरण है, जिसके अन्तर्गत योजना के इच्छित कार्य एवं लक्ष्य निर्धारण की कारवाई की जा रही है। योजना के प्रशानिक अनुमोदन के पश्चात् ही इसे कार्यरूप दिया जाएगा। इस योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में नोटि्स बोर्ड से प्राप्त किया जा सकता है।

PR.NO.300633 Fish(23-24):D

जिला मत्स्य पदाधिकारी, लातेहर।

## टाटा स्टील ने जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शहरवासियों के साथ मनाया योग दिवस



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समुदाय के भीतर स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, टाटा स्टील ने आज जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इंटरैक्टिव योग सत्र का आयोजन किया। उत्तम सिंह, वाइस प्रेसिडेंट (आयरन मेकिंग), टाटा स्टील ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। शहरवासियों के शारीरिक और मानसिक कल्याण के लिए अपनी प्रतिबद्धता के तहत, टाटा स्टील ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में समर्पित योग कॉर्नर की स्थापना की। योग विशेषज्ञ अरविंद प्रसाद द्वारा सुबह के योग सत्र मे 1200 से अधिक लोगों ने भाग लिया। वहीं एक कार्यक्रम रोज गार्डन (बर्न केयर यूनिट के पास) टाटा मेन अस्पताल में आयोजित किया गया था। संचालन योग प्रशिक्षक आरपीएस यादव ने किया। सत्र में 60 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। सेफ्टी एंड सिक्योरिटी विभाग ने भी योग सत्र आयोजित किए जिसमे 250 कर्मचारियों ने भाग लिया। टाटा स्टील वर्क्स के कर्मचारियों के लिए व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा विभाग ने स्टीलेनियम हॉल में एक विशेष सत्र का आयोजन किया।

## ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन ने किया एक घर, एक वृक्ष अभियान का शुभारंभ



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन की ओर से एक-घर, एक-वृक्ष अभियान की शुरुआत की गई है। इसके तहत गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत नेंगटासाई गांव में संस्था के झारखंड प्रदेश प्रमुख आकाश महतो व उनके सदस्यों द्वारा नीमडीह क्षेत्र के परगामा निवासी युवा कवि, लेखक व गीतकार गुरुचरण महतो को उनके विवाह समारोह के मौके पर गिफ्ट के रूप में एक पौधा भेंट किया गया। इस दौरान समाज के लोगों को भी जागरुक करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की गई। आवाह्न किया। इस दौरान डोमन महतो, संदीप महतो, पुष्पा कुमारी, खगेंद्र सिंह मुंडा, बबलु महतो, इंद्रजीत महतो, तापस महतो समेत संस्था के कई सदस्य मौजूद थे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक 27 को

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 को लेकर सहायक निबन्धक निर्वाचन पदाधिकारी सह गम्हरिया के अंचलाधिकारी मनोज कुमार द्वारा आगामी 27 जून को एक बैठक बुलाई गई है। गम्हरिया प्रखंड सभागार में पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित उक्त बैठक में प्रखंड के सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य तथा आदित्यपुर नगर निगम के सभी पूर्व वार्ड पार्षदों व गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। सीओ ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के कार्यान्वयन को सफल बनाना है।

## जुबली पार्क में जेसीआई की महिलाओं ने किया योग का अभ्यास



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान की ओर से अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर जुबली पार्क में योग का अभ्यास किया गया। योग प्रशिक्षक अमितेश कुमार सिंह ने योग का अभ्यास कराया। साथ ही कहा कि योग का अभ्यास शांत वातावरण में आराम के साथ शरीर एवं मन को शिथिल करके किया जाना चाहिए। उन्होंने शरीर और मन, दोनों को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए रोजाना 30 मिनट तक नियमित रूप से योगासनों के अभ्यास की सलाह दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कविता धूत, संगीता काबरा, चांदनी, मोनिका, किरण, पूजा, मंजू, अंजू मोदी, बीना देबुका आदि सदस्य उपस्थित थे।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने लोगों को किया आगाह, कंपनी में नौकरी के लिए बिचौलियों से बचें

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील यूआईएसएल ने घोषणा की है कि वह बिचौलियों के माध्यम से कोई नियुक्ति नहीं करता है। कंपनी ने कहा है कि भर्ती संबंधी सभी गतिविधियाँ उसके मानव संसाधन विभाग द्वारा नियंत्रित की जाती हैं, और इस संबंध में सभी संचार कंपनी की आधिकारिक ईमेल आईडी के माध्यम से किया जाता है । कंपनी ने नौकरी चाहने वालों से आग्रह किया है कि वे टाटा स्टील यूआईएसएल से जुड़े होने का दावा करने वाले किसी भी मध्यस्थ से न जुड़ें। सभी नियुक्तियाँ पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया के आधार पर की जाती हैं, और चयन पूरी तरह से योग्यता पर आधारित होता है । टाटा स्टील यूआईएसएल हमेशा नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं के लिए प्रतिबद्ध रही है। पारदर्शिता और नैतिक भर्ती प्रथाओं पर कंपनी के फोकस ने एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है ।

## गोलमुरी नियोजनालय में लगे रोजगार मेला से 116 का विभिन्न कम्पनियों में चयन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवर प्रादेशिक नियोजनालय, गोलमुरी, जमशेदपुर के कार्यालय परिसर में जिले के विभिन्न नियोजकों से प्राप्त कुल 2848 रिक्तियों के विरूद्ध एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। इसमें योग्यता दसवी से लेकर इन्टर, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक तक अभ्यार्थियों ने भाग लिया। उक्त रोजगार मेला में लगभग 1000 अभ्यार्थियों के द्वारा भाग लिया गया। नियोजकों के द्वारा कुल 488 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट तथा कुल 116 उम्मीदवारों का चयन किया गया । बम बैजु, नियोजन पदाधिकारी तथा कार्यालय के कर्मियों के देख-रेख में उक्त रोजगार मेला सफल संचालन किया गया।

# डीसी व पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में नारको कोआर्डिनेशन सेंटर की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय सभागार मे उपायुक्त अरवा राजकमल एवं पुलिस अधीक्षक आनंद प्रकाश के संयुक्त अध्यक्षता में नारको कोऑर्डिनेशन सेंटर से सम्बन्धित त्रिमासिक बैठक हुई जिसमें मादक द्रव्य पदार्थो के परिचलन एवं बिक्री पर नियंत्रण हेतु बिंदुवार चर्चा की गई। उपायुक्त ने नशामुक्ति के प्रति जागरूकता हेतु विभिन्न माध्यम से लगातार जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। उन्होंने कहा इस कार्य में संबंधित विभागीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यालय प्रधान को भी सहभागी बनाएं ताकि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जा सके। उपायुक्त ने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी नोडल पदाधिकारी एवं शिक्षण संस्थानों में प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी हेतु 26 जून अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर प्रशिक्षण आयोजित कर नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी आदित्य नारायण, उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला रामकृष्ण कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल रंजीत लोहरा, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय चंदन कुमार वत्स, स्थापना उप समाहर्ता प्रियंका सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, उत्पाद अधीक्षक सरायकेला एवं अन्य सम्बन्धित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर 2023 पर कार्यशाला आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा बीआरसी भवन में गुरुवार को प्रखंडस्तरीय ÷स्कूल रुआर 2023 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सभी विद्यालयों के प्रधान शिक्षक, मुखिया व अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। 15 जुलाई तक चलाए जाने वाले इस अभियान के तहत स्कूल छोड़ चुके 6 से 18 आयु वर्ग के सभी बच्चों को स्कूलों में नामांकन कराने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यशाला के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बीईईओ प्रभाकर कुमार ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि विद्यालय से बाहर रह रहे बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन, अप्रवासी, अनामांकित एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का नामांकन, पिछले वर्षो में कक्षा 1 से 11 तक के नामांकित सभी बच्चों का अगली कक्षाओं में शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति की पुष्टि, सभी बच्चों की उपस्थिति ई विद्या वाहिनी में दर्ज कराना एवं नियमित निगरानी तथा बच्चों का शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना है। इस दौरान बीडीओ अरविंद बेदिया, सीओ चंद्रशेखर तिवारी, आदि थे।

## 9 साल में हर मोर्चे पर विफल रही मोदी सरकार : सुधीर कुमार पप्पू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** केंद्र में मोदी सरकार ने 9 साल पूरे कर लिए है। मोदी सरकार ने जनहित में कोई काम नहीं की और अभी तक कोई भी वादे पूरे नहीं हुए। नरेंद्र मोदी ने देश के सामने वादा किया था स्विस बैंक में जमा काले धन वापस लाएंगे देश में 100 स्मार्ट सिटी बनाएंगे हर साल 2 करोड़ युवाओं को नौकरी देंगे। प्रधानमंत्री कहा था बेघर लोगों को 22 तक पक्का मकान देंगे गंगा की सफाई होगी इस तरह कई वादे मोदी ने किया था जो 9 सालों में पूरा नहीं कर सका। मोदी सरकार के 9 साल पूरा होने पर राजद नेता व अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नाक के नीचे से कई बैंकों को हजारों हजार करोड़ का चूना लगाकर नीरव मोदी विजय माल्या और कई लोगों ने देश छोड़कर फरार हो गया और इंग्लैंड में बैठा है मोदी जी को हिम्मत नहीं है कि इस संदर्भ में ब्रिटेन की सरकार से बात करें। प्रधानमंत्री ने गरीबों को मदद करने के बजाय अंबानी और अडानी को लाखों करोड़ का टैक्स माफ कर दिया। अदानी के पास 20000 करोड़ किसका है इस पर कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने मीडिया के समक्ष खुलेआम कहा कि वह पैसा नरेंद्र मोदी का है इस पर मोदी ने कोई खंडन नहीं दिया। मोदी सरकार के 9 सालों में समाज में सांप्रदायिकता के आधार पर नफरत फैलाए गया भाई भाई में संघर्ष करवाए गया और देश में एक अजीब तरह का माहौल भाजपा और सरकार की ओर से बनाया गया।

## ईचागढ़ विधानसभा में ऐतिहासिक रुप से आजसू ने मनाया स्थापना दिवस

## जनता की सेवा व राजनीतिक नेतृत्व तैयार करना हमारा दायित्व : हरेलाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल/तिरुलडीह :** गुरुवार को आजसू ने ऐतिहासिक रूप से स्थापना दिवस मनाया। एक साथ ईचागढ़ विधानसभा के चारों प्रखंड में अलग अलग कार्यक्रम आयोजित कर आजसू ने मिशन 2024 की शंखनाद कर दी। इस मौके पर आजसू केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने कहा कि ईचागढ़ विधानसभा के जनता की सेवा करना तथा राजनीतिक नेतृत्व तैयार करना मेरा दायित्व है। स्थापना दिवस के अवसर पर चांडिल प्रखंड के चिलगु स्थित पार्टी कार्यालय में मेगा स्वास्थ्य शिविर तथा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 563 मरीजों का स्वास्थ्य जांच और दवा वितरण किया गया। वहीं, 76 लोगों का नेत्र जांच हुआ। जबकि, रक्तदान शिविर में 69 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सचिन महतो, सत्यनारायण महतो, जिला परिषद सदस्य असित सिंह पात्र, प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप, लक्ष्मीकांत महतो, माधव सिंह मुंडा, दिलीप प्रमाणिक, नंदन कुंज पात्र, सुसेन महतो, आदि मौजूद थे। स्थापना दिवस के अवसर पर नीमडीह प्रखंड के रघुनाथपुर स्थित पार्टी कार्यालय में एच एल एम निशुल्क कोचिंग क्लास का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य असित सिंह पात्र, ग्रामप्रधान बैद्यनाथ महतो, भगीरथ दास, अमूल्य महतो, दिगम्बर सिंह, दुर्योधन गोप, आदि मौजूद थे। पर्यावरण संरक्षण उद्देश्य से आजसू पार्टी की ओर से कुकड़ू प्रखंड मुख्यालय के सामने स्थित शहीद अजित महतो - धनंजय महतो के स्मृति में दो पौधरोपण किया गया। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो, सुनील महतो, गोरा चांद सिंह मुंडा, बादल महतो, बिष्णु महतो, धनंजय कुमार, रामभजन कुमार, आदि मौजूद थे। उधर, ईचागढ़ प्रखंड के पिलीद गांव से हर घर आजसू का झंडा लगाने का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य असित सिंह पात्र, गुरुपद सोरेन, प्रखंड अध्यक्ष गोपेश महतो, दुर्योधन गोप, योगेंद्र महतो, गुरुचरण महतो, शिवचरण महतो, निर्मल गोराई, तपन उरांव, दामोदर सिंह मुंडा, आदि मौजूद थे।



# उपायुक्त ने सभी शिक्षण संस्थानों व पीडीएस दुकानों में पेयजल उपलब्धता की समीक्षा की, दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राज्य सरकार के निदेशानुसार जिले के सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त / गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं निजी विद्यालयों में कक्षा सुचारू रूप से 22 जून से शुरू हो गए हैं । स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों विशेषकर केजी से कक्षा 6 तक के बच्चों को अभी भी



विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है । उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम द्वारा अभिभावकों से अपील की गई है कि बच्चों को दोपहर में स्कूल से वापस घर लाते समय कवर कर के लायें। गर्मी के मौसम में विशेषकर बच्चे और वृद्ध जनों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना रहती है। उपायुक्त द्वारा जिलेवासियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व अन्य सभी सरकारी अस्पताल तथा स्कूलों में ओ.आर.एस की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सभी बीडीओ को अपने पोषक क्षेत्र के स्कूल, कॉलेज, आंगनबाड़ी केन्द्र व पीडीएस दुकानों में पेयजल उपलब्धता की क्या स्थिति है इसकी भी समीक्षा का निर्देश दिया गया है।

## टैलेंट सर्च एकेडमी निःशुल्क कोचिंग सेंटर के पांच विद्यार्थी हुए नवोदय परीक्षा में उत्तीर्ण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** टैलेंट सर्च एकेडमी अध्ययन केंद्र मोहनपुर, बोड़ाम से जवाहर नवोदय विद्यालय 2023 की प्रवेश परीक्षा में पांच विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण होकर केंद्र का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों में सुदीप महतो, शुक्ला, गोविन्द महतो, पेनादा, धरित्री महतो, गुगलुबनी, नगेंद्र महतो, कमलपुर एवं बलराम महतो, बेको शामिल हैं।



इस संबंध में एकेडमी के अध्यक्ष हाराधन महतो ने बताया कि एक दशक से पटमदा - बोड़ाम प्रखंड के निर्धन छात्रों को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण कराने हेतु निःशुल्क कोचिंग सेंटर चलाते आ रहे है।

# गौ सेवा ही राष्ट्र सेवा है : बब्लू झा

### झारखंड गो सेवा आयोग पदभार ग्रहण समारोह में शिरकत किए बबलू व धर्मेंद्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड राज्य गो सेवा आयोग के नव नियुक्त अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद एवम जमशेदपुर वासी झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता राजू गिरी को उपाध्यक्ष बनाने के रूप में पशुपालन भवन हेसाग हटिया रांची के ऑडिटोरियम में पदभार ग्रहण समारोह में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी नगर जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, जिला उपाध्यक्ष बबलू झा, जिला महासचिव शशि भूषण प्रसाद, कांग्रेसी नेता अजितेश उज्जैन एवं अन्य सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्हें पुष्प गुछ एवम



अंगवस्त्र देकर बधाई एवम नई जिम्मेदारी की शुभकामनाएं दी। बब्लू झा ने कहा, गौ सेवा ही सच्ची राष्ट्र सेवा है। साथ ही मंचासीन झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर पूर्वी सिंहभूम जिला के राजनीति पर एवम आगामी लोकसभा 2024 पर चिंतन मंथन किया।

# जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने महामाया होटल को किया सील, पकता था सड़ा मांस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अदिति सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को गम्हरिया क्षेत्र के कई होटलों में छापेमारी कर जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान उन्होंने कई होटलों में परोसे जाने वाले भोजनों के नमूने लिए जिसे जांच हेतु रांची प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच के क्रम में गम्हरिया स्थित महामाया होटल के किचन में गंदगी देख वे भड़क उठी। साथ ही, उक्त होटल में परोसे जाने वाले मांस की गुणवत्ता को लेकर उन्होंने संचालक को कड़ी फटकार लगाते हुए किचन और होटल को अगले



आदेश तक के लिए सील कर दिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान सड़े हुए मांस को पकाकर ग्राहकों को परोसा जाते पाया गया। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा मानकों के तहत ग्राहकों को अच्छा खाद्य पदार्थ नहीं परोसे जाने की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है, जो आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने सभी दुकानदारों एवं होटल संचालकों से खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए होटल या रेस्तरां संचालित करने की अपील किया। इधर, विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र के होटल संचालकों में हड़कंप मच गया है।

## आजाद नगर में बकरीद को लेकर शांति समिति व इमाम की हुई बैठक

# कुर्बानी हिंदुस्तान की कानून के हिसाब से जायज जानवरों पर करें : इमाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरुवार को आजाद नगर थाना क्षेत्र के होटल महल इन के सभागार में आजाद नगर थाना शांति समिति के सदस्यों एवं मस्जिदों के इमाम के बीच ईद उल जुहा (बकरीद) पर्व को लेकर एक बैठक हुई , जिसकी अध्यक्षता पटमदा सर्कल के डीएसपी सुमित कुमार ने की। बैठक मुख्य रूप से आजाद नगर थाना प्रभारी राकेश कुमार, मानगो नगर निगम की परीक्षामान कार्यपालक पदाधिकारी चंदन कुमार,मानगो नगर निगम सिटी मैनेजर राहुल कुमार, एमओ अकादेमी के इमाम अनिसुर रहमान,



मेंहदी मस्जिद के इमाम खास तौर से उपस्थित थे। बैठक में बकरीद पर्व को शांति पूर्व मानने की बात कही गई। एमओ अकादेमी मदीनातुल ओलूम मस्जिद के इमाम अनिसुर रहमान ने कहा के किसी भी तरह के प्रतिबंधित जानवर की कुर्बानी नही की जायेगी जो भी कुर्बानी हिंदुस्तान की कानून के हिसाब से जायज है जैसे बकरा,बकरी, भेड़ आदि की ही कुर्बानी दी जाएगी। नगर निगम में कार्यपालक पदाधिकारी चंदन कुमार ने कहा के कुर्बानी के बचे हुए अवशेष को नगर निगम द्वारा चिन्हित जगहों पर ही डाले ताकि गंदगी इधर उधर ना फैले। डीएसपी सुमित कुमार ने कहा के क्षेत्र में सभी जगह स्थिति का नियंत्रण करने की लिए स्पेशल फोर्स तैनात किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शेख बदरुद्दीन, सरदार जसवंत सिंह, मोइनुद्दीन अंसारी, शाहिद परवेज, ताहिर हुसैन,मास्टर सिद्दीकी, हाजी फिरोज असलम, हाजी अब्दुल हाफिज, अबरार आलम, आजाद अंसारी, मास्टर सेराज, फरजाना सफी, सिद्दीक अली खास तौर पर मौजूद थे।

## उत्पाद को लेकर कंज्यूमर बिहेवियर पर रिसर्च करें : गौरव शर्मा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** हिंदुस्तान कोका कोला बेवरेजेज ( एचसीसीबी ) के चीफ पीपुल ऑफिसर गौरव शर्मा ने एक्सएलआरआई पीजीडीएम (जीएम) की ओर से एक सेमिनार में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आज के दौर में कोकाकोला समेत अन्य पेय पदार्थ कंपनियों के समक्ष आने वाली चुनौतियों से संबंधित जानकारी दी. कहा कि एक प्रबंधक के लिए यह काफी अहम है कि वे अपने उत्पाद को लेकर कंज्यूमर बिहेवियर पर रिसर्च करें. कंज्यूमर उनके उत्पाद को किस प्रकार ले रहे हैं, उसमें वे क्या बदलाव चाहते हैं इस पर समय-समय पर प्लानिंग व उसे धरातल पर उतारने की आवश्यकता है. साथ ही कहा कि कई बार बेहतर उत्पाद रहने के बावजूद वह बाजार में परफॉर्म नहीं कर पाता है, इसके लिए अच्छी सेल्स टीम के साथ ही सप्लाई चेन मैनेजमेंट भी उम्दा रखने की आवश्यकता है. श्री शर्मा ने बताया कि सभी प्रकार के पेय पदार्थों की कंपनियों के लिए यह आवश्यक होता है कि वह विविधता, समानता और समावेशन को अपनाये.

## संपादकीय

# मणिपुर में गृहयुद्ध के हालात

**करीब** 50 दिनों से हिंसा और हत्याओं का सिलसिला जारी है। मणिपुर में मैतेई और कुकी, नगा, जोमी आदि जनजातीय समुदाय स्थानीय हैं। उनमें जातीय विभाजन सनातन रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 5 दिनों का प्रवास किया था, स्थानीय प्रतिनिधियों से बातचीत की थी, सरकारी पैकेज की घोषणा भी की गई थी, लेकिन उनके दिल्ली लौट आने के बाद से हिंसा फिर उग्र हुई है। केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री राजकुमार रंजन सिंह, राज्य सरकार के एक मंत्री और कुछ विधायकों समेत 4000 से ज्यादा घर फूंके जा चुके हैं। मौत की संख्या 125 हो गई है और घायल करीब 3000 हैं। यह संख्या बढ़ती जा रही है। करीब 60,000 लोगों ने विस्थापित होकर पलायन कर लिया है। कई लोग राहत-शिविरों में हैं, तो अत्यंत भयभीत लोग राजधानी दिल्ली में आ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री साफ टिप्पणी कर चुके हैं कि मणिपुर की राज्य सरकार बिल्कुल फेल हो चुकी है। लेफ्टिनेंट जनरल निशिकांत सिंह सेवानिवृत्ति के बाद मणिपुर में बसे हैं। उन्होंने मणिपुर की तुलना सीरिया, लीबिया, लेबनान, नाइजीरिया आदि देशों से की है कि कभी भी, कोई भी, किसी को भी मार सकता है, घर फूंक सकता है और संपत्ति को नष्ट कर सकता है। पूर्व सेना प्रमुख जनरल वेद मलिक ने अपने सैन्य-साथी की चिंताओं को साझा किया है और प्रधानमंत्री के स्तर पर जल्द ही हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। यह स्थिति गृहयुद्ध नहीं है, तो और क्या है? मणिपुर की बुनियादी समस्या मैतेई बनाम कुकी ही नहीं है, बल्कि राजनीतिक, सामाजिक, सुरक्षा बलों के स्तर की भी है। हर वर्ग में विभाजन के हालात हैं। मणिपुर का एक आयाम म्यांमार से भी जुड़ा है। जब म्यांमार में सेना ने राजनीतिक सत्ता का तख्तापलट किया था, तो खूब मार-काट मची थी, लिहाजा वहां अफीम के जो बड़े व्यापारी थे, उन्होंने मणिपुर में आना तय किया। इस तरह कुकी वर्चस्व के पहाड़ी इलाकों में अफीम का साम्राज्य स्थापित हुआ। खुफिया एजेंसियों ने पूरी रपट प्रधानमंत्री मोदी तक दी, लिहाजा सरकार ने मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को 100 करोड़ रुपए का एक आर्थिक पैकेज दिया, ताकि अफीम के कारोबार को समाप्त किया जा सके। मणिपुर की भाजपा सरकार यह कार्रवाई तो कर नहीं पाई, लेकिन मैतेई को अनुसूचित जनजाति के उच्च न्यायालय की एकल पीठ के फैसले ने मणिपुर को गृहयुद्ध की आग में झोंक दिया। हालांकि सर्वोच्च अदालत का मानना था कि एकल न्यायाधीश ऐसा फैसला नहीं सुना सकते। परोक्ष रूप से उच्च अदालत वाला फैसला खारिज कर दिया गया। दरअसल अफीम पर छिड़ा यह एक जातीय गृहयुद्ध है, जिसने स्थानीय पुलिस और अद्र्धसैन्य बलों को भी बांट दिया है। दोनों एक-दूसरे पर पक्षपात के गंभीर आरोप लगा रहे हैं। उपद्रवियों ने जो 4000 से अधिक हथियार छीन लिए थे, उनमें से 1000 हथियार ही वापस किए गए हैं। शेष गृहयुद्ध फैलाने वालों के पास हैं। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि हथियार खुद पुलिस वालों ने स्थानीय उपद्रवियों को मुहैया कराए हैं, ताकि वे लड़ाई लड़ सकें। मणिपुर में मैतेई की आबादी करीब 53 फीसदी है और विधानसभा के कुल 60 विधायकों में से 40 विधायक मैतेई और उसके समर्थक हैं। यह समुदाय इम्फाल घाटी में बसा है और धार्मिक तौर पर हिंदू है। पहाड़ी इलाकों में कुकी ही नहीं, कुल 33 जनजातियां बसी हैं। बहरहाल, प्रधानमंत्री इस मसले को प्राथमिकता दें।


केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री राजकुमार रंजन सिंह, राज्य सरकार के एक मंत्री और कुछ विधायकों समेत 4000 से ज्यादा घर फूंके जा चुके हैं। मौत की संख्या 125 हो गई है और घायल करीब 3000 हैं। यह संख्या बढ़ती जा रही है। करीब 60,000 लोगों ने विस्थापित होकर पलायन कर लिया है। कई लोग राहत-शिविरों में हैं, तो अत्यंत भयभीत लोग राजधानी दिल्ली में आ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री साफ टिप्पणी कर चुके हैं कि मणिपुर की राज्य सरकार बिल्कुल फेल हो चुकी है। लेफ्टिनेंट जनरल निशिकांत सिंह सेवानिवृत्ति के बाद मणिपुर में बसे हैं। उन्होंने मणिपुर की तुलना सीरिया, लीबिया, लेबनान, नाइजीरिया आदि देशों से की है कि कभी भी, कोई भी, किसी को भी मार सकता है, घर फूंक सकता है और संपत्ति को नष्ट कर सकता है। पूर्व सेना प्रमुख जनरल वेद मलिक ने अपने सैन्य-साथी की चिंताओं को साझा किया है और प्रधानमंत्री के स्तर पर जल्द ही हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। यह स्थिति गृहयुद्ध नहीं है, तो और क्या है? मणिपुर की बुनियादी समस्या मैतेई बनाम कुकी ही नहीं है, बल्कि राजनीतिक, सामाजिक, सुरक्षा बलों के स्तर की भी है। हर वर्ग में विभाजन के हालात हैं। मणिपुर का एक आयाम म्यांमार से भी जुड़ा है। जब म्यांमार में सेना ने राजनीतिक सत्ता का तख्तापलट किया था, तो खूब मार-काट मची थी, लिहाजा वहां अफीम के जो बड़े व्यापारी थे, उन्होंने मणिपुर में आना तय किया। इस तरह कुकी वर्चस्व के पहाड़ी इलाकों में अफीम का साम्राज्य स्थापित हुआ।


## अमृत कलश

# क्या तुम्हें मंजूर है?

**गुरु** आपके साथ हमेशा नहीं रहेंगे। इसलिए अपने मन को खुद ही समझाना होगा। अपने मन को श्रोता बनाए एवं स्वयं उपदेशक बनें। किसी को गाली देना या थप्पड़ मारने का मन करे तो पहले अपने से कहें देख भाई, तू किसी को एक गाली देगा तो सामने वाला तुझे दो गाली देगा, क्या तुम्हें मंजूर है? तुम किसी को थप्पड़ मारोगे तो वह तुम्हें मुक्का या लात मारेगा, क्या तुम्हें मंजूर है? अगर नहीं तो फिर तुम्हें भी किसी को गाली देने, थप्पड़ मारने का अधिकार नहीं। सबसे बड़ी क्रांति : समाज को शांति की जरूरत है और व्यक्ति को क्रांति की। महावीर का चरित्र ऐसा है जिसमें समाज को शांति और व्यक्ति को क्रांति मिलती है। भगवान महावीर शांति और क्रांति दोनों के सूत्रधार हैं और आज क्रांति के बिना शांति आना संभव नहीं है। इसलिए आज एक और हरित क्रांति की सख्त जरूरत है। धर्म दुनिया की सबसे बड़ी क्रांति है और मैं इस धर्म के पथ का एक छोटा-सा संत हूं। इसलिए मैं भी क्रांतिकारी हूं। इसी का नाम है संसार : एक व्यक्ति दुकान पर बैठा था। एक बकरा आया। दुकान पर चढ़ा तो उसने डंडा मारा और भगा दिया। कहानी खत्म हो गई। पर इस कहानी के पीछे भी कहानी है, वह महत्वपूर्ण है। सामने एक संत बैठे थे। वह हंस पड़े। दुकानदार ने पूछा कि आप हंसे क्यों? संत ने कहा भाग्य की विडम्बना पर हंसा। यह बकरा और कोई नहीं, पिछले जन्म का तुम्हारा बाप है। इस दुकान को इसी ने खड़ा किया था और आज यह यहां खड़ा होने के लायक नहीं रहा। इसी का नाम है संसार।

## बोध कथा

# काम नहीं, तो भोजन नहीं

**चीनी** जैन विद्या के एक प्रसिद्ध गुरू हुए हयाजूको। वे अस्सी वर्ष की उम्र में भी अपने शिष्यों के साथ कठोर श्रम करते थे जैसे – बागवानी करना, मैदान साफ करना, पेड़ों की कटाई-छटाई करना आदि। उनके शिष्यों को यह देखकर दुःख होता कि उनके वृद्ध शिक्षक इतना कठिन श्रम करते हैं। वे भी यह जानते थे कि उनके गुरू उनकी यह बात कभी नहीं मानेंगे कि वे कठिन श्रम न करें। इसलिए शिष्यों ने भी एक दिन उनके औजार छुपा दिये। औजार नहीं मिलने से गुरूजी उस दिन कोई श्रम नहीं कर पाये। उस दिन गुरूजी ने कुछ नहीं खाया। अगले दिन भी उन्होंने कुछ नहीं खाया, और उसके अगले दिन भी नहीं। उनके शिष्यों ने आपस में चर्चा की कि गुरूजी यह जानकर बहुत क्रोधित होंगे कि हम लोगों ने उनके औजार छुपा दिये, इसलिए अच्छा होगा कि हम उनके औजार वापस रख दें। उन्होंने ऐसा ही किया। गुरूजी ने उस दिन फिर परिश्रम किया और बाद में खाना खाया। उस शाम गुरूजी ने अपने शिष्यों को "काम नहीं, तो भोजन नहीं" विषय पर व्याख्यान दिया।

## यात्रियों को खासी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा

# हवाई किराए बढने का सिलसिला कैसे थमेगा

अश्वनी महाजन


केंद्र सरकार के हस्तक्षेप के बाद किरायों में कुछ कमी देखने को तो मिल रही है लेकिन अभी भी हवाई किराये काफी अधिक हैं। कोविड के बाद यात्रियों की आवाजाही में काफी वृद्धि हुई है। हाल ही में मात्र एक ही दिन में 30 अप्रैल 2023 को 4.56 लाख यात्रियों द्वारा देश में अंतर्देशीय हवाई यात्रा कर अभी तक का एक रिकार्ड भी बनाया है। हवाई यात्राओं की मासिक यात्री संख्या 1.2 करोड़ से 1.3 करोड़ बनी हुई है। पिछले दो दशकों में हवाई किरायों में खासी कमी के चलते कई यात्री जो परंपरागत तरीके से रेल में सफर करते थे, अब सस्ते किरायों के बलबूते हवाई यात्रा करने लगे हैं।


**पिछले** कुछ समय से देश के अंतर्देशीय वायु परिवहन में हवाई किराये लगातार बढ़ते जा रहे हैं। दिल्ली-मुंबई का अधिकतम हवाई किराया 20,000 रुपए तक पहुंच गया, जो पूर्व में मात्र 7000 रुपए ही होता था। शेष मार्गों पर भी किराये में वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं, जिससे यात्रियों को खासी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र सरकार के हस्तक्षेप के बाद किरायों में कुछ कमी देखने को तो मिल रही है लेकिन अभी भी हवाई किराये काफी अधिक हैं। कोविड के बाद यात्रियों की आवाजाही में काफी वृद्धि हुई है। हाल ही में मात्र एक ही दिन में 30 अप्रैल 2023 को 4.56 लाख यात्रियों द्वारा देश में अंतर्देशीय हवाई यात्रा कर अभी तक का एक रिकार्ड भी बनाया है। हवाई यात्राओं की मासिक यात्री संख्या 1.2 करोड़ से 1.3 करोड़ बनी हुई है। पिछले दो दशकों में हवाई किरायों में खासी कमी के चलते कई यात्री जो परंपरागत तरीके से रेल में सफर करते थे, अब सस्ते किरायों के बलबूते हवाई यात्रा करने लगे हैं। गौरतलब है कि दिल्ली-मुंबई का एसी प्रथम दर्जे का राजधानी गाड़ी में रेल किराया 4730 रुपए है, जबकि समय पर बुकिंग करने पर हवाई किराया सामान्यतः उससे कम ही बैठता था, ऐसे में काफी लोग रेल की बजाय हवाई यात्रा को प्राथमिकता देने लगे थे। लेकिन हवाई किराये बढने से लोग अब पुनः अन्य साधनों की ओर मुड़ सकते हैं जिससे हवाई यात्रा की मांग कम हो सकती है और इस उद्योग का विकास बाधित हो सकता है। हवाई किरायों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी वृद्धि हो रही है। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एशिया पेसिफिक) की रिपोर्ट के अनुसार अंतरराष्ट्रीय हवाई किरायों में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज हुई है। रिपोर्ट का यह भी कहना है कि भारत में हवाई किराये में सर्वाधिक वृद्धि 41 प्रतिशत थी, जबकि यूनाईटेड अरब अमीरात में यह वृद्धि 34 प्रतिशत, सिंगापुर में 30 प्रतिशत और आस्ट्रेलिया में यह 23 प्रतिशत ही रही। हालांकि यह कहा जा रहा है कि विमानन किरायों में वृद्धि के दो प्रमुख कारण हैं – पहला, ईंधन की कीमत में वृद्धि और दूसरा, सामान्य महंगाई की दर में वृद्धि। वर्ष 2019 से अब तक विमानन ईंधन की कीमतों में 76 प्रतिशत वृद्धि हो चुकी है, जबकि विमानन कंपनियों की अन्य लागतें 10 प्रतिशत महंगाई की दर से बढ़ रही हैं। लेकिन साथ ही एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल का मानना है कि किरायों को ऊंचा रखने के लिए विमानन कंपनियां आपूर्ति (सीट उपलब्धता) को सीमित रखकर कीमतों को ऊंचा



रखने का प्रयास कर रही हैं। रिपोर्ट का यह भी मानना है कि कंपनियों का यह कृत्य विमानन उद्योग में ग्रोथ को प्रभावित कर सकता है। भारत में घरेलू विमानन क्षेत्र में कई कंपनियां कार्यरत हैं। फरवरी 2023 में 55.9 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ पहले स्थान पर इंडिगो, दूसरे और तीसरे स्थान पर टाटा समूह की एयर इंडिया और विस्तारा हैं, जिनकी बाजार में हिस्सेदारी क्रमशः 8.9 प्रतिशत और 8.7 प्रतिशत की थी। हालांकि एयर इंडिया और विस्तारा जल्दी ही मिलकर एक इकाई होने वाले हैं, लेकिन उसके बावजूद वे मिलकर भी इंडिगो से लगभग एक तिहाई से थोड़ा अधिक हो पाएंगे। चौथे और पांचवें स्थान पर क्रमशः गोफस्ट और स्पाईसजेट दो एयरलाईन हैं, जिनका बाजार में हिस्सा 8.0 प्रतिशत और 7.1 प्रतिशत है। लेकिन ये दोनों विमानन कंपनियां काफी कठिनाई में आ चुकी हैं। हाल ही में जहांगीर वाडिया की अगुवाई वाली गोफस्ट एयरलाइंस जो 8 प्रतिशत बाजार हिस्से के साथ भारत की चौथी बड़ी सबसे बड़ी एयरलाइंस थी, वित्तीय कठिनाइयों से ही नहीं गुजर रही, बल्कि उसकी दिवालिया प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। हालांकि उसकी कठिनाइयों के पीछे वित्तीय कारणों से ज्यादा तकनीकी कारण हैं, जिसके लिए ईंजन आपूर्ति करने वाली कंपनी 'प्रैट एंड विटनी इंजन्स' जिम्मेदार है। गौरतलब है कि एयरबस ए-320 नियो हवाई जहाज के लिए यह कंपनी इंजनों की आपूर्ति करती है। पिछले कुछ समय से इस कंपनी द्वारा दिए गए इंजनों की खराबी के कारण गो-फस्ट को अपने कई हवाई जहाज ग्राउंड करने पड़े। इन सबके कारण से कंपनी भारी नुकसान में चली गई। गत 3 मई से गो-फस्ट ने अपनी सभी उड़ानों को स्थगित कर दिया है और दिवालिएपन का आवेदन जमा किया है। इसी प्रकार नागरिक उड्डयन में पांचवें पायदान पर स्पाईसजेट कंपनी भी आर्थिक मुश्किलों से गुजर रही है। यह एयरलाइन भी जहाजों में कई तकनीकी गड़बडियों से जूझ रही है और इसके लिए नागरिक उड्डयन महाप्रबंधक ने कंपनी को अपने 10 बोईंग-737 मैक्स जहाजों को ग्राउंड करने का निर्देश दिया है। 2022-23 की पहली तिमाही से यह कंपनी नुकसान में जाना शुरू हो गई थी। बढ़ती ईंधन की लागतों, मुद्रास्फीति और रुपए के अवमूल्यन के कारण यह कंपनी लगातार घाटे से जूझ रही है। हालांकि कंपनी ने हार नहीं मानी है, लेकिन इसकी सेवाएं अवश्य बाधित हो रही हैं। इंडिगो और टाटा समूह की एयर इंडिया, विस्तारा और एयर एशिया सरीखी बड़ी कंपनियों को स्पाईसजेट और गो-फस्ट खासी प्रतिस्पद्र्धा देती थी। इन विमानन कंपनियों के मुश्किल में पडने के बाद इंडिगो और टाटा समूह की कंपनियों की प्रतिस्पद्र्धा घट गई है। इस कारण से ये कंपनियां अनाप-शनाप रूप से हवाई किराए बढ़ा रही हैं। कैसे रोकें बढ़ते हवाई किराए : नागरिक विमानन क्षेत्र में निजी क्षेत्र के प्रवेश के बाद सामान्य तौर पर हवाई किरायों का निर्णय विमानन कंपनियों पर छोड़ा गया है, ताकि वे बाजार के अनुसार कीमतें तय करें और उन्हें बिना वजह घाटा न सहना पड़े और विमानन क्षेत्र का स्वस्थ विकास भी हो। बड़ी संख्या में विमानन कंपनियों की आपसी प्रतिस्पद्र्धा के चलते न केवल हवाई किराए काफी हद तक किफायती बने रहे और साथ ही साथ नागरिक उड्डयन क्षेत्र का स्वस्थ विकास भी हुआ। गौरतलब है कि हाल ही में एयर इंडिया द्वारा 550 नए विमानों सहित भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा 1000 विमानों के ऑर्डर ने दुनिया को अचंभित कर दिया था। यह हमारे नागरिक उड्डयन क्षेत्र की विकास गाथा को परिलक्षित करता है। लेकिन दो प्रमुख विमानन कंपनियों की आर्थिक कठिनाइयों के चलते नागरिक उड्डयन क्षेत्र में एक संकट का निर्माण हुआ है। पिछले काफी समय से सरकार द्वारा आर्थिक संकट में फंसी कंपनियों के प्रमोटरों को जल्द निजात दिलाने के लिए दिवालिया कानून में बड़े बदलाव करते हुए इस प्रक्रिया को आसान बना दिया गया है। लेकिन विमानन क्षेत्र की स्थिति अलग है। यदि गो फस्ट और स्पाइसजेट ये दोनों कंपनियां दिवालिया होती हैं तो विमानन क्षेत्र में वस्तुतः इंडिगो और टाटा समूह का एकाधिकार हो जाएगा। ऐसे में पिछले दो दशकों से विमानन क्षेत्र में विकास और प्रतिस्पर्धा का लाभ जो आम जन को सस्ती हवाई यात्रा के रूप में मिल रहा था, अब समाप्त हो जाएगा। गौरतलब है कि पूर्व में एयर इंडिया सावर्जनिक क्षेत्र में होने के कारण हवाई यात्रा में स्वाभाविक रूप से प्रतिस्पर्धा का लाभ जनता को मिल रहा था। अब चूंकि एयर इंडिया टाटा समूह का हिस्सा है।

# 'एक विश्व, एक स्वास्थ्य' की प्रासंगिकता


भारतीय परंपरा के अनुसार ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य दक्षिणायन की ओर जाता है और माना जाता है कि सूर्य दक्षिणायन का समय आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने के लिए लाभकारी है। इसी को देखते हुए योग दिवस हर साल 21 जून को मनाया जाता है। भारतीय परंपराओं में योग कई युगों से ऋषि-मुनियों के काल से चलता आ रहा है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे लाने की पहल भी भारत नहीं ही की है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में इसकी पहल की थी। 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस प्रस्ताव को पूर्ण बहुमत से पारित किया था। 193 सदस्य देशों में से 177 सदस्य देशों ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने के प्रस्ताव को ध्वनिमत से मंजूरी दी थी। वस्तुतः 2015 से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे विश्व के अंदर 21 जून को मनाया जाता है।


**हमारी** पृथ्वी सभी ग्रहों से अनोखी है क्योंकि यहां पंचतत्व और मानव जीवन उपलब्ध है। पृथ्वी के सूर्य के गिर्द घूमने से मौसम और अपने अक्ष से रात-दिन बनते हैं। 21 जून को उत्तरी गोलार्ध का सबसे लंबा दिन होता है, जिसे आम जनमानस ग्रीष्म संक्रांति भी कहते हैं। भारतीय परंपरा के अनुसार ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य दक्षिणायन की ओर जाता है और माना जाता है कि सूर्य दक्षिणायन का समय आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने के लिए लाभकारी है। इसी को देखते हुए योग दिवस हर साल 21 जून को मनाया जाता है। भारतीय परंपराओं में योग कई युगों से ऋषि-मुनियों के काल से चलता आ रहा है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे लाने की पहल भी भारत नहीं ही की है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में इसकी पहल की थी। 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस प्रस्ताव को पूर्ण बहुमत से पारित किया था। 193 सदस्य देशों में से 177 सदस्य देशों ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने के प्रस्ताव को ध्वनिमत से मंजूरी दी थी। वस्तुतः 2015 से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे विश्व के अंदर 21 जून को मनाया जाता है। योग अपने अद्भुत स्वास्थ्य लाभ के लिए जाना जाता है। यह भारतीय प्राचीन कला के लिए एक अनुष्ठान की तरह है। भगवान शिव को आदि योगी के रूप में भी माना जाता है। उसके बाद पतंजलि ऋषि ने इसे व्यापक रूप दिया है। आज के आधुनिक युग में कितने ही योग गुरुओं ने इसके फायदे अपने-अपने ढंग से बताए हैं। शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास के समूह को योग कहते हैं। योग शरीर और मस्तिष्क को एक साथ लाने का काम करता है। योग शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के यूज शब्द से हुई है जिसका अर्थ जोडऩा या मिलना है। योग ऐसी कला है जो आपकी सोई हुई शक्तियों को जगाता है और इसके कई प्रकार हैं। हठयोग में चार अंग आसन, प्राणायाम, मुद्रा और बंद होते हैं, जबकि योग तत्त्व उपनिषद में अंगों का वर्णन है- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से हम अपने शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए योग शुरू कर सकते हैं। शुरुआत में किसी योग गुरु से जानकारी आवश्यक है। अगर आप किसी बीमारी से ग्रस्त हैं तो किसी विशेषज्ञ की सलाह के बगैर योग न करें। आम तौर पर सुबह के समय योग करना अच्छा माना जाता है। इस समय शरीर में ऊर्जा भी होती है। घर के किसी कोने में, जो कि हवादार व स्वच्छ हो, शांत जगह पर चटाई बिछाकर, खाली पेट, खुले कपड़े पहनकर योग कर सकते हैं। यदि आप योग सुबह करते हैं तो चेहरा पूर्व या उत्तर दिशा की तरफ रखें और शाम को योग करते समय चेहरे को पश्चिम या दक्षिण की ओर करने से लाभ होता है। कभी भी योगासन खाने के बाद न करें। ऐसा करना बहुत ही नुकसानदायक साबित हो सकता है। योग सुबह खाली पेट करें। अगर सुबह समय नहीं मिलता तो फिर दिन के समय में आप खाना खाने के 2 से 3 घंटे बाद योग कर सकते हैं। केवल वज्रासन ही एक ऐसा आसन है जिसे खाना खाने के तुरंत बाद किया जा सकता है, क्योंकि यह हमारे पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने में मदद करता है। योग करने के दौरान मुंह से श्वास लेना हानिकारक हो सकता है। आजकल के दौर में युवा वजन कम करने और शरीर की अधिक चर्बी घटाने के लिए जिम में खूब पसीना बहाते हैं। वैसे तो वजन कम करने के लिए संतुलित आहार लेने की आवश्यकता होती है, लेकिन जानकारी के अभाव में कुछ लोग अपनी पसंदीदा डिश तक को भी खाना छोड़ देते हैं। कई तरीकों से आप वजन को घटाने में लगे रहते हैं और बिना सही निर्देश के एक्सरसाइज या खुद की डाइट तय करने से अच्छा है नेचुरल तरीके से वजन घटाएं। इसके लिए योग सबसे कारगर उपाय है। हर रोग का प्राकृतिक तरीके से इलाज योग कर सकता है। नियमित रूप से योगासन करके आप वजन कम कर सकते हैं। पेट की चर्बी को कम करने के लिए सूर्य नमस्कार, त्रिकोणासन अवश्य करें। शरीर को स्वस्थ रखने के साथ ही दिमाग को भी स्वस्थ रखना जरूरी है। हमारा मस्तिष्क हर दिन कई काम करने में मुख्य भूमिका निभाता है। उम्र के बढने के साथ मस्तिष्क को चुस्त-दुरुस्त रखना आवश्यक है, ताकि पक्षाघात, अल्जाइमर, अवसाद, डाउन सिंड्रोम, अटेंशन डिफिसिट हाइपर, एक्टिविटी डिसऑर्डर आदि से बचा जा सके। योग और ध्यान करने की कोई भी सीमा नहीं होती। आप कहीं भी कभी भी योग कर सकते हैं तथा ध्यान से भी दिमाग को तेज किया जा सकता है। यह मस्तिष्क में रक्त प्रवाह को बढ़ाता है। हावर्ड से जुड़े शोधकर्ताओं ने यह सत्यापित किया है कि ध्यान मोटे सेरिब्रल कोर्टेक्स से और अधिक ग्रे मैटर से जुड़ा है जो स्मृति, सजगता, निर्णय लेने की क्षमता और सीखने से जुड़े हैं। इसलिए ध्यान अधिक मस्तिष्क शक्ति का कारक है। योगासन, सुपर ब्रेन योग, प्राणायाम और ध्यान आपके मस्तिष्क को सक्रिय कर अधिक शक्तिशाली बना सकते हैं। इसलिए इन्हें कुछ समय दें और एक शानदार और स्वस्थ जीवन जीएं। योगासन के समय कुछ सावधानियों को भी अवश्य ध्यान में रखें। शरीर को व्यायाम के साथ पौष्टिक आहार एवं विश्राम की आवश्यकता होती है। इसलिए समय पर सोएं, 3 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कठिन आसन न कराएं, धूम्रपान को त्यागें तथा गर्भवती महिलाओं एवं मासिक धर्म के दौरान योग न करें। योग पूरी दुनिया में स्वास्थ्य को चुनौती देने वाली बीमारियों को कम करता है तथा तनाव से राहत प्रदान करता है। पहले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को विश्व के करोड़ों लोगों ने योग किया था। इस खास आयोजन ने दो गिनीज वल्ड रिकॉर्ड बनाए थे। पहला 35950 लोगों के साथ नई दिल्ली में योग करना तथा दूसरा 84 देशों के लोगों द्वारा इस समारोह में हिस्सा लेना। न्यूयॉर्क के टाइम स्क्वायर पर करीब 30000 लोगों ने एक साथ योग किया था। इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 की थीम वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत के साथ 'वन वल्ड वन हेल्थ' रखी गई है। इस वर्ष पूरी दुनिया नौवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रही है और इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की अगुवाई न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी करने जा रहे हैं जो कि हमारे देश भारत के लिए गर्व की बात है।

## देश दुनीया से

# पर्यटन आंकड़ों की नई पैमाइश

**पहली** बार कोई मुख्यमंत्री अपनी प्राथमिकताओं से हिमाचल का गंतव्य पहचान रहा है और यह साबित कर रहा है कि कुछ सालों में अब तक सेब राज्य का तमगा पहने यह प्रदेश आइंदा 'पर्यटन राज्य' के तौर पर मुकम्मल होगा। अपनी प्राथमिकताओं से पर्यटन नीति तक पहुंचने का इरादा रखते मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू की तमन्ना है कि पहाड़ों पर पर्यटन की वर्षा ऐसे हो कि अगले पांच साल में तीन करोड़ से पांच करोड़ सैलानी हिमाचल पहुंचें। इन आंकड़ों की पैमाइश में कई क्रांतियां, कई नवाचार, कई परियोजनाएं, कई संकल्प और कई उम्मीदें जरूर दिखाई देती हैं, लेकिन पर्यटन के हिस्सों के अपने सवाल मुंह बाये खड़े हैं। पर्यटकों को मात्रात्मक दृष्टि से आकर्षित करना शायद यूं ही बढ़ते-बढ़ते इस कारवां को पांच करोड़ के आंकड़ों तक पहुंचा दे, लेकिन इसके साथ अब तक आकर्षित पर्यटकों को अधिक दिनों तक रोकने की नीति, कार्यक्रम व परियोजनाएं भी चाहिएं। हिमाचल में पर्यटकों के बढ़ते आंकड़ों के बावजूद अस्सी फीसदी लोग धार्मिक पर्यटन की राह पर ही एकत्रित होते हैं। इसके बाद युवा पर्यटकों का आगमन निरंतर बढ़ रहा है। बर्फ का आनंद लेने या साहसिक पर्यटन के रास्ते तीसरी तरह के सैलानी भी आ रहे हैं। निजी प्रयासों, ट्रैवल एजेंट्स के मार्फत, सोशल मीडिया के दखल, यू ट्यूबर्ज की सामग्री के कारण या नए डेस्टिनेशन की खोज में ट्राइबल टूरिज्म की तरफ भी लोग आकर्षित हुए हैं। पर्यटक और पर्यटन आकर्षणों का विस्तार अपनी जगह गिनती का सबब हो सकता, लेकिन पेशगी में इस खास तरह की काबिलीयत से दिल जीतने का मंसूबा भी हासिल करना होगा। यह मसला महज पर्यटक गिनती तक सीमित नहीं, बल्कि पर्यटन आर्थिकी के संबोधन से ही सफल माना जाएगा। यानी अगर गुणात्मक पर्यटन को साधना है, तो हाई एंड टूरिस्ट की तलाश करनी होगी। हाई एंड टूरिस्ट के लिए कभी मनाली में स्की विलेज की परिकल्पना को ही ध्वस्त करने की साजिश हो चुकी है। इसी तरह अतीत के बनते बिगड़ते सफर में पर्यटन ने जो बटोरा, उससे पर्यटन आर्थिकी परिमार्जित नहीं हुई। मसलन अगर हम प्रदेश के मख्य एक दर्जन मंदिरों की आय का इस्तेमाल धार्मिक पर्यटन के दृष्टिगत करें, तो लगभग पांच हजार करोड़ की आर्थिकी पैदा की जा सकती है। प्रदेश में हाई एंड टूरिस्ट की दृष्टि से कांगड़ा एयरपोर्ट का विकास अपने साथ ऐसे वर्ग को जोड़ेगा, जो पर्यटन का स्तर पूरी तरह उच्च शिखर पर ले जा सकता है। इसी तरह ट्राइबल तथा अनछुए हिमाचल में अगर पर्यटन की राहें सशक्त करनी हैं, तो हाई एंड टूरिस्ट के लिए इसी मानदंड से स्वागत कक्ष व सहूलियतें प्रदान करनी होंगी। पर्यटन के अपने संतुलन, विकार, व्यभिचार, संवेदनशीलता और क्षमता है, जिसके लिए एक लक्ष्मण रेखा हमेशा खींचनी होगी। परिकल्पना कीजिए अगर हर पहलू, व्यवस्था और सहूलियतों पर गौर किए बिना ही पांच करोड़ पर्यटकों के लक्ष्य को प्रदेश की मात्र सत्तर लाख जनता छू लेती है, तो इसके परिणाम क्या होंगे। 70 लाख का नागरिक समाज अपने सामने पांच करोड़ के सैलानी समाज की गिनती में क्या कुछ खो सकता है। कहने का अर्थ यह कि सैलानी संख्या बढ़ाने के व्यापारिक या आर्थिक उद्देश्यों के साथ-साथ सामाजिक परिवेश का संरक्षण भी जरूरी है। अभी हाल फिलहाल ही जिस गति से हिमाचल के टॉप डेस्टिनेशन यानी शिमला, मनाली, मकलोडगंज, धार्मिक स्थल एवं अटल टनल तक पर्यटकों की रेलमपेल बढ़ रही है, उससे इनके आसपास के परिदृश्य की सामाजिक परेशानियों का हल भी ढूंढना होगा। अगर पांच करोड़ पर्यटकों में से आधे भी अटल टनल तक पहुंच गए, तो कुल्लू घाटी से लाहौल- स्पीति तक की होल्डिंग कैपोसिटी का क्या होगा।


पर्यटकों को मात्रात्मक दृष्टि से आकर्षित करना शायद यूं ही बढ़ते-बढ़ते इस कारवां को पांच करोड़ के आंकड़ों तक पहुंचा दे, लेकिन इसके साथ अब तक आकर्षित पर्यटकों को अधिक दिनों तक रोकने की नीति, कार्यक्रम व परियोजनाएं भी चाहिएं। हिमाचल में पर्यटकों के बढ़ते आंकड़ों के बावजूद अस्सी फीसदी लोग धार्मिक पर्यटन की राह पर ही एकत्रित होते हैं। इसके बाद युवा पर्यटकों का आगमन निरंतर बढ़ रहा है। बर्फ का आनंद लेने या साहसिक पर्यटन के रास्ते तीसरी तरह के सैलानी भी आ रहे हैं। निजी प्रयासों, ट्रैवल एजेंट्स के मार्फत, सोशल मीडिया के दखल, यू ट्यूबर्ज की सामग्री के कारण या नए डेस्टिनेशन की खोज में ट्राइबल टूरिज्म की तरफ भी लोग आकर्षित हुए हैं।


## नागरिक बोध

# क्यो खास है मोदी की अमेरिका की यात्रा ? पाकिस्तान और चीन की बढ़ी धड़कने

**मोदी** की अमेरिका यात्रा 21 जून को होने जा रही है। अमेरिका ने भारत को जब से वॉशिंगटन का न्यौता भेजा है, तब से देश दुनिया मे मोदी की यात्रा चर्चा का विषय बना हुआ है। मोदी की यह अमिरिकी मुलाकात महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पाकिस्तान और चीन में हलचल मच गई है। दोनों देश अमेरिका की मुलाकात से परेशान है। आखिर प्रश्न है कि अमेरिका की यात्रा से भारत को क्या फायदा होगा? मोदी अमेरिका यात्रा के दौरान अनेक उधोगपतियों से मुलाकात भी करेंगे। भारत मे इन्वेस्टमेंट को लेकर भी बातचीत होगी। मोदी की अमेरिका की मुलाकात के दौरान माइकोंन टेक्नोलॉजी और करीब एक अरब डालर का इन्वेस्टमेंट की घोषणा हो चुकी है। मोदी के अमेरिका के दौरे के बाद भारत की अंतराष्ट्रीय ताकत में इजाफा होगा। अमेरिका की धरती से भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता का प्रसार कर अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन से मोदी की मुलाकात होगी। भारत अमेरिका के बीच भागीदारी पर चर्चा की जाएगी। भारत दुनिया के लिए आदर्श और वसुधैव कुटुम्बकम की धारणा वाला देश है। इस दौरान संरक्षण उत्पादन का सौदा भी संभव है। भारत की इस मुलाकात से दुनिया मे संदेश जायेगा। भारत की बढ़ती ताकत से पाकिस्तान और चीन बौखलाए हुए है। उनको भारत की तरक्की नही पचती है। पाकिस्तान का पिट्ठु चीन हर हरकत पर भारत को टारगेट करता आ रहा है। भारत के विकास से चीन से दुनिया की नजर हटकर भारत पर टिकी है। उससे इस बात का मलाल है कि भारत हमसे आगे क्यो? हिन्द प्रशांत सागर में पचास से ज्यादा देश और टापू है। इस प्रदेश में चीनी प्रभाव बढ़ रहा है। चीन ने बेल्ट एंड रोड परियोजना की पहल के अंतर्गत पप्पूआ न्यू गिनी नजदीक सोलोमन टापू समूह के साथ एक सुरक्षा समझौता करार किया है। इस टापू का झुकाव चीन की तरफ ज्यादा बढ़ गया है। यह क्वाड देशो के लिए चिंता का विषय है। इस पर अमेरिका की मुलाकात दौरान इस बात पर जोर दिया जाएगा और अमेरिका चाहता भी है कि भारत प्रशांत सागर के साथ अन्य ऐशियाई देशो को संगठित करके उसका नेतृत्व करें जिससे चीन का प्रभाव कम हो सके। अमेरिका हर हालत में चीन को कमजोर देखना चाहता है। नए जोश और जज्बात लिए भारत के साथ अमेरिका कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाहता है। अमरीकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करने का दूसरा अवसर है। इससे बड़ी भारत के लिए उपलब्धि क्या हो सकती है? कभी तिरस्कार और गरीब देश की श्रेणी वाला भारत आज आसमान छू रहा है। 2014 के पहले के भारत की विदेशो में ख्याति नही थी। भारत को कर्ज के लिए बहुत मशक्कत करनी पड़ी है। भारत और अमेरिका की मुलाकात भारत की साख में चार चांद लगाने तो दुनिया मे चर्चा का विषय बन गया है।

# जमीन विवाद में एक ही परिवार के कई लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** राजद नेता सह जमीन कारोबारी सुरेश राम की गुंडागर्दी गुरुवार को दिनदहाड़े देखने को मिली। दर्जनों गुर्गो को लेकर मुरपा मोड़ स्थित एक विवादित भूमि पर हमला कर दिया ।और एक ही परिवार के एक दर्जन से ज्यादा लोगों को तलवार लोहे का रॉड, हॉकी स्टिक से जमकर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। यहां तक की महिलाओं को भी नहीं बख्शा। इस घटना में दयानंद पांडे, पंचाननद पांडे, ओमकार पांडे, सच्चिदानंद पांडे, सभी पिता कृष्णानंद पांडे, सत्येंद्र पांडे, अरविंद पांडे, रुपेश पांडे, सभी पिता ब्रह्मदेव पांडे, नीलम पांडे पति सत्येंद्र पांडे, सुषमा पांडे, रुपेश पांडे, नीतू पांडे पति दीपक पांडे, काजल देवी पति सच्चिदानंद पांडे घायल हो गया। घटना के बाद सभी पीड़ित परिवार खून से लथपथ मुरपा मोड एनएच 22 सड़क को जाम कर दिया।एवं अपना इलाज कराने से भी मना कर दिया। पीड़ित परिवार ने मांग करते हुवे कहा कि दोषियों को त्वरित गिरफ्तार कर घटनास्थल पर एसपी व डीसी को बुलाया जाए। बालूमाथ पुलिस प्रशासन राजद नेता को समर्थन कर रहे हैं। क्योंकि वे लातेहार एसडीएम शेखर कुमार उनके दामाद है। सत्येंद्र पांडे ने बताया कि हम लोगों का बिना बंटवारा किए हुए मेरे चाचा गलत तरीके से जमीन की बिक्री कर दी थी। और सुरेश राम जो जमीन का कारोबारी है। इस जमीन को खरीद कर जबरन बाउंड्री मारा था। हम लोगों द्वारा दो दिन से पुलिस प्रशासन के सभी पदाधिकारियों के पास जाकर अपना फरियाद सुनाया। लेकिन किसी ने नहीं सुनी। इसी बीच सुरेश राम अपने 30-40 गुर्गो के साथ पहुंचकर लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटना शुरू कर दिया। घटना के बाद पीड़ित परिवार द्वारा सुबह 12:00 बजे से समाचार लिखे जाने शाम 6 बजे तक सड़क जाम किए हुए था। सड़क जाम से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इधर जाम की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशी रंजन, बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ,दल बल के साथ पहुंचकर लोगों को जाम खुलवाने का प्रयास किया एवं इलाज के लिए अस्पताल भेजना चाहा। लेकिन पीड़ित परिवार द्वारा यह कहा गया कि हम लोग किसी भी कीमत पर ना इलाज कराएंगे ना ही सड़क जाम को हटाएंगे।जब तक सुरेश राम एवं उसके गुर्गो की गिरफ़्तारी नहीं हो जाती है। काफी मशक्कत के बाद बालूमाथ डॉक्टर का टीम बुलाकर जामस्थल पर ही पहुंच कर लोगों का इलाज कराया। लगभग 3 घंटे घायल खून से लथपथ लोगों की स्थिति बिगड़ने लगी है तब जाकर स्थानीय लोगों के प्रयास से घायलों का इलाज अस्पताल भेज कर कराया गया। जहां चिकित्सक द्वारा ओमकार पांडे, सच्चिदानंद पांडे, अरविंद पांडे, पंचानन पांडे, नीलम पांडे ,दयानंद पांडे, रितेश पांडे, की स्थिति को गंभीर देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया, वही दूसरे पक्ष के सुरेश राम, शंकर राम व अवधेश राम तीनों मारपीट में घायल हुए है जिनका बालूमाथ सीएचसी में इलाज किया गया।

# बारियातू प्रखण्ड क्षेत्र में लगातार हाथियों का कहर जारी, दो गरीब का आशियाना उजाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र मे इन दिनों प्रतिदिन हाथियों का उत्पात जारी है. साल्वे पंचायत के रेंची ग्राम स्थित ठिठोरिया आमटोला में बिते रात हाथियों की झुंड ने बरतु गंझु पिता नान्हु गंझु की इट एलवेस्टर घर को क्षतिग्रस्त करते हुए घर मे रखे समाग्री को नस्ट कर दिया. भुक्तभोगी बरतु गंझु ने जानकारी देते हुए बताया कि घर में रखे 6 क्विंटल चावल दो बोरा अरहर, दो किलो घी खाकर चट कर दिए वहीं एक बक्सा चावल के साथ सुरक्षित रखा नगदी बारह हजार रुपए एवं बीस हजार रुपए के जेवरात भी थे उसे भी वे खा गए। पास के बिजली के तार को भी तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों के उत्पात से लगभग दो लाख रुपए की क्षति हुई है। इधर टोटी पंचायत अंतर्गत पिपराडीह गांव के बुन्दयाही टोला में दिलीप गंझु पिता रिझु गंझु के घर को भी क्षतिग्रस्त कर घर मे रखे अनाज को खाकर स्वाहा कर दिया. जानकारी देते हुए दिलीप ने बताया की चावल, दाल, खाकर स्वाहा कर दिए साथ ही घर के साईकिल, फर्नीचर सहित अन्य सामान क्षतिग्रस्त कर दिया जिसमें लगभग एक लाख रुपए का क्षति हुई। हाथियों के झुंड को ग्रामीणो ने बड़ी मस्कत से गाँव के थोड़ी दूर हटा पाये । हाथियों द्वारा उत्पात किए जाने की सूचना पाकर जिप सदस्य रमेश राम वनरक्षी सबमिट आफिसर संतोष मिंज, प्रमुख उर्मिला देवी, पीड़ितों के घर पहुंचकर नुकसान का जानकारी लिया एवं पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिलाने की बात कही। मौके पर उपस्थित जिप सदस्य रमेश राम ने कहा कि वन विभाग यदि हाथियों से उत्पात का स्थाई समाधान नहीं निकालती हैं तो बाध्य होकर वन विभाग के खिलाफ आंदोलन करेंगे. स्थानीय राशन डीलर महेश राम से बातकर पीड़ित परिवारों के लिए अनाज उपलब्ध कराया. ग्रामीणों ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए टार्च,मशाल के लिए मोबिल और डीजल की मांग वन विभाग से किया है। ज्ञात हो की बारियातू प्रखंड क्षेत्र मे पिछले तीन दिनों से लगातार हाथियों का उत्पात जारी है. बिते कुछ माह पूर्व क्षेत्र कई महिला पुरुषों को जान जान ले चुके हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों की झुंड को अविलम्ब हटाने की गुहार लगाई है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया महाजनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखणड के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में नौ वर्ष पुरा होने पर चलाए जा रहें हैं महाजनसंपर्क अभियान के निमित्त बृहस्पतिवार को बुथ नंबर 176 एवं 177 के मतदाताओं के घर- घर जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धि को बताया गया।एवं वरिष्ठ मतदाता के घर जाकर कार्यकर्ताओं ने उनसे आशीर्वाद प्राप्त किए।अभियान का नेतृत्व कर रहे मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का यह नौ वर्ष पुरा हो गया। सुशासन और गरीब लोगों के लिए अच्छा ही रहें हैं। उनके सफल नेतृत्व के कारण अंत्योदय के मूलमंत्र सशक्त किसान समृद्ध भारत नारी तू नारायणी महिला सशक्तिकरण, सशक्त बनती अमृत पीढ़ी, निरोगी जीवन सबका अधिकार, मध्यम वर्ग का जीवन हुआ आसान, बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व विकास, सांस्कृतिक विरासत का नया युग, ऐसे अनेक जनकल्याणकारी कार्य हुए हैं। इस तरह से पार्टी के कार्यकर्ता एवं नेता गिद्धौर प्रखंड के सभी बुथों पर यह अभियान के तहत जनता को केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाएं के बारे में जानकारी देते हुए आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी अध्यक्ष लखन दांगी, सुरेश प्रसाद राणा बिकास कुमार विनोद कुमार, दशरथ दांगी, कैलाश दांगी, युगल किशोर, शिवकुमार दांगी, राजेश कुमार दांगी, रामदेव साव, किशोर दांगी, संजु कुमार, इंदर दांगी, वकील सिंह भोक्ता, गंगाधर दांगी समेत कई लोग शामिल थे।

# डोडा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया अनुमंडल पुलिस ने गुरुवार को चिलोई मोड़ के समीप से 85.700 किलोग्राम डोडा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों मे वशिष्ट नगर थाना क्षेत्र के तिलैया गांव निवासी प्रकाश कुमार यादव और सदर थाना क्षेत्र के दुधौरी गांव निवासी कल्लू उर्फ कारु यादव का नाम शामिल है। पुलिस ने उनके पास से 6 बोरी में रखें 85.700 किलोग्राम डोडा के अलावा एक काले रंग का हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल, एक ग्रे रंग का हौंडा ड्रीम और एक काले रंग का हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल जब्त किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस अधीक्षक को कई दिनों से सूचना प्राप्त हो रही थी कि ग्राम इचाक से चिलोई जाने वाले रास्ते में कुछ लोग डोडा लेकर जाते हैं। सूचना के सत्यापन के लिए चिलोई मोड़ पर वाहन चेकिंग लगाया गया। वाहन चेकिंग के क्रम में अचानक तीन मोटरसाइकिल तेजी से आते दिखाई दिए। किंतु दूर से उन्होंने वाहन चेकिंग कर रहे सशस्त्र बलों को देख लिया और मोटरसाइकिल छोड़कर जंगल की ओर भागने लगे। सशस्त्र बलों ने उनमें से दो को खदेड़ कर पकड़ा। जिसके बाद मोटरसाइकिल की तलाशी लेने पर उक्त डोडा बरामद किया गया। इस बाबत गिरफ्तार तस्करों के विरुद्ध कुंदा थाना में विभिन्न सुसंगत धाराओं के विरुद्ध मामला दर्ज कर गिरफ्तार तस्करों को जेल भेज दिया गया है जबकि अन्य फरार तस्करों के विरुद्ध छापामारी की जा रही। छापेमारी अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अलावा, कुंदा थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अंगरक्षक और थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# थाना परिसर में डायन कुप्रथा जागरूकता अभियान चलाया गया



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना परिसर में बृहस्पतिवार को डायन कुप्रथा जागरूकता अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने को लेकर बैठक की गई। बैठक थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव की अध्यक्षता एवं निगरानी में किया गया। संचालन एसआई विजय गुप्ता के द्वारा किया गया। जहां प्रखंड से पहुंचे अनेकों जनप्रतिनिधि,राजनीतिक, गणमान्य एवं ग्रामीण उपस्थित हुए। लोगों के बीच बताया गया कि अंधविश्वास हटाना है। एवं लोगों को जागरूक करना है। संबंधित कई जानकारियां प्रशासन की ओर से बतलाई गई। डायन प्रथा सामाजिक अभिशाप है। डायन कुप्रथा को हटाना है। एवं समाज को स्वच्छ बनाना है। डायन कुप्रथा अंधविश्वास है। जिससे लोगों को बचने की जरूरत है। किसी को डायन कहना एवं डायन बताकर प्रताड़ित करना कानूनन अपराध है। ओझा गुनी करना कानूनन अपराध है। थाना प्रभारी ने बताया कि 3 जुलाई 2001 के तहत इन सभी के प्रति लोगों को कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिसमें डायन कहने वाले व्यक्ति को 3 माह की सजा एवं ?1000 का जुर्माना हो सकता है। प्रताड़ित करने वाले व्यक्ति को 2000 की जुर्माना एवं 1 साल की सजा हो सकती है। इस तरह की जानकारियां थाना प्रभारी ने बताया। मौके पर उपस्थित भाजपा अध्यक्ष कपिल कुमार सांसद सह महामंत्री मनोज कुशवाहा मंझगांवा पंचायत के उप मुखिया गणेश सिंह महेंद्र राम महादेव दांगी लखन दांगी चमारी दांगी बृजेश सिंह मुकेश साव देवनारायण दांगी महावीर दांगी एवं दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## होनहार छात्र बिलसन कुमार का जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिलसन कुमार ग्राम पंचायत बरवईया प्रखंड मनिका के रहने वाला लातेहार आवासीय विद्यालय चिल्ड्रेन पैराडाइज के छात्रावास में रहकर तैयारी करता था। परिणाम आने से विद्यालय सहित परिवार में खुशी का लहर है। एवं विधालय के शिक्षक शिक्षिकाएं समेत स्थानीय कई गणमान्य लोगों ने हर्ष जताया है। और उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## वज्रपात से एक महिला की मौत, गांव में शोक

**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आकाशीय बिजली का कहर, वज्रपात से एक महिला की मौके पर हीं मौत हो गयी है। यह घटना टंडवा थाना क्षेत्र के कुड़लौंगा गांव की घटना है। जानकारी के अनुशार मृतका अपने घर के बगल में पालतू जानवर बांधा हुआ खोलकर अपने घर ले जा रही थी। इसी बीच जोरदार कड़क के बीच वज्रपात हो जाने से कुड़लौंगा गांव निवासी टीपू देवी की मौत हो गई। मृतक के पति जुगेश भुइयां ने प्रखंड प्रशासन से मदद का गुहार लगाया है।

# 14 हाथियों के झुंड ने हाथडीह के गंझू टोला में किया 2 घर ध्वस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** थाना क्षेत्र अंतर्गत झाबर पंचायत के हाथडीह गंझू टोला में 14 हाथियों के झुंड ने सूबेदार उरांव एवं कबिंदर उरांव के घर को पूरी तरह ध्वस्त करते हुए घर में रखे दर्जनों बोरा चावल चना, गेहूं, राहड़ ,आलू आदि को पूरी तरह से चट कर गए एवम खेत में लगे खेती को पूरा खा गए। जिससे पीड़ित परिवार को लाखो रुपए का नुकसान हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा झाबर मुखिया पति बासुदेव उरांव मौके पर पहुंच पीड़ित परिवार के नुकसान की भरपाई के लिए वन विभाग से उचित मुआवजा की मांग किया साथ ही कहा कि बीते 3 वर्षा से इस छेत्र में सैकड़ों घटनाएं हाथियों के द्वारा हो चुकी है फिर भी वन विभाग चुप है। सिर्फ मुवावजा की राशि दे देने से क्या क्या पीड़ित परिवार का दुख दूर हो जाएगा। लोगो में वन विभाग के प्रति रोष देखा जा रहा है। मौके पर अमित पासवान, रघुनंदन सोनी, गजेंद्र, हिमांशु सुकुल गंझु, कैलाश गंझु, गोपाल गंझु, अमरीका गंझू, अजय गंझु, जालेंद्र गंझू, सुलेखा गंझू, मंजू गंझू, सुसीला देवी समेत दर्जनों ग्रामीणों मौजूद रहे।

# आक्रमण जी उर्फ रामविनायक सिंह भोक्ता के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** थाना क्षेत्र अंतर्गत लावालौंग में अवस्थित घर पर कांड संख्या 23/20 के आलोक में फरार चल रहे आरोपी आक्रमण जी उर्फ़ राम विनायक सिंह भोक्ता के घर पर एस0आई0 रोहित कुमार ने पुलिया इश्तेहार चिपकाया है। यह जानकारी देते हुए थाना प्रभारी बमबम कुमार ने बताया कि उक्त आरोपी के ऊपर नक्सली गतिविधि में शामिल रहने का आरोप है। साथ ही इसी आरोप के आलोक में सन 2020 में कांड संख्या 29/20 के तहत मामला दर्ज कर कई बार छापेमारी भी की जा चुकी है। लेकिन अभी तक अभियुक्त को पकड़ा नहीं जा सका है। आरोपी के घर न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार चिपकाया गया है। यदि आरोपी कुछ दिनों में थाना या न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है तो कोर्ट के आदेश पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस्तेहार चिपकाने के दौरान जिला पुलिस और आईआरबी के जवान उपस्थित थे।

# मम्मा सरस्वती का स्मृति दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय लातेहार बाईपास रोड सोन भवन में मम्मा सरस्वती की स्मृति दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मम्मा के चित्रों में सभी भाई बहनों ने माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजालि अर्पित किया। एवं बी के गंगोत्री और बी के आशा बहन ने बताया कि मम्मा का जन्म 1920 मे माता रोचा पिता पोकर दास के घर अमृतसर पंजाब मे हुवा था। अल्प आयु में ही बाबा का ज्ञान मिला और शुरु से ही ज्ञान को धारण कर औरों को सुनाती थी। सभी भाई बहनों को माँ की तरह पालना देती थी। और सभी का दिल जीत लिया था। आरम्भ से ही मम्मा की भूमिका ज्ञान यज्ञ में विशिष्ठ रही ओम मंडली 1950 में माउन्ट आबू में बस गयी और सम्पूर्ण भारत में सेवा का विस्तार होने लगा मम्मा ब्रह्मा बाबा के दाहिना हाथ थी 28 वर्षो के निरंतर ज्ञान मंथन व तीव्र पुरुषार्थ के बाद जून 1965 में सम्पूर्ण बन गई। इस कार्यक्रम में बी के नविन आशीष बिनोद, अनिल, रुपेश भाई, बी के ज्योति, सुनीता, पूनम, कंचन, खुशबु, तथा अनेक भाई बहनों ने भाग लिया।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हो गया। बैठक में आपूर्ति कार्यालय द्वारा क्रियान्वित विभिन्न कार्य यथा राशन कार्ड वितरण, एनएफएसए वितरण, जेएसएफएसएस, मुख्यमंत्री दाल भात योजना समेत अन्य योजनाओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान ज़फर खिजरी ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिले में किये गए खाद्य वितरण की जानकारी दी। बताया गया कि मई 2023 के प्राप्त आकड़े अनुसार चतरा राज्य स्तर पर पांचवें पायदान पर है तथा जून 2023 के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार चतरा राज्य स्तर पर तीसरे स्थान में है। उपायुक्त ने चतरा, सिमरिया, म्यूरहण्ड, लावालौंग और टंडवा समेत अन्य प्रखंड जिनके द्वारा लक्ष्य के अनुरूप काम न कर पाने पर नाराज़गी जताते हुए खाद्य वितरण के कार्यों में सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया। झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रखंडवार किये गये कार्यों की जानकारी दी गई जिसमें प्रतापपुर, इटखोरी और टंडवा में उपेक्षा अनुरूप कार्य न होने पर उपायुक्त ने रोष ज़ाहिर करते हुए सभी असंतोषजनक काम करने वाले प्रखण्ड विशेषकर म्यूरहण्ड को सख्त निर्देश दिया कि यथाशीघ्र आवश्यक कदम उठाते हुए सभी कार्यों में सुधार लाया जाए। धोती, साड़ी, लुंगी वितरण के तहत किये कार्यों की प्रखंडवार जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने सख्त निर्देश दिया कि उक्त कार्य मे लापरवाही के खिलाफ नियमानुसार सख्त कारवाई की जाएगी। उन्होंने म्यूरहण्ड समेत सभी अन्य प्रखण्ड जिनका कार्य असंतोषजनक है उनको कार्य मे जल्द सुधार लाने का निर्देश दिया।दाल भात योजना अंतर्गत उपायुक्त ने उक्त योजना के उन्नयन पर चर्चा कर निर्देश दिया कि बैठने एवं खाने की व्यवस्था हेतु टेबल,कुर्सी और बर्तन का आकलन तैयार कर प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि उक्त योजना के तहत हर दाल भात केंद्रों में खाना बनाने हेतु गैस सिलिंडर का प्रयोग सुनिश्चित किया जाए तथा हर केंद्रों के रख रखाव और रंग रोगन कार्य पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में धान के लिए सक्रिय गोदामों के अभाव की जानकारी मिलने पर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले में जितने भी जीर्ण शीर्ण गोदाम हैं उनको तत्काल दुरुस्त करवाया जाए तथा जितने भी गोदाम का उद्घाटन करवाया जा चुका है उन्हें तत्काल क्रियाशील अवस्था मे रखा जाए। बंद पड़े गोदामों के बारे में उन्होंने कहा कि नियमानुसार सारी प्रक्रिया पूर्ण कर उनको खुलवाया जाए तथा साफ सफाई के उपरांत खाद्य सुरक्षा मानकों के अंतर्गत उन्हें स्वीकृत कर उन्हें तुरंत क्रियाशील किया जाए। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान ज़फर खिजरी, संबंधित प्रखंड़ो के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित सभी अन्य संबंधित मौजूद थे।

# प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर के शिक्षक संतोष सेठ को मिला साहित्यकार सम्मान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय के शिक्षक व कवि संतोष सेठ को नव उदित साहित्यकार सम्मान 2023 में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान इन्हें साहित्य एवं लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। जिसका आयोजन महाकालेश्वर की भूमि मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के शुभ शालीन स्प्रिंग होटल के सभागार में 18 जून को नव उदय पब्लिकेशन ग्वालियर के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रुप से हास्य कवि विजय बेशर्म कवयित्री वंदना सोनी विनम्र एवं सुश्री सुनीता पटेल नव उदय पब्लिकेशन के शिव्या जैन एवम् ऋद्धु अग्रवाल और कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। बताते चले कि संतोष सेठ विगत कई वर्षो से लगातार रक्तदान और लेखन के कार्य से जुड़े हुए हैं। और इनकी रचनाएं निरंतर पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रही हैं। और ये साहित्य के क्षेत्र में नित नए मुकाम हासिल कर रहे हैं। इससे पूर्व भी इन्हें आगरा, उत्तर प्रदेश में अभ्युदय साहित्य सम्मान 2022 एवम् गोवा में भारतीय साहित्य रत्न पुरस्कार 2023 से नवाजा जा चुका है। ज्ञात हो कि रांची जिला के तमाड़ प्रखंड अंतर्गत एक छोटे से गांव परासी से आते हैं। जहां इनके पिता काशीनाथ सेठ कृषक और माता उर्मिला देवी गृहणी के रूप में कार्य करते हैं इन्होंने बारहवीं तक की शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय,रांची से उच्च शिक्षा रांची विश्वविद्यालय, रांची से प्राप्त कीया। जहां एमज़ एज़ की डिग्री अर्थशास्त्र (NET)और पंचपरगनिया (JRF/NET) दोनों विषयों में हासिल किया है। वर्तमान में ये प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में अर्थशास्त्र के शिक्षक के रूप में पदस्थापित हैं। इनकी इस उपलब्धि से माता-पिता के साथ-साथ विद्यालय परिवार और प्रखंड के लोगों में हर्ष व्याप्त है। और इनको बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### कंजगी के ईट भट्टों में अवैध कोयलो से पक रहे ईट, फैल रहा प्रदुषण



**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना गिददी क्षेत्र के कंजगी ईट भट्टों में लगातार अवैध कोयले को इकट्ठा कर ईटा पकाने का काम किया जा रहा हैं। अवैध कोयलो की ढुलाई आस-पास के अवैध खनन स्थलो से कई साइकिलो के द्वारा किया जा रहा हैं। जिसे पूरी तरह सेटिंग गेटिंग कर अंजाम दिया जा रहा। प्रतिदिन ईट भट्टा पकाने के दरवाजे के बगल में एक से दो टन कोयला गिरा कर रखे जाते हैं। जैसे ही चिमनी को कच्चे ईटों से मजदूरों द्वारा सजाया जाता हैं। अवैध कोयले को सांचे में डालकर आग लगा दी जाती हैं। ग्रामीण बताते हैं कि ईट भट्टो से धुआ उड़ने, धूल कणो से भी क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ता जा रहा हैं। ग्रामीण क्षेत्र का स्वच्छ वातावरण दूषित होता जा रहा हैं। जबकि अवैध कोयले से कमाई करने वाले दिनोंदिन सरकार को राजस्व का चूना लगाने का काम कर रहे हैं। दूसरी ओर खुद मालामाल होते जा रहे हैं।

### आजसू मांडू विधानसभा कार्यालय में आजसू पार्टी का 37 वां स्थापना दिवस मनाया गया



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आजसू पार्टी का 37 वां स्थापना दिवस माण्डू विधानसभा स्तरीय विधानसभा कार्यालय , राँची रोड़ में मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माण्डू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो उपस्थित हुए । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेश महतो संचालन लालचन्द महतो ने किया। इस कार्यक्रम में मीडिया से नरेश महतो ने बताया कि मांडू विधानसभा में विधानसभा स्तरीय संकल्प दिवस के रूप में पार्टी का आज स्थापना दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम की शुरुआत महापुरुषों को पुष्प माला चढ़ाकर शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम में मांडू विधानसभा के कार्यकर्ता आज संकल्प लिया है कि भारी मतो से तिवारी माहतो को मांडू विधानसभा का विधायक बनायेंगे। इस कार्यक्रम मे? मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव परमेश्वर महतो, जिला परिषद सदस्य भाग-01भोला तुरी,02श्रीमती सुनीता देवी,03 तपेश्वर महतो, केन्द्रीय सदस्य हेमलाल महतो, किशुन महतो, जिला मीडिया प्रभारी जयकिशोर महतो,जिला उपाध्यक्ष महतो,मदन महतो,तेजू महतो, पवन यादव, चितु महतो, नरेश साहू, संगीता महतो,सरिता सिंह, बिना देवी, पूनम देवी, भुनेश्वर महतो,अजय मण्डल, सुरेश कुशवाहा, बैजनाथ राम, मेवालाल महतो, प्रदीप ठाकुर, बिनोद किस्कु, गुड्डू सिंह,सहदेव माँझी, बिनोद किस्कु, मोहन महतो, तिलेश्वर देवी, प्रकाश महतो,हितेन्द्र पटेल,राजा खान, बासुदेव महतो,रूपला,नितेश गुप्ता, मनोज गोप,गंगा भुइँया, संजीत गोप, पंकज महतो, मोहरा महतो आदि उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने रामगढ़ डीसी ऑफिस के समक्ष धरना प्रदर्शन दिया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ के भदानी नगर स्थित भुरकुंडा साइडिंग से हो रहे प्रदूषण के खिलाफ दर्ज़नो गांव के ग्रामीणों ने रामगढ़ उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन दिया। इस धरना प्रदर्शन में ग्रामीण अपने मांगों के समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे । ग्रामीणों ने कहा कि साइडिंग के प्रदूषण के कारण खेती बाड़ी चौपट हो रही है । खेत बंजर हो रहे हैं । ग्रामीण और आम लोग गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं । प्रदूषण पर रोकथाम की कोई भी कोशिश प्रशासन द्वारा नहीं की जा रही है। ऐसे में साइडिंग को पूर्ण रूप से बंद करके आबादी से दूर बनाया जाए।

### हजारीबाग सांसद को 5 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला रामगढ़ उपाध्यक्ष प्रेम रविदास ने सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र प्रबंधन से दो सूत्री मांग। जबकि हजारीबाग सांसद को 5 सूत्री मांग पत्र में सौंपा हैं। इसमें कहां है कि सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र सीएसआर से चुंबा के छोटकाचुम्बा बिरसा स्मृति कल्याण ट्रस्ट कार्यालय के समीप डीप बोरिंग मोटर लगाने, जबकि मंझलाचुम्बा चांदनी चौक में पानी समस्या से निजात दिलाने के लिए डीप बोरिंग मोटर स्थल निर्माण करने, हजारीबाग सांसद से शमशान शेड निर्माण लुकैया नदी में करने, छोटकाचुम्बा आंगनबाड़ी केंद्र के बिरसा स्मृति कल्याण ट्रस्ट कार्यालय तक नाला व शौचालय निर्माण करने, मंझलाचुम्बा चांदनी चौक अंबेडकर क्लब निर्माण करने, पूनम देवी के जमीन में शौचालय निर्माण करने आदि मांगे शामिल हैं। इन जन समस्याओं को देखते हुए सीसीएल अरगड्डा प्रबंधन और सांसद हजारीबाग से सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया गया हैं।

### 108 एम्बुलेंस के चालक की वज्रपात से हुई मौत

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को आसमानी बिजली के कहर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरचू में कार्यरत 108 एम्बुलेंस के चालक खुशी प्रजापति को अपने आगोश में ले लिया और शाम को हुई बारिश के दौरान वज्रपात के चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वज्रपात की घटना बोदरा के खिजुरिया टांड़ में हुई, जिसमें दो अन्य और लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आनन-फानन में सभी को 108 की मदद से शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की जानकारी लोगों को मिली तो पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया। मृतक के घर मे मातम पसरा हुआ है। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद विभाग के द्वारा उसके पार्थिव शरीर को चार 108 एंबुलेंस के साथ उसके गांव भेजा गया। इस घटना पर प्रखण्ड के जिला परिषद सदस्य वासुदेव करमाली, बीडीओ, चूरचू मुखिया पूनम बेसरा, चिकित्सा प्रभारी डॉ अशोक राम ने शोक व्यक्त किया है। गौरतलब है की मानसून की शुरुआत हो चुकी है और वज्रपात की कई घटनाएं हो चुकी है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** स्कूल रुआर बैक टू स्कूल अभियान 2023-24 के तहत उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल रामगढ़ में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त माधवी मिश्रा,जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, सांसद प्रतिनिधि इला रानी पाठक, विधायक प्रतिनिधि मांडू विधानसभा क्षेत्र नीरज झा सहित अन्य अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया गया जिसके उपरांत सभी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला के दौरान अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मोनिदीपा बैनर्जी के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्कूल रुआर 23-24 के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला के दौरान अपने संबोधन में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहां की स्कूल 2023-24 बैक टू स्कूल अभियान का उद्देश्य वैसे बच्चे जिन्होंने किसी कारणवश नामांकन के उपरांत स्कूल जाना छोड़ दिया है अथवा विद्यालय में नामांकन ही नहीं कराया, ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार माता पिता आर्थिक अथवा अन्य कारणों से बच्चों को स्कूल नहीं भेज पाते हैं।

स्कूल नहीं जाने से बच्चों को शिक्षा की ही हानि नही होती हैं बल्कि वे सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से भी वंचित रह जाते हैं। वर्तमान में सरकार द्वारा बच्चों के कल्याण के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। मौके पर उपायुक्त ने सरकारी विद्यालयों के माध्यम से बच्चों को उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाएं आदि की जानकारी दी वही बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के मद्देनजर सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के माध्यम से मिलने वाले लाभ की जानकारी देते हुए बताया कि क्यों बैक टू स्कूल अभियान का सफल संचालन जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों अन्य विभागों के अधिकारियों शिक्षकों सहित अन्य से बैक टू स्कूल अभियान में अपने महत्वपूर्ण योगदान की गंभीरता को समझते हुए कार्य करने की अपील की। कार्यशाला के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी ने बैक टू स्कूल अभियान 2023 24 को सफल बनाने में सभी से अपना योगदान देने की अपील करते हुए बच्चों को विद्यालय जाने एवं शिक्षा ग्रहण करने से उनके जीवन में होने वाले फायदे एवं इसके माध्यम से समाज के विकास के प्रति सभी को जानकारी दी।

## सिलवार दुर्घटना पर जदयू जिलाध्यक्ष ने जताया शोक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने जगन्नाथ धाम मेला सिलवार में अचानक आई प्राकृतिक आपदा वज्रपात से मृत एवं घायल व्यक्तियों के परिजनों के प्रति संवेदना और दुख व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी विपत्ति में ईश्वर प्रभावित परिवार को दुख सहन करने की शक्ति दे।उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग से तत्काल प्रभाव से पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि का भुगतान करने की जिला प्रशासन तथा आपदा प्रबंधन विभाग से मांग की है।उन्होंने कहा कि वज्रपात से बचाव के लिए पूरे क्षेत्र में प्रचार-प्रसार हो ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में बरसात के दिनों में गरज मलक में लोग सावधान रहें और अपना बचाव कर सकें।

## एचआईवी पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए एनटीपीसी ने उपायुक्त नैंसी सहाय को 3 लाख का चेक भेंट किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने अपनी नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत जिला प्रशासन हजारीबाग को 3 लाख रुपए का चेक भेंट किया। जिले में एचआईवी पीड़ित मरीजों के इलाज एवं दवाइयों की व्यवस्था के लिए एनटीपीसी ने उपायुक्त नैंसी सहाय को यह धनराशि मुहैया करवाई है। अन्य क्षेत्रों में अपनी सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए एनटीपीसी एचआईवी पीड़ित मरीजों के उत्थान के लिए भी प्रतिबद्ध है और इसी वजह से परियोजना के द्वारा कुल 6 लाख की धनराशि दिया जाएगा। आपको बता दें कि एनटीपीसी पकरी बरवाडीह की ओर से परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के अलावा आसपास के कई इलाकों में निरंतर आधारभूत संरचनाओं का विकास, जल समस्याओं के समाधान एवं सामाजिक उत्थान के कार्यों के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं। एचआईवी पीड़ितों के लिए मिली यह धनराशि निश्चित तौर पर जिला प्रशासन के द्वारा उनके उत्थान के लिए लगाया जाएगा जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हो सके। इस मौके पर चट्टी बरियातू, केरेडारी कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख अनिमेष जैन एवं फैज तैयब के अलावा पंकज ध्यानी, महाप्रबंधक (एलए आरएनआर) एवं शिव प्रसाद महाप्रबंधक बादम मौजूद थे।

## 27 को झारखंड विस्थापन के मुद्दे पर राजभवन घेराव करेगी वाम दल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड विस्थापन नीति और विस्थापित लोगों की समस्या के मुद्दे को लेकर झारखंड का वाम दल के सभी सहयोगी राजभवन का घेराव 27 जून को करेंगे। 27 जून के राजभवन घेराव के बाद नवंबर दिसंबर माह में राजधानी रांची के सड़कों पर झारखंड भर के लाखों विस्थापित प्रदर्शन करेंगे। उक्त बातें झारखंड के सीपीआई के वरीय नेता और हजारीबाग के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने पत्रकार सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि जिस तरह से झारखंड में जल जंगल जमीन की लूट मची हुई है। जिससे आज आम जनमानस में सरकार के प्रति आक्रोश नजर आ रहा है। झारखंड के हजारीबाग, चतरा, दुमका, गोड्डा जैसे जिलों में 3 लाख हेक्टेयर भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा किया गया है, जिसका ना तो ग्रामीणों को मुआवजा दिया जाता है और ना ही उन्हें विस्थापन नीति के तहत कहीं बसाया जाता है। हजारीबाग जिले के बड़का गांव प्रखंड के गोंडलपुरा गांव के ग्रामीण आज 100 दिन से अधिक समय से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं जिस पर अडानी और अंबानी और देश की महारत्न कंपनी एनटीपीसी कुंडली मारकर बैठी हुई लेकिन ग्रामीणों को न्याय देने के लिए झारखंड सरकार और केंद्र सरकार आगे नहीं आई। केवल केंद्र और झारखंड सरकार दोनों अपनी-अपनी तिजोरी भरने में लगे हैं जनता को देखने वाला कोई नहीं है इसलिए प्रदर्शन ही इनका अंतिम रूप है जिसका शुरुआत 27 जून को किया जाएगा।

## खेलकूद के आयोजन से मानसिक और शारीरिक तौर पर बच्चे रहते हैं फिट : रजनीश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में खेल कूद का आयोजन किया गया।खेल व्यक्ति को जीने की प्रेरणा देता है।उपर्युक्त कथन को चरितार्थ करते हुए।भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर के भैया बहनों ने विद्या भारती के प्रांतीय खेलकूद के तहत कबड्डी और खोखो के खेल में किशोर वर्ग भैया और किशोर वर्ग बहन के प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर। विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। दिन गुरुवार को विजेता भैया बहनों का सम्मान समारोह का आयोजन विद्यालय में किया गया।मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष अमित साहू और प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने सभी प्रतिभागी को प्रमाण पत्र और सहभागिता प्रमाण पत्र देकर इनका उत्साहवर्धन किया।रजनीश कुमार पांडेय ने भैया बहनों को कहा कि खेल जीवन में अति आवश्यक है। खेल के माध्यम से आप चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने का क्षमता विकसीत करते है।वहीं अमित साहू ने कहा कि अभी तो बस शुरुआत है,अभी हमें और भी आगे जाना है। और इसके लिये विद्यालय प्रबन्ध कारिणी समिति अपने भैया बहनों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## पर्यटन क्षेत्र पतरातू डैम में विस्थापित ग्रामीणों का हक अधिकार सुनिश्चित हो : एम रहमान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू क्षेत्र के अंतर्गत उच्चरिंगा गांव के सैकड़ों महिला-पुरुष ने पतरातू डैम पर्यटन क्षेत्र में अपने हक और अधिकार की मांगों को लेकर प्रखंड व अंचल कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। तथा धरना प्रदर्शन के बाद अधिकार सुनिश्चित करने संबंधित पांच सूत्री मांग पत्र अंचल अधिकारी को सौंपे। मांग पत्र में पर्यटन क्षेत्र पतरातू डैम में वोट परिचालन पुनः चालू करने झारखंड सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार 75 परसेंट स्थानीय विस्थापितों को पर्यटन क्षेत्र में स्थाई करने ग्रामीणों को पार्किंग संचालन करने। बनाए गए स्टॉल को विस्थापितों में आवंटित करने तथा बोट क्लब को विस्थापितों द्वारा संचालित करने की मांग की गई है।तथा मांगे पूरी नहीं होने पर पुनः आंदोलन करने की भी चेतावनी दी गई। तथा धरना प्रदर्शन को संचालित कर रहे उच्च रिंगा विस्थापित नेता मोहम्मद रहमान ने बताया कि उच्च रिंगा गांव के सैकड़ों एकड़ जमीन पीटीपीएस डैम निर्माण के लिए अधिग्रहण किया गया। लेकिन अधिग्रहण के बाद रैयत विस्थापितों को ना ही नौकरी मिली ना ही मुआवजा मिला और ना ही विस्थापितों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था हुई।आज उचरिंग के विस्थापित ग्रामीण रोजी रोजगार को लेकर दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं।आज हमारे गांव में बेरोजगारी भुखमरी की स्थिति है। एवं गांव वालों के पास पलायन करने के अलावा कोई उपाय नहीं दिख रहा है। इसलिए हम सभी ग्रामीण अपने हक और अधिकार को लेकर पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर रहे है और जल्द मांग पत्र पर विचार नहीं होने पर जोरदार आंदोलन भी किए जाएंगे। मौके पर एम रहमान,रंजीत बेसरा, योगेंद्र यादव,मुमताज अंसारी, कलाम अंसारी,दीपक सिंह, छोटन महतो,संतोष महतो, दिलशाद अंसारी, सुल्तान अंसारी, कुलदीप सिंह, लुकमान, अफरोज, नसीम, दीपक सिंह,रोहित कुमार मुंडा, राज किशोर सिंह,सद्दाम हुसैन, शाहिद अंसारी,वसीम अकरम, इफ्तिखार अंसारी,सैफुल अंसारी, लुकमान हकीम,मोहम्मद जीशान, छोटन महतो,सोहन मुंडा, सुरेश मुंडा,मीना देवी,राजकुमार सिंह आदि के साथ काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

### श्री श्री 1008 श्री विष्णु महायज्ञ सह राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकली कलश यात्रा



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ के भुताही मुरगांवो में श्री श्री 1008 श्री विष्णु महायज्ञ सह राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद् भागवत कथा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल थे। भुताही मुरगांवो नदी के किनारे सीताराम मंडल के द्वारा राधा कृष्ण मंदिर का निर्माण किया गया है। सीताराम मंडल ने बताया कि यह महायज्ञ नौ दिवसीय किया गया है। महायज्ञ में मुंबई इस्कॉन मंदिर के शिवराम दास प्रभु कथावाचक को बुलाया गया है,वह प्रतिदिन भक्तों को कथा का रसपान करवाएंगे। बनारस के आचार्य वीरेंद्र पांडेय यज्ञाचार्य के रूप में होंगे। प्राण प्रतिष्ठा ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है। कलश यात्रा में ढोल नगाड़े के साथ शंखनाद गगनभेदी नारों के साथ जल यात्रा निकाली गई थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आयोजक सीताराम मंडल, सचिव राजू साव, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय मंडल, बजरंग दल के जिला संयोजक वरुण ठाकुर, झामुमो नेता गौरव पटेल, सूरज कुमार, महादेव मंडल, संतोष मंडल, लीलावती देवी, प्रदोष मंडल, सुखदेव मंडल, जागेश्वर मंडल, हीरामन महतो, गुरु प्रसाद साव, आशीष कुमार प्रकाश प्रकाश कुमार, मुखिया लक्ष्मी कुमारी, अशोक मंडल, जयनाथ साव, नागेश्वर प्रसाद, कामेश्वर मंडल, पूर्व मुखिया कैलाश महतो, गंगाधर महतो, रामदेव प्रसाद, सरजू नायक, उमेश मंडल, राधिका देवी, तारा देवी, उषा देवी, देवंती देवी, गायत्री देवी, सुखदेव नायक, सोनू कुमार, नरेश प्रसाद, रामदेव प्रसाद, प्रेम मंडल, छेदी यादव, चिंता देवी, किरण देवी, अंजू देवी, बालेश्वरी देवी, पार्वती देवी, पूर्व पंचायत समिति कामिनी देवी, बबीता देवी, सीमा कुमारी समेत कई लोग शामिल थे।

## झारखंड आंदोलनकारियों ने 17 सूत्री मांगों को लेकर दिया धरना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय धरना स्थल में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के तत्वावधान विष्णु प्रखण्ड मुख्यालय के समक्ष 17 सुत्री मांगों के समर्थन में एक दिवसीय धरना दिया गया।धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता दुलार चंद साव तथा संचालन दिलेर आजाद ने किया। ने किया।17 सूत्री माँग पत्र में मुख्य रूप से माँग किया गया कि जल्द से जल्द विष्णुगढ़ को अनुमंडल का दर्जा दिया जाय।विष्णुगढ़ पुलिस अनुमंडल को विष्णुगढ़ में स्थापित किया जाय ।झारखण्ड आंदोलनकारियो को 15 नवम्बर 2000 से 30000 ? पेंशन दिया जाय,समेत अन्य मुद्दों के साथ आंदोलनकारियों ने अपनी मांगे रखी । धरना को संबोधित करते हुए चिन्हित आंदोलन कारी नेता चन्द्रनाथ भाई पटेल ने कहा कि जिन उद्देश्यों को लेकर झारखंड का निर्माण हुआ था वह सारा चकनाचूर हो गया। सरकार अब तक झारखंड आंदोलनकारियों को चिन्हित नहीं कर पाई है। आंदोलन कारी आज मांगों के समर्थन में धरना दे रहे हैं। बेरोजगारी का आलम यह है कि युवक कभी खाड़ी देश में जाकर रोज गार की तलाश कर रहे हैं, तो कभी देश के विभिन्न कोने में अपना दो जून की रोटी के तलाश दरदर भटक रहे।रोज़ दुर्घटनाओं के शिकार हो रहें हैं।विष्णुगढ़ पुलिस अनुमंडल बन गया पर मुख्यालय विष्णुगढ़ में न होकर सिल्वार में है।

## लक्ष्मीकांत बाजपेयी का विष्णुगढ़ में भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** गिरिडीह प्रवास के दौरान भाजपा झारखंड प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा सांसद डॉ लक्ष्मीकांत बाजपेई का आगमन विष्णुगढ़ की पावन भूमि में शुभागमन हुआ। झारखण्ड प्रदेश प्रभारी के विष्णुगढ़ आगमन के साथ ही उन्होंने सर्वप्रथम झारखण्ड राज्य अलग के आंदोलनकारियों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले विष्णुगढ़ के माटी के लाल,माण्डू विधानसभा से पाँच बार विधायक एवं गिरिडीह से साँसद रह चुके स्व0 टेकलाल बाबू के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। भाजपा द्वारा चल रहे राष्ट्व्यापी आंदोलन महा जनसंपर्क अभियान के तहत विष्णुगढ़ सात मील चौक में एम0एस कॉम्प्लेक्स में झारखण्ड प्रदेश प्रभारी डॉ0लक्ष्मीकांत वाजपेई,प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल,महाजनसंपर्क अभियान प्रभारी सत्येंद्र सिंह एवं हज़ारीबाग सदर विधायक मनीष जैसवाल का भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।एम0एस कॉम्प्लेक्स में पूर्वनियोजित कार्यक्रम में डॉ0 लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने आसपास के वरिष्ठ एवं प्रबुद्ध जनों को बुके एवं शॉल देकर सम्मानित करने के साथ वार्ता करते हुए पीएम मोदी के 9 साल के सेवा, सुशासन और विकास कार्यो को सबके बीच मे रखते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर मोदी सरकार और भाजपा के पक्ष में प्रचंड बहुमत देने का आग्रह किया। इस मौके पर मुख्य रूप से पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मण्डल,पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो,पूर्व मंडल अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि डोमन गुप्ता,उपाध्यक्ष महादेव मंडल, महामंत्री गुरु प्रसाद साव,जिला भाजयुमों उपाध्यक्ष हिरामन महतो,साँसद प्रतिनिधि शुशील कुमार मंडल,पूर्व साँसद प्रतिनिधि शम्भूनाथ पाण्डेय,जयवीर प्रसाद बर्मन, वीरेंद्र उपाध्याय,कमला प्रसाद, मंत्री राजेश,हरि यादव, सोनी,मीडिया प्रभारी जीवन सोनी, अशोक भाई पटेल,राकेश कुमार बर्णवाल,महेंद्र राम,दीपक रजक, महेंद्र कुमार महतो,लखन महतो, पंचम महतो,किशोर यादव,चेतलाल महतो समेत काफी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही ।

### श्री श्री राधा-कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकली कलश यात्रा


**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** -विष्णुगढ़ के भुताही मुरगांवो में श्री श्री 1008 श्री विष्णु महायज्ञ सह राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद् भागवत कथा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल थे। भुताही मुरगांवो नदी के किनारे सीताराम मंडल के द्वारा राधा कृष्ण मंदिर का निर्माण किया गया है। सीताराम मंडल ने बताया कि यह महायज्ञ नौ दिवसीय किया गया है। महायज्ञ में मुंबई इस्कॉन मंदिर के शिवराम दास प्रभु कथावाचक को बुलाया गया है,वह प्रतिदिन भक्तों को कथा का रसपान करवाएंगे। बनारस के आचार्य वीरेंद्र पांडेय यज्ञाचार्य के रूप में होंगे। प्राण प्रतिष्ठा ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है। कलश यात्रा में ढोल नगाड़े के साथ शंखनाद गगनभेदी नारों के साथ जल यात्रा निकाली गई थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आयोजक सीताराम मंडल, सचिव राजू साव, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय मंडल, बजरंग दल के जिला संयोजक वरुण ठाकुर, झामुमो नेता गौरव पटेल, सूरज कुमार, महादेव मंडल, संतोष मंडल, लीलावती देवी, प्रदोष मंडल, सुखदेव मंडल, जागेश्वर मंडल, हीरामन महतो, गुरु प्रसाद साव, आशीष कुमार प्रकाश प्रकाश कुमार, मुखिया लक्ष्मी कुमारी, अशोक मंडल, जयनाथ साव, नागेश्वर प्रसाद, कामेश्वर मंडल, पूर्व मुखिया कैलाश महतो, गंगाधर महतो, रामदेव प्रसाद, सरजू नायक, उमेश मंडल, राधिका देवी, तारा देवी, उषा देवी, देवंती देवी, गायत्री देवी, सुखदेव नायक, सोनू कुमार, नरेश प्रसाद, रामदेव प्रसाद, प्रेम मंडल, छेदी यादव, चिंता देवी, किरण देवी, अंजू देवी, बालेश्वरी देवी, पार्वती देवी, पूर्व पंचायत समिति कामिनी देवी, बबीता देवी, सीमा कुमारी समेत कई लोग शामिल थे।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# भाजपा ओबीसी मोर्चा खलारी मंडल की कार्यसमिति बैठके कर संगठन विस्तार सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खलारी :** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा खलारी मंडल की कार्यसमिति बैठक मंडल अध्यक्ष मिथलेश प्रजापति की अध्यक्षता में गुरुवार को चुरी मध्य पंचायत सचिवालय में किया गया। कार्यसमिति की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि शर्मा के द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के छाया चित्र के समक्ष दीप, धूप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। बैठक में वर्तमान में झारखण्ड सरकार की ओबीसी विरोधी गतिविधियों, आनेवाले चुनाव एवं ओबीसी वर्ग के सर्वमुखी विकास के अलावे अन्य विंदुओं पर चर्चा किया गया। चर्चा में विस्तृत जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष ने भाजपा के मूल सिद्धांतों एवं नीतियों पर प्रकाश डालते हुए केंद्र सरकार की अब तक कि उपलब्धियों पर जानकारी दी। वहीं ओबीसी आयोग, इंसोरेंस, राजनीतिक, समाजिक, व्यवहारिक एवं संगठनात्मक शक्ति आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने व्यवहारिक सम्बन्धों, सदस्यों की उपस्थिति, अनुशासन, सदस्यता बढ़ाने, पार्टी की उपलब्धि एवं योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाने आदि विषयों पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग बहुत बड़ा और विस्तृत वर्ग है, किसी भी राजनीतिक पार्टी की दशा एवं दिशा तैयार करने में अहम योगदान होता है। परंतु ओबीसी वर्ग जातियों में विभक्त है। हमें सभी को एक साथ लेकर चलना है। हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नारा ÷सबका साथ सबका विकास÷ जन जन तक पहुँचाना है। वही जिला परिसद ने कहा कि झारखंड सरकार ओबीसी आरक्षण लागू किए बिना त्रिस्तरीय चुनाव करा कर ओबीसी को प्रतिनिधित्व से वंचित रखा। इस बात पर ओबीसी मोर्चा ने भारी रोश व्यक्त किया, समय पर इसका जवाब देने की बात कही।

# बिजली तार के चपेट में आने से दो गाय की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के दरसिला मसियातु गांव में गुरूवार लगभग 11 बजे बिजली तार के चपेट में आने से किसान प्रदिप भगत पिता स्व0 खुदी भगत के दो दुधारू गाय की मौत हो गयी। बुधवार की शाम आये आंधी तुफान से देशवाली चैरा में बिजली तार टुट कर जमीन में बिखर गया था। आज प्रदिप के भाई संदीप भगत 7-8 गाय को चराने के लिए खेत तरफ ले जा रहे थे। तभी जमीन में बिखरे तार जिसमें अभी बिजली थी दो गायों को चपेट में ले लिया। बिजली के चपेट में आने से दोनो गायों की मौके पर ही मौत हो गयी। दो गायों की अचानक मौत से किसान प्रदिप काफी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा है। घटना की खबर मिलते ही पंचायत की मुखिया गंगी कुमारी पीड़ित परिवार से मिले और पशुपालन पदाधिकारी से दुरभाष से बात कर आपदा प्रबंधन के तहत् मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया। मौके पर मुखिया गंगी कुमारी के साथ पंचायत समिति सदस्य इशरत प्रवीन, मुखिया प्रतितिनिध कुलदीप उराँव, कुदूस अंसारी, ईरफान अंसारी, रिजवान अंसारी, दिनेश महतो, चुनी राम भगत, बेलाल अंसारी व हसन अंसारी, बंधन उराँव, अचरज उराँव, मनिष उराँव, जितेन्द्र साय साथ में थे। बेड़ो प्रखंड में पिछले तीन दिनों से आपदा से 7 पलतु दुधारू जानवरों की मौत हो चुकी है।

# भाजपा नेता कमलेश राम शोकाकुल परिवार से मिले

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**ओरमांझी :** बीते दिनों बीआईटी मेसरा में निवासी सिमरन गंझू की वज्रपात से आकस्मिक निधन हो गया था।झारखंड भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम ने पीड़ित परिवार से मिले, और शोकाकुल परिवार को ढाढ़स बंधाया। साथ ही साथ श्राद्धकर्म हेतु खाद्य सामग्री सहयोग किया। विदित हो कि घटना के दिन ही कमलेश राम कांके अंचल अधिकारी से संपर्क कर इस घटना की जानकारी दिया। और पीड़ित परिवार को कुछ आर्थिक सहयोग भी कराया था। शोकाकुल परिवार से मिलते हुए तुरंत अंचलाधिकारी दिवाकर द्विवेदी से बात कर आपदा राहत कोष से चार लाख रूपये मुआवजा जल्द से जल्द देने का आग्रह किया। अंचलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि वज्रपात से हुई मौत के मामले में मृतक के परिजनों को चार लाख रुपये आपदा प्रबंधन द्वारा देने का प्रावधान है. जिसे जल्द से जल्द दिया जाएगा।अंचल अधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और कुछ दस्तावेजों के आधार पर यह राशि परिजनों को उपलब्ध करा दिया जाता है।मौके पर कमलेश राम ने कहा कि इस दुख की घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ हूं और इन्हें जल्द ही आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुसार मदद दिलाने का प्रयास करूंगा। मौके पर आशु वाल्मीकि, राजा मिर्धा, जॉन्शन कच्छप, शंकर करमाली, सागर अंबेडकर उपस्थित थे।

# एक्यूप्रेशर परिषद, ब्रम्हा कुमारी, महिलोंग मे मनाया गया विश्व योग दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र टाटीसिल्वे द्वारा विश्व योग दिवस धूमधाम से मनाया गया ।जिस के मुख्य अतिथि भूतपूर्व विधानसभा सचिव एवं झारखंड विद्युत बोर्ड लोकायुक्त महेंद्र प्रसाद ,विशिष्ट अतिथि डॉक्टर श्रीप्रकाश बनवास राष्ट्रीय अध्यक्ष एक्यूप्रेशर परिषद योग, शिक्षक पतंजलि योगपीठ से सुदामा सिंह ,विजय महतो ,टाटी पूर्वी के मुखिया कृष्णा पाहन एवं डॉक्टर मधुसूदन पांडे सचिव एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । मुख्य अतिथि महेंद्र प्रसाद ने योग दिवस पे सबको बधाइयां दी एवं करें योग रहें निरोग। योग से कई एक बीमारियों का निदान किया जा सकता है। इन्होंने बताया की योग प्राचीन ऋषि-मुनियों का देन है इसे हम भूलते जा रहे हैं । इस को अपनाना बहुत ही जरूरी है डॉक्टर श्री प्रकाश बर्नवाल राष्ट्रीय अध्यक्ष एक्यूप्रेशर परिषद ने कहा की एक्यूप्रेशर योगा शरीर के विभिन्न ग्रंथियों को प्राण ऊर्जा में तब्दीली कर दीर्घायु स्वस्थ जीवन जीने का अद्भुत प्राकृतिक कला है। वहीं डॉ मधुसूदन पांडे सचिव एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा ने कहा कि एक्यूप्रेशर योगा प्राकृतिक पर्यावरण से जुड़ने की अद्भुत कला है इसे अपनाकर हम पर्यावरण की रक्षा तो करते ही हैं साथ ही साथ निरोग और दीर्घायु भी बनते हैं । नियमित एक्यूप्रेशर योग करने से जटिल से जटिल बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है । कार्यक्रम का संचालन बलराम महतो ने किया । योग शिक्षक सुदामा सिंह के द्वारा सभी मरीजों प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को छोटा-छोटा योग जैसे सर्वाइकल ह्यद्यद्बश्च स्रद्बह्यष्, घुटना दर्द शुगर के लिए योग बताया गया । शिविर में स्वतंत्र राष्ट्र के अध्यक्ष मोहन मिश्र, मां एक्यूप्रेशर सेंटर के सरस्वती कुमारी ,रुकमणी कुमारी, प्रीति कुमारी ,नरेश महतो के अलावा कई एक गणमान्य सम्मिलित हुए। धन्यवाद ज्ञापन ओम कुमार पांडे के द्वारा किया गया। दूसरी ओर ब्रम्हा कुमारी मे भी कुमारी लक्ष्मी बहन के नेतृत्व मे योगा का कार्यक्रम कि गई, जिसमे आत्मा से परमात्मा का मिलन मे योग क स्थान एवम महिलोंग पंचायत मे भी मुखिया संदीप तिर्कि, उप प्रमुख नामकुम वीणा कुमारी के नेतृत्व मे भी विश्व योग दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कि गई। जिसमे आस पास के ग्रामीण स्वस्थ रहने गुर सिखे।

## कुष्ठ रोगियों कि पहचान हेतु सर्वे

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुष्ट रोगियों कि पहचान हेतू चतरा पंचायत मे सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। सर्वे का नेतृत्व सहिया बेबी देवी कर रही है। सर्वे कर उन्हे दवाइयाँ, चिकित्सा लाभ एवम आर्थिक मदत कि जा सके। इस अभियान मे समाज सेवी एवम ग्रामीण भी मदत कर रहे है।

## विधायक के द्वारा स्वास्थ्य उप केंद्र के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत मुरी टुगड़ी पार्क के समीप बुधवार के दिन 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य)निधि अंतर्गत स्वास्थ्य उप केंद्र मुरी के निर्माण कार्य का शिलान्यास सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो के द्वारा किया गया। शिलान्यास के दौरान महतो ने कहां की स्वास्थ्य उप केंद्र के निर्माण होने से यहां के गरीबों को इलाज कराने में काफी मदद मिलेगी।

## हुटाप पंचायत से लाखों रुपये का सामान चोरी, बीती रात्रि अज्ञात चोरों के द्वारा दिया गया घटना को अंजाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत भवन से लाखों रुपये का सामान की चोरी, मुखिया ने थाना में लिखित आवेदन देकर घटना की जानकरी दी। मिली जानकारी के अनुसार हुटाप पंचायत भवन से लाखों रुपये का इलेक्ट्रॉनिक समान की चोरी का घटना का अंजाम बीती रात्रि अज्ञात चोरों के द्वारा दिया गया। बताया जाता है कि अज्ञात चोर पंचायत भवन का खिड़की के रॉड काटकर घुसे थे। उसके बाद रात्रि में पंचायत भवन में लगे छः पंखा,सीसीटीवी का हार्डडिस्क, इनवर्टर बैटरी ,महिला समूह सदस्यों का रजिस्टर अथवा दो दर्री सहित अन्य चोरी कर चलते बने। वही पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। चोरी की घटना के संबंध पंचायत के मुखिया ने बताया कि सुबह के समय ग्रामीणों ने सूचना दिया। उसके बाद पंचायत भवन का गेट खोलकर देखा गया तो पता चला कि भवन में लगे कई उपकरण चोरी कर ले उड़े चोर।


## जवाहर नवोदय विद्यालय,चतरा (झारखण्ड)

### आम सूचना

जवाहर नवोदय विद्यालय चतरा में सत्र 2024–25 कक्षा – 6 में नामांकन (जो ज.न.वि.सिलेक्सन टेस्ट के द्वारा होता है) हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन – पत्र आमंत्रित किया जाता है।
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पोर्टल खुला है :–20/06/2023 से
आवेदन करने की अंतिम तिथि :–10/08/2023
प्रवेश परीक्षा की तिथि :–20/01/2024 (शनिवार)
अधिक जानकारी समिति की वेबसाइट www.navodaya.gov.in
अथवा कार्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, चतरा से संपर्क करें।
आवेदन हेतु लिंक :–
https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs/?AspxAutoDetectCookieSupport=1
आवेदन–नि:शुल्क

प्राचार्य
ज0न0वि0,चतरा ।

PR 300653 School Education and Literacy(23-24)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़

### –: सूचना :–

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 24/2022–23 जिसकी PR 291780 Building(2022-23_)D के क्रम सं0–01 को छोड़कर क्रम सं0–02, 03 एवं 04 को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है। निविदा के अन्य शर्तें एवं सूचनाएँ यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, रामगढ़

PR300684 (Building)23-24*D



## जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

### संशोधित
### मत्स्य स्पॉन आपूर्त्ति हेतु सरकारी मान्यता प्राप्त हैचरी संचालकों से अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण

मत्स्य स्पॉन आपूर्त्ति हेतु सरकारी मान्यता प्राप्त हैचरी संचालकों से अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्रों में PR300179FISH(23-24)D दिनांक 16.06.2023 को की गयी थी। निविदा के शर्त्तों में आंशिक संशोधन किया गया हैं। निविदा की आंशिक संशोधन की शर्त्तों को www.latehar.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। निविदा **दिनांक 27.06.2023 के अपराह्न 1:30 बजे तक** यदि प्रथम तिथि पर किसी कारणवश निविदा रद्द होने पर क्रमशः दिनांक 06.07.2023, दिनांक 13.07.2023 को अपराह्न 1:30 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार में आमंत्रित की जाती है एवं निविदा उप विकास आयुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में दिनाक 27.06.2023 को अपराह्न 3:30 बजे, यदि प्रथम तिथि पर नहीं होने पर क्रमशः दिनांक 06.07.2023, दिनांक 13.07.2023 को अपराह्न 3:30 बजे उप विकास आयुक्त/अपर समाहर्त्ता, लातेहार के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी।

PR300629 (Fish)23-24*D — जिला मत्स्य पदाधिकारी लातेहार



## कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

### प्रेस विज्ञप्ति

श्री अतुल सुशांत मिंज, लिपिक, कार्यालय जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची दिनांक 20.12.2020 से 29.12.2020 तक के लिए आकस्मिक अवकाश का आवेदन देकर अद्यावधि तक अनाधिकृत रूप से कार्यालय से अनुपस्थित हैं। श्री मिंज को कार्यालय के कई पत्रों द्वारा योगदान देने हेतु निदेश दिया गया, परंतु उनके द्वारा आज तक अपने कर्तव्य पर योगदान नहीं दिया गया है, जो सरकारी सेवक आचार नियमावली के विरूद्ध है। इस संबंध में दिनांक 05.10.2021 एवं 28.01.2023 को दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचना प्रकाशित की गयी थी। परंतु अद्यावधि तक श्री मिंज द्वारा अपने कर्तव्य पर योगदान नहीं दिया गया और न ही किसी प्रकार का स्पष्टीकरण/पक्ष कार्यालय में जमा किया गया।

पुनः इस विज्ञप्ति के माध्यम से श्री अतुल सुशांत मिंज, लिपिक को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 25.06.2023 तक अपना योगदान देने एवं पक्ष रखने हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि तक योगदान नहीं करने एवं पक्ष प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में यह समझा जायेगा कि इस बारे में आपको कुछ नहीं कहना है। इस परिस्थिति में विभाग अपना एकपक्षीय निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होगा।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

PR300599 (Human Resource Developement)23-24*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

### शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – **RDD/SD/LOHARDAGA/E-05/2023-24 PR No. 299639 Lohardaga (23-24)D** द्वारा प्रकाशित है के ग्रुप संख्या 01, 03 एवं 06 को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

निविदा सूचना की शेष शर्त्ते यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR300645 (Lohardaga)23-24*D



## कार्यालय : जिला स्वास्थ्य समिति, हजारीबाग (सदर अस्पताल कैम्पस, हजारीबाग)

Email – cs.hazaribagh5@gmail.com

पत्रांक 832/DHSहजारीबाग/दिनांक 17.06.2023

### अति अल्पकालीन निविदा संख्या –02/DHS/HZB/2023–24

हजारीबाग जिलान्तर्गत मलेरिया एवं अन्य भी0 बी0 डी0 से संबंधित Sun Board का मुद्रण एवं विद्यालयों में Installation हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जानी है। इच्छुक निविदादाता (पंजीकृत निर्माता/प्रतिश्ठानों/प्राधिकृत एजेन्सीयों–जिनका झारखण्ड राज्य में जी0एस0टी0 पंजीकरण/निर्गत हो) सील बन्द लिफाफे (द्वि–लिफाफापद्धति) में दिनांक 28.06.2023 के अपराह्न 3.00 बजे तक निविदा जमा कर सकते हैं। निविदा को दिनांक 29.06.2023 के पूर्वाह्न 11.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय कक्ष में खोला जायेगा।

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरणी, नियम एवं शर्तें हजारीबाग जिले के वेबसाईट https://hazaribagh.nic.in पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता है।

सिविल सर्जन सह मुख्य कार्य0 पदा0,
जिला स्वास्थ्य समिति, हजारीबाग।

PR 300581Health Med Edu and Family Welfare(23-24)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

### शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – **RDD/SD/LOHARDAGA/E-05/2023-24 PR No. 299639 Lohardaga (23-24)D** द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.06.2023 | 14.06.2023 यथावत् |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 22.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक | 28.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | 23.06.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक | 01.07.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 24.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे | 03.07.2023 अपराह्न 2:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्त्ते यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 300641 Lohardaga (23-24)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,रामगढ़

रामगढ़ थाना के सामने, गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला– रामगढ़, झारखण्ड– 829122, ई-मेल– eercdramgarh-jhr@nic.in

### निविदा में संशोधन से संबंधित सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आंमत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 305/2023–24 दिनांक 12.06.2023 जो PR 299899 Road (23-24)D द्वारा प्रकाशित की गई थी, में निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है।

| क्र० सं० | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित |
|---|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 22.06.2023 10:30 बजे पूर्वाह्न | 05.07.2023 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 2. | प्री–बिड मीटिंग की तिथि एवं समय | 27.06.2023 11:30 बजे पूर्वाह्न | 11.07.2023 11:30 बजे पूर्वाह्न |
| 3. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 10.07.2023 12:00 बजे दिन तक | 21.07.2023 12:00 बजे दिन तक |

➢ निविदा की अन्य शर्ते वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
➢ पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित निविदाकारों को UCAN से संबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
➢ निविदा की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि० पथ प्रमण्डल,रामगढ़

PR 300650 Road(23-24).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

### शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**RDD/SD/LOHARDAGA/E-04/2023-24 PR No.-299474 Lohardaga (23-24).D** द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.06.2023 | 14.06.2023 यथावत् |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 22.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक | 28.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | 23.06.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक | 01.07.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 24.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे | 03.07.2023 अपराह्न 2:00बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्त्ते यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा ।

PR.NO.300631 Lohardaga(23-24):D



## कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,राँची (कल्याण शाखा)

### अति अल्पकालीन सूचना

राँची जिलान्तर्गत संचालित पिछड़ी जाति आवासीय बालिका +2 उच्च विद्यालय, जेल रोड, राँची में शिक्षण सत्र 2023–24 के लिए कक्षा 11 में विज्ञान संकाय एवं कला संकाय में रिक्ति के विरूद्ध नामांकन हेतु राज्य सरकार द्वारा संचालित किसी भी सरकारी विद्यालय से 80 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण पिछड़ी जाति की छात्राएं जो अन्य अर्हताएं भी पूरा करते हों से दिनांक 25.06.2023 के अपराहन 2.00 बजे तक पिछड़ी जाति आवासीय बालिका +2 उच्च विद्यालय, जेल रोड, राँची में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र कार्य अवधि में विद्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।
प्राप्त आवेदनों की मेधा सूची दिनांक 26.06.2023 तक तैयार की जायगी। रिक्ति एवं मेधा सूची के आधार पर दिनांक 27.06.2023 से 30.06.2023 के बीच नामांकन लिया जायगा ।
आवेदन पत्र के साथ निम्न प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा :–

1. वर्ग 10 वीं उत्तीर्ण का अंक पत्र की छाया प्रति ।
2. प्रवेश पत्र की छाया प्रति ।
3. जाति प्रमाण–पत्र की छाया प्रति ।
4. आवासीय प्रमाण–पत्र की छाया प्रति ।
5. आय प्रमाण पत्र 72,000/– रू0 तक का अथवा बी0पी0एल0 प्रमाण पत्र संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा प्रति हस्ताक्षरित ।
6. विद्यालय परित्याग प्रमाण–पत्र की छाया प्रति ।
7. आचरण प्रमाण– पत्र की छाया प्रति ।

परियोजना निदेशक,
समेकित जनजाति विकास अभिकरण,राँची

PR 300562 Welfare(23-24).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन० आर०ई०पी०–1, राँची

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 12/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०–1,राँची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन०आर०ई०पी०–1,राँची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 26.06.2023 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 27.06.2023 को 3.00 बजे तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, राँची
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 28.06.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन।
7. निविदा खोलने का स्थान : कार्यालय एन०आर०ई०पी०–1,राँची
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र0 स0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of GHAT in the west side Talab at Kucchu, Dist, Ranchi | 24,48,300.00 | 49,000.00 | 5000.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 2 | Construction of Guard Wall, Electrical Room and External Electrification Work in the west side Talab at Kucchu, Dist, Ranchi | 23,37,600.00 | 46,800.00 | 5000.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 3 | Construction of GHAT in the east side Talab at Kucchu, Dist, Ranchi | 24,21,100.00 | 48,500.00 | 5000.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 4 | Construction of Guard Wall, Electrical Room and External Electrification Work in the east side Talab at Kucchu, Dist, Ranchi | 23,93,000.00 | 47,900.00 | 5000.00 | तीन माह | कार्य के अनुरूप |

नोट :– 1. निविदा से सम्बन्धित अन्यशर्ते कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0–1, राँची के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में भवन निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड रॉची अन्तर्गत निबंधित संवेदक भाग लेंगे।

कार्यपालक अभियंता
एन०आर०ई०पी०–1, राँची

PR 300556 NREP(23-24)D

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## शिक्षा का अलख जगाकर ही, बाल विवाह को समाप्त किया जा सकता है : राजहंस शर्मा

**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन एवं




सहयोगिनी बोकारो के संयुक्त तत्वाधान में बोकारो के पेटरवार प्रखंड के डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल,जारा बुंडू में आज बाल विवाह रोकथाम के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि नवोदय विद्यालय लातेहार के शिक्षक राजहंस शर्मा ने बाल विवाह अशिक्षा का मुख्य कारण है। जब तक लोगों में जागरूकता का संचार नहीं होता तब तक बाल विवाह रूपी कुप्रथा को समाज से समाप्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि बाल विवाह पूरी तरह से कानूनी अपराध है। कार्यक्रम के दौरान ममता देवी, कंचन कपूर, रानी कुमारी, नेहा रानी, रेशमी रंजना ,सुमित्रा कुमारी, सरिता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी एवं सहयोगिनी के कार्यकर्ता शामिल थे।

## डीएवी बनियाहीर में योगा कार्यक्रम का आयोजन

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डी.ए.वी बनियाहीर में योगा कार्यक्रम का



आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा नवीं से लेकर बारहवीं तक छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा के शिक्षक रमन राय, अरुंधती मिश्रा और असीम प्रियदर्शी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्य एस मोदक ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन व्यायाम करना चाहिए क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। वहीं शिक्षक असीम प्रियदर्शी ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग आवश्यक है। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को प्रत्येक दिन योग करना अनिवार्य : प्राचार्य

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम स्कूल के प्राचार्य प्रसन्न कुमार मिश्रा ने योग को परिभाषित करते हुए उससे होने वाले अनेक फायदों को बताया। उन्होंने यह बताया कि योग शारीरिक, मानसिक एवं धार्मिक तीनों चीजों का समन्वय है। योग से एकाग्रता आती है जिससे विद्यार्थी काफी मनोयोग पूर्वक अध्ययन करते हैं और जीवन में सफल होते हैं। विद्यार्थियों को प्रत्येक दिन 15 से 20 मिनट तक अनिवार्य रूप से योग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सिद्धार्थ अनुज, बिनय कुमार सहाय, संगीता मुखर्जी, प्रिंस कुमार, संतोष कुमार सहित अन्य सक्रिय रहे। सभी ने सदैव योगा करने की शपथ ली।

## धनबाद बार एसोसिएशन के महासचिव के पिता पंचतत्व मे विलीन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला बार एसोसिएशन के



महासचिव जीतेंद्र कुमार के दिवंगत पिता अधिवक्ता कपिलदेव सिंह का लिलोरी मंदिर स्थित मुक्ति धाम में दाह संस्कार किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, राजेश सिंह यादव, शकील अहमद, चुन्ना यादव, रणधीर ठाकुर, माधो सिंह, दीपनारायण भट्टाचार्य, प्रदीप पांडे, विनोद शर्मा, मासूम खान, रोहित यादव, जावेद रजा, शौकत खान, इन्द्र सिंह, दीपू अग्रवाल, अनिल केडिया, राजाराम यादव, शौकत खान, शोमनाथ चटर्जी, फिरोज रजा, राजेश स्वर्णकार, निमाई मुखर्जी, हराधन मोदक, नदीम अहमद, अमित सिंह, राजेश कुमार, पवन शर्मा, अनिल त्रिवेदी, प्रभात कुमार, ललन यादव, कमलेश सिंह, नीरज सिंह, सुनील सांडिल्य, पंचानंद सिंह, मनोज कुमार, राकेश सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## धनबाद के 6 थाना प्रभारी बदले गए

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार



ने जिला के आधा दर्जन थाना/ओपी प्रभारी बदले जाने का आदेश निकाला है। इसके अंतर्गत लोयाबाद के विकास यादव मैथन के प्रभारी बनाए गए हैं। हरिहरपुर से राजन राम लोयाबाद थाना प्रभारी बनाए गए हैं। झरिया थाना के जेएसआई शंकर विश्वकर्मा तीसरा थाना तो सौरभ चौबे भटडीह के प्रभारी बनाए गए हैं। गोबिंदपुर के जेएसआई सुभाष चंद्र शर्मा एमपीएल के प्रभारी बनाए गए हैं।

## सिनेमैटिक वेडिंग वीडियो कार्यशाला का आयोजन संपन्न

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के प्रयास से धनबाद में पहली बार सिनेमैटिक वेडिंग वीडियो वर्कशॉप का आयोजन कैनन एवं कैनन डीलर बालाजी फोटो विजन, धनबाद के द्वारा पार्कलेन रिसोर्ट, गोविंदपुर रोड, धनबाद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आए मेंटर अनिंदो बासु एवं मोहम्मद नूर आलम को धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के सचिव मनीष शाह ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही कार्यक्रम प्रारंभ की गई।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रीतलाल प्रसाद वर्मा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** कोडरमा लोकसभा से लगभग पाँच बार सांसद व जमुआ विधानसभा से विधायक का नेतृत्व कर चुके स्व. जननायक रीतलाल प्रसाद वर्मा के प्रीतिमा पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित वर्तमान कोडरमा लोकसभा सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी , झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी , प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश व विधायक एवं सांसद इत्यादि लोगो ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि सुमन अर्पित की। मोक था गिरिडीह के झंडा मैदान में भाजपा की और से विशाल जनसभा के तहत एक कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा थे वही प्रदेश के कई दिग्गज भाजपा नेता की उपस्थिति रही। रीतलाल प्रसाद वर्मा की बात करे तो



जमुआ प्रखंड के साधारण क्षेत्र से आने वाले वो नेता थे जो लगातार पांच बार सांसद और एक बार विधायक रह चुके है। जब भाजपा नहीं थी तब जनसंघ के नेता के रूप में जाने जाते थे। एक साधारण से गांव में जन्मे इन्होने वकालत की जिसके बाद जान कल्याण के लिए वकालत छोड़ जनसंघ से जुड़कर लोगो के सेवा में खुद को समर्पित कर दिया। झारखण्ड राज्य के बनने में भी रीतलाल वर्मा का काफी अहम् योगदान रहा था। जब भजपा को लोग सही से जानते नहीं थे तब इन्होने जन जन तक भाजपा के विचारो को पहुंचाया। यही कारन है की कोडरमा की जनता आज भी इन्हे प्यार करते है और सम्मान करते है। वही रीतलाल प्रसाद वर्मा चौक पर माल्यार्पण के लिए हजारों की संख्या में रीतलाल बर्मा की चेहता एवं प्रणव वर्मा का समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ी । माल्यार्पण के दौरान रीतलाल बाबू अमर रहे, प्रणव वर्मा जिंदाबाद इत्यादि नारों से गिरिडीह गूंज उठा।

युक्त दौरान पूर्व सांसद के बड़े पुत्र सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को धन्यवाद देते हुए कहा उसने संयुक्त झारखंड बिहार के नेता को ध्यान में रखते हुए माल्यार्पण करने पहुंचे इसके साथ ही कहा मैं सदैव अपने पिता स्व. रीतलाल बाबू के बताए हुए मार्ग पर सदैव चलता आ रहा हूं और आगे भी चलता रहूंगा। वहीं स्वर्गीय रीतलाल बाबू के छोटे पुत्र रवि वर्मा ने कहा गिरिडीह जिला में राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यक्रम होने से हम सभी कार्यकर्ता में नई जोश उत्पन्न होती है इसके साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष धन्यवाद देते हुए का जनसंघ के नेता को माल्यार्पण करने के लिए समय निकला।

## जमीन विवाद के पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** बिरनी थाना क्षेत्र के वृदा निवासी हेमलाल पंडित ने गुरुवार को गिरिडीह पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन के माध्यम से उन्होंने कहा कि बिरनी थाना क्षेत्र के वृद्धा गांव में उनकी खतियानी जमीन है जिस पर वह बरसों से दखलकार है । पिछले दिनों दिनांक 08/06/2023 को गांव के ही पप्पू कुमार पंडित , विमला देवी ,प्रिंस कुमार, किरण कुमारी, अजय कुमार पंडित एवं सुशीला देवी ने मेरे साथ एवं पत्नी चंदवा देवी के साथ लाठी खण्डा से मारपीट करते हुए जमीन गिरा दिया तथा गला में पहना हुआ दस भरी चांदी का सिकडीं छीन लिया । जब मैंने उसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने मेरे साथ मारपीट किया तथा पप्पू कुमार पंडित ने धमकी दिया कि गोली मार कर फेंक देंगे पता भी नहीं चलेगा । दिए गए आवेदन में लिखा है कि इसके पुर्व भी सभी अभियुक्तों ने हेमलाल पंडित एवं चंदवा देवी के साथ मारपीट किया है जिसका आवेदन बिरनी थाना में दिया गया है । श्री पंडित के द्वारा दिए गए आवेदन में कहा कि 8 जून को पप्पू कुमार अचानक मेरे घर रात के लगभग 1:00 बजे आया और गंदा गंदा गाली गलौज देने लगा कि तुम मुझ पर जो झूठा मुकदमा किया है उठा लो नहीं तो मार कर फेंक दूंगा उन्होंने धमकी भरे लहजे में कहा की तुम्हारा कोई मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता मामले 15 दिन पूर्व बिरनी थाना में प्राथमिकी दर्ज किया । है लेकिन अब तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है मेरे विरोधी खुलेआम घूम रहे हैं तथा मुझे धमकी देने का काम कर रहे हैं जिससे मेरा परिवार डरा सहमा हुआ है उन्होंने पुलिस अधीक्षक से अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

## ऐसा कोई गांव नहीं जहां कांग्रेस जिलाध्यक्ष के पांव नहीं, कार्यक्रम की शुरुआत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गोविंदपुर क्षेत्र के तिलाबनी पंचायत मयरा गांव में देर रात को ऐसा कोई गांव नहीं जहां कांग्रेस जिलाध्यक्ष के पांव नहीं÷ कार्यक्रम के तहत कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह पहुंचे जहां ग्रामीणों भव्य स्वागत हुआ। ग्रामीणो से मिलकर जिलाध्यक्ष सिंह ने कांग्रेस की विचारधारा से लोगों को अवगत कराया। इस दौरान दर्जनो ग्रामीण कांग्रेस मे शामिल हुए। जिलाध्यक्ष सिंह ने ग्रामीणो को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश की ऐतिहासिक धरोहरों को भी बर्बाद करने पर उतारू हैं। जहां एक तरफ देश की आम जनता मंहगाई, गरीबी, बेरोजगारी से त्रस्त हैं तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा जाति धर्म के नाम पर सत्ता के लोभ में आम जनता को बेवकुफ बना रही हैं। आगे सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद देश के विकास में अभुतपूर्व कार्य किए हैं, वहीं दूसरी तरफ मोदी सरकार सरकारी संस्थानों को भी बेचने पर उतारू है। जिस संविधान के तहत मोदी जी प्रधानमंत्री बने हैं वो संविधान भी कांग्रेस के बनाए हुए हैं।

## कृषि मंत्री से मिल किसानों के लिये अच्छे बीज की मांग की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद परिसदन में झारखंड के कृषि एवं मत्स्य मंत्री बादल पत्रलेख को कांग्रेस नेता ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, संतोष सिंह, मदन महतो, रामगोपाल भुवानिया, नवनीत नीरज, इरफान चौधरी, विनोद यादव सहित दर्जनों कांग्रेसियों ने धनबाद जिला में किसानों को अविलंब अच्छा बीज सरकार के द्वारा उपलब्ध कराने की मांग की। नेताओं ने कहा की इस जिला में लगभग पचास हजार से ज्यादा पेड़ काटे गए हैं लेकिन वृक्षारोपण के नाम पर सरकार के नुमाइंदे केवल कागज पर ही वृक्ष लगा रहे हैं। मंत्रीजी ने गंभीरतापूर्वक बातें सुनने के बाद कहा कि हर जिला में धान का बीज आ चुका है



और एक दो दिन में पैक्स के माध्यम से वितरण कार्य शुरू हो जाएगा। जहां तक वृक्ष लगाने की बात है तो उसकी जांच कराई जाएगी कि कौन सा एजेंसी पेड़ लगाने के नाम पर केवल कागजी कार्रवाई करके छोड़ दिया है। उन्होंने कहा के मछली पालन और डेयरी फार्म का धनबाद में काफी संभावनाएं हैं। जो लोग इस काम को आगे बढ़ाना चाहते हैं, सरकार उनको यथासंभव मदद करेगी।

# जन समस्याओं के लिए सरकार की जन विरोधी नीतियां जिम्मेवार : राजेश यादव

### भाकपा माले की ब्रांच का गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** भाकपा माले की एक ब्रांच का गठन ताराटांड़ पंचायत के बंड़ियाबाद में संपन्न हुआ, जिसकी अगुवाई फोदार सिंह, प्रदीप यादव तथा कमरुद्दीन अंसारी की। उन्होंने स्थानीय किसान-मजदूरों के सवालों को रखते हुए कहा कि, किसान-मजदूर परेशान हैं, लेकिन इनका वोट लेने वाले पूरी तरह से निश्चिंत। इधर, माले की बैठक में मौजूद स्थानीय लोगों ने भी अपनी व्यथा बयान करते हुए अपनी समस्याओं के लिए सरकार तथा प्रशासन के साथ-साथ जन प्रतिनिधियों को भी जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने माले से जुड़कर हक की लड़ाई तेज करने की भी इच्छा जताई। वहीं, पार्टी ब्रांच गठन के अवसर पर उपस्थित माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि, अब तक की विभिन्न सरकारों की जन विरोधी नीतियों के कारण ही देश का मेहनतकश वर्ग बदहाल है। शासन करने वाली अधिकांश पार्टियां आज



खुले रूप से अमीरों की सेवादारी में लगी है। कहा कि, इस बात को गरीब मजदूर-किसान समझ ही नहीं पा रहे, क्योंकि उन्हें शासक वर्ग ने गैर-जरूरी मुद्दों में उलझाकर रखा है। यादव ने लोगों से पार्टी के साथ जुड़ने और जायज मांगों के साथ आंदोलन शुरू करने की भी अपील की।

## अवैध रूप से संचालित शराब दुकान पर उत्पाद विभाग की कार्रवाई



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया थाना क्षेत्र के कोइरिडीह में उत्पाद विभाग और सरिया पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप अवैध रूप से संचालित शराब के अड्डों पर कार्यवाई की गई जिसमे करीब 7 से 8 पेटी विभिन्न ब्रांड के नकली शराब को पुलिस ने जब्त कर दो लोगो को हिरासत में लिया है, इस बाबत सरिया थाना प्रभारी संतोष मौर्या ने बताया की अवैध रूप से संचालित शराब के अड्डों पर कार्यवाई हुवी, सम्बंधित विभाग के द्वारा आगे की कार्यवाई की जा रही है।

# बीडीओ ने मतदाता पुनरीक्षण को लेकर की बैठक, सभी दलों के नेता हुए शामिल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड सभागार में आज बुधवार को टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार एवं अंचलाधिकारी एजाज हुसैन अंसारी की अध्यक्षता में सभी विभिन्न दलों के नेताओं के साथ मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का रूप रेखा को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया। बताया जाता है कि मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज कई बिन्दुओं पर विचार किया गया जिसमें एक ही परिवारों का नाम एक साथ जोड़ने ,मृत व्यक्ति का मतदाता सूची से नाम हटाना,नये मतदाता का नाम अंकित करना, एवं सुदुर क्षेत्रों के बुथों से नाम हस्तांतरण कर नजदीक के बुथों में नाम शामिल करने पर विचार विमर्श किया गया जिसमें सभी राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया भाजपा से वरिष्ठ नेता गोपाल पाण्डेय, तिलक मंडल, झामुमो से लोलिन बास्की, कांग्रेस से आंनद मोदक, आजसू से रामचंद्र राणा, जदयू से प्रबोध पाण्डेय, आदि ने भाग लिया।

## आनंदविहार और पटना के बीच 6 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा के मद्देनजर आनंदविहार और पटना के बीच पहले से चलायी जा रही स्पेषल ट्रेनों अलावे और 06 जोड़ी स्पेषल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है

1.गाड़ी संख्या 04086/04085 आनंद विहार-पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेषल -गाड़ी संख्या 04086 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट स्पेषल 22.06.23 से 30.06.23 तक प्रतिदिन आनंद विहार टर्मिनल से 13.40 बजे खुलकर अगले दिन 07.25 बजे पटना पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 04085 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेषल 23.06.23 से 01.07.23 तक प्रतिदिन पटना से 09.45 बजे खुलकर अगले दिन 01.50 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी । इस ट्रेन में स्लीपर क्लास के 10 कोच एवं साधारण श्रेणी के 10 कोच होंगे ।

2.गाड़ी संख्या 02456/02455 आनंद विहार-पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेषल -गाड़ी संख्या 02456 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट स्पेषल 24.06.23 एवं 01.07.23 को आनंद विहार टर्मिनल से 23.00 बजे खुलकर अगले दिन 16.00 बजे पटना पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 02455 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेषल 25.06.23 एवं 02.07.23 को पटना से 17.45 बजे खुलकर अगले दिन 10.30 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी । इस ट्रेन में 1।ब्के 01 कोच, 3।ब्के 01 कोच, 3म्के 01 कोच, स्लीपर क्लास के 09 कोच, साधारण श्रेणी के 05 एवं एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 19 कोच होंगे ।

3.गाड़ी संख्या 02458/02457 आनंद विहार-पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेषल -गाड़ी संख्या 02458 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट स्पेषल 30.06.23 को आनंद विहार टर्मिनल से 23.00 बजे खुलकर अगले दिन 16.00 बजे पटना पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 02457 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेषल 01.07.23 को पटना से 17.45 बजे खुलकर अगले दिन 10.30 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी । इस ट्रेन में 1।ब् बनउ 2।ब्के 01 कोच,2।ब्के 03 कोच, 3।ब्के 12 कोच, स्लीपर क्लास के 04 कोचएवं एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 22 कोच होंगे ।

## ट्रांसपोर्टर प्रवीण राय गोलीकांड में घायल राज किशोर की इलाज के दौरान मौत

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीते 14 जून बुधवार को पाथरडीह थाना क्षेत्र के चासनाला साउथ कॉलोनी निवासी सेलकर्मी व कोल ट्रांसपोर्टर प्रवीण राय (45) को उनके कार्यालय में दिनदहाड़े दो अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। फायरिंग के दौरान होटल संचालक राज किशोर सिंह को भी पेट में गोली लगी। जिसके




बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। राज किशोर सिंह का 9 दिनों तक इलाज चला। लेकिन ज्यादा खून बह जाने और ईलाज में देरी होने से इन्फेक्शन के कारण आखिरकार अस्पताल में उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने कहा कि अब आम जनता का पुलिस प्रशासन से धीरे धीरे भरोसा उठता ही जा रहा है। अपराधी बेखौफ घटना को अंजाम दे रहे हैं और प्रशासन मुख्य अपराधी को पकड़ने में नाकाम दिख रही हैं।

## गिरिडीह : रोजगार मेला का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** नगर भवन गिरिडीह में श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत जिलास्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। उक्त रोजगार मेला में उप विकास आयुक्त, निदेशक डीआरडीए, गांडेय विधायक प्रतिनिधि, गिरिडीह विधायक प्रतिनिधि, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कौशल विकास पदाधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधियों समेत जिला नियोजन पदाधिकारी व अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन उप विकास आयुक्त के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। रोजगार मेला की शुरुआत जिला कौशल विकास पदाधिकारी के द्वारा स्वागत अभिभाषण के साथ किया गया। आज के रोजगार मेला में शामिल जिले के कुल 110 युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। साथ ही 10 युवाओं को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र दिया गया। इसके अलावा कुल अभ्यर्थियों का पंजीकरण 978 है तथा आगे की प्रक्रिया के लिए 454 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया।ड्ढकार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त शशि भूषण मेहरा ने कहा कि गिरिडीह जिले के युवाओं को उनके योग्यता के अनुसार रोजगार मुहैया



कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के द्वारा मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेला के माध्यम से जिले के कई युवाओं को रोजगार मुहैया कराया गया। ताकि वे रोजगार प्राप्त कर अपनी जीविका का निर्वहन कर सकें और अपनी जिंदगी में आगे बढ़ सकें। जिला प्रशासन द्वारा रोजगार मेला से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन समय-समय पर किया जाता है ताकि जिले के हुनरमंद युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किया जा सके।

# विधायक कोलेबिरा के निर्देशानुसार लगा जनता दरबार व प्रखंड स्तरीय परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा प्रखंड में विधायक कोलेबिरा नमन बिक्सल कोनगाडी के निर्देश पर जनतादरबार सह परिसम्पति वितरण का प्रखंडस्तीय कार्यक्रम किया गया। जिसमें छ्र सामुदायिक एवं साठ व्यक्तिगत वनपट्टा का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य परंपरागत वन निवासियों पर जंगल का अधिकार से वंचित कर ऐतिहासिक अन्याय को सरकार द्वारा स्वीकार किया गया था। जिससे न्याय दिलाने के लिए 2006 में अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकार अधिनियम) 2006 को लागू कर ऐतिहासिक अन्याय से न्याय दिलाने का काम किया गया था। पर इस महत्वाकांक्षी कानून को लागू करने में कई प्रकार की लापरवाही और उदासीनता और सबसे बड़ी बात कि कुछ आदिवासी विरोधी ताकतें जो नहीं चाहते कि आदिवासियों को जंगल का अधिकार ना मिले। कुछ लोगों का खास राजनीतिक सोच कि विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी जी के द्वारा वनाधिकार कानून के क्षेत्र में एक अभियान के तहत विशेष रूचि के साथ विशेष रूप से जागरूकता अभियान चला कर लोगों को वन अधिकारों का लाभ दिलाने के लिए जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन के साथ मिलकर अधिकार सम्बन्धित आवेदन नियम के भरवाने का काम किया गया था। बड़ी संघर्षे और लडाई आदिवासी सलाहकार परिषद, झारखंड, झारखंड विधानसभा और विधान सभा के बाहर लड़ाई लड़ कर इन सामुदायिक वन पट्टाओं की स्वीकृति और सार्वजनिक तौर पर एक सरकारी कार्यक्रम कर विरोधियों को जबाव देने का काम के साथ जंगल का सामुदायिक अधिकार ग्राम सभा को एवं ब्यक्तिगत वन पट्टा वितरण धुम धाम के साथ किया गया। साथ ही और भी कई विभागों से सम्बंधित परिसम्पत्तियों का वितरण भी लाभुकों के बीच किया गया। जिसमें मुख्य रूप से विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी, जिला परिषद सदस्य सह जिला परिषद अध्यक्षा रोस प्रतिमा सोरेंग कोलेबिरा प्रखंड प्रमुख दुतामि हेमरोम प्रखंड सांसद प्रतिनिधि चिंता मनि के अलावे प्रखंड के सभी मुखिया गण समिति सदस्य गण विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस उपाध्यक्ष मो शमी आलम विधायक प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष रावेल कांग्रेस उपाध्यक्ष सह प्रखंड विधायक प्रतिनिधि श्यामलाल प्रासाद कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेलशन डुंग डुंग पुर्व प्रखंड अध्यक्ष सुनील खडिया ठेठाईटांगर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज प्रिस अहमद प्रिस जमीर हसन जंगल बचाओ जन संगठन से समरपन सुरीन तेलेस्फोर तोपनो खुशी राम मुकुल डुग डुग जेएमएम से फिरोज अलि केन्द्रीय सदस्य के अलावे कांग्रेस जेएमएम के पदाधिकारी और कई ग्राम सभा के प्रतिनिधियों के संग ग्रामीण अपने समस्या लेकर विधायक से मिले और अवेदन के साथ अपने समस्याओं को रखा।

# आंधी और तूफान में बिजली गुल, ग्रामीण हुए परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** ठेठईटांगर प्रखंड के कदमडीह फीडर कोरोमियाँ पंचायत के क्षेत्र में तीन दिनों से बिजली नहीं है जिसके कारण ग्रामीणों में काफी गुस्सा है। बताया जा रहा है कि आंधी तूफान के कारण लगभग 5 पोल खराब हो गया है इस फीडर में 5 नए पोल की अत्यंत जरूरत है। ग्रामीणों का कहना है कम वर्षा होने के कारण भी बार बार इस फीडर में गड़बड़ी आ जाती है जिसके कारण लाइट काट दिया जाता है जिसको जल्द से जल्द ठीक करने की जरूरत है। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ खराबी होने पर काफी दिनों तक लाइट काट दी जाती है और बनने में काफी देर होती है। बताया गया कि इस फीडर में एक ही लाइन मैन अमर कुलदीप होने कारण यह समस्या बनी हुई है अगर लाइन मैन बढ़ाया जाए तो जल्द ठीक किया जा सकता है। ग्रामीणों ने कहा कि जल्द से जल्द लाइट ठीक नहीं किया जाता है तो आंदोलन किया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ भी खराबी होने से बिना ग्रामीणों के सहयोग से नहीं बन पाता है। लाइट ठीक करने वालों ग्रामीणों में अनिल साह, राहुल श्रीवास्तव, रामु केरकेट्टा, रजनीश महतो, दुबराज महतो, शिवा प्रधान, सचिन महतो, सुनील महतो, प्रकाश प्रधान आदि द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

# उपायुक्त ने अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु खिलाड़ी को किया रवाना



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाईलैण्ड में 25-27 जून 2023 तक आयोजित होनेवाले अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप-2023 में भाग लेने के लिए लोहरदगा जिला के चयनित 07 कराटे खिलाड़ियों को आज उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। उपायुक्त ने इस मौके पर सभी खिलाड़ियों व कोच से मुलाकात की और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिस्पर्द्धा में चयनित होने की बधाई देने के साथ-साथ प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने की कामना की। थाईलैण्ड जानेवाले खिलाड़ियों में लोहरदगा जिला के कुडू प्रखण्ड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की चार छात्राएं कुमकुम कुमारी, अनामिका उरांव,रोशनी उरांव, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल की मरियम प्रवीण,कैरो प्रखण्ड स्थित झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा सुनेहा कुमारी, जूही कुमारी एवं अंजलि तिर्की और कोच अमित कुमार सिंह शामिल हैं। आज इस मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत समेत खिलाड़ियों के अभिभावकगण उपस्थित थे।

# अवैध बालू खनन व परिवहन मामला में एक ट्रैक्टर को जप्त कर लाया थाना



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कंडरा कोयल नदी से अहले सुबह अवैध बालू खनन कर परिवहन करते पुलिस ने एक ट्रैक्टर को पकड़ कर लाया थाना अग्रतर कारवाई हेतु विभाग को किया गया सूचनार्थ। सेन्हा थाना क्षेत्र में गश्ती के दौरान कंडरा स्थित दक्षणी कोयल नदी से अवैध बालू खनन कर परिवहन करते हुए थाना प्रभारी अभिनव कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के सहयोग से एक ट्रैक्टर को पकड़ कर थाना लाया गया। विदित हो कि एनजीटी लागू होने के उपरांत उपायुक्त डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर सेन्हा थाना प्रभारी द्वारा लगतार अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन मामला में कारवाई किया जा रहा है। उसी क्रम में सेन्हा थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी गस्ती में निकले हुए थे तभी बिना रजिस्टेशन नम्बर के एक ट्रैक्टर अवैध बालू लाद कर कंडरा कोयल नदी से परिवहन करते जा रहा था। तभी ट्रैक्टर चालक का नजर पुलिस पर पड़ा जिसे चालक गाड़ी को भगा रहा था। जिसपर पुलिस ने ट्रैक्टर भगाने के दौरान कारवाई करते हुए ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया गया। तथा अग्रतर कारवाई हेतु अंचलाधिकारी विजय कुमार एवं सहायक खनन पदाधिकारी लोहरदगा को खनिज संम्पदा एवं राजस्व क्षति करने के आरोप पर अग्रतर कारवाई हेतु सूचनार्थ किया गया। साथ ही परिवहन विभाग को भी कारवाई हेतु अवगत कराया गया है।

# सिमडेगा विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन संपन्न

➲सबका साथ सबका विकास के मंत्र पर चल रही है मोदी सरकार : विमला प्रधान

➲अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचा रही है भाजपा सरकार : सुशील श्रीवास्तव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजपा सरकार के सफलतापूर्वक 9 वर्ष पूरे होने पर संगठन द्वारा महा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है उसी निमित्त सिमडेगा विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन आयोजित किया गया सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रही है सभी कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है की जन जन तक सरकार के जन कल्याणकारी कार्यों को पहुंचाएं। लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा की 2014 से बनी हुई मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार अनेक जनकल्याणकारी कार्य किए हैं चाहे वो प्रधानमंत्री आवास हो आयुष्मान भारत योजना हो हर घर नल योजना हो या जनधन खाता हो या प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि हो प्रधानमंत्री ने सभी वर्गों के लोगों को उचित सम्मान दिया है भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी कार्यों को डोर टू डोर जाकर लोगों को बताएं और सरकार की उपलब्धियों को गिनाए। लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कार्यक्रम सहसंयोजक सुशील श्रीवास्तव ने कहा की 2014 की भारत और 2014 के बाद के भारत की तस्वीर बयां करती है कि भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरु बनने की राह पर अग्रसर है, चाहे वो विदेश नीति हो या बॉर्डर पर सुरक्षा का मामला हो मोदी सरकार ने दिखा दिया है कि भारत अब किसी के सामने झुकने को तैयार नहीं भारतीय जनता पार्टी का मंत्र है की अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे उस पर मोदी सरकार ने खरा उतरने का कार्य किया है आज गांव तक बिजली पहुंच रही है पानी पहुंच रहे प्रधानमंत्री आवास का लाभ लोगों को मिल रहा है यह भाजपा सरकार के सर्वव्यापी सोच का परिणाम है। कार्यक्रम से पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं बंदे मातरम गाण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, कार्यक्रम को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्ग विजय सिंह देव एवं पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर ने भी संबोधित किया।

# जलडेगा में नहीं थम रही अवैध अंग्रेजी शराब की बिक्री, गांवों में जगह-जगह खुल गए बीयर बार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** अगर आप भी शराब और बीयर के शौकिन हैं और लाइसेंसी शराब दुकान में शराब या बीयर न मिले तो घबराईए नहीं, जलडेगा सहित विभिन्न गाँवों के अवैध परचुन की दुकानों पर आपको चिल्ड बीयर और शराब आसानी से मिल जाएंगे, इसके लिए भले ही आपको थोड़ी और जेब ढीली करनी पड़े। जी हां हम बात कर रहे हैं जलडेगा के गांगुटोली, कोनमेरला, टिनगिना, लंबोई, ओडगा सहित विभिन्न परचुन की दुकानों में बिक रहे अवैध अंग्रेंजी शराब और बीयर की। दर्जनों जगह अवैध बीयर बार खुल गए हैं, जहां आपकों ठंढी बीयर और शराब आसानी से मिल जाएंगे, हां इतना जरूर है की आपको 140 रुपए बिकने वाले केन बीयर के लिए 200 रुपए और 160 से 170 रुपए तक में बिकने वाले क्वाटर के लिए 200 से 220 रुपये अधिक देने पड़ेंगे। अवैध बीयर बार चलाने वाले जलडेगा स्थित लाइसेंसी शराब दुकान से शराब और बीयर लेकर ऊंची कीमतों में बेचते है। जलडेगा - ओडगा रोड स्थित शराब दुकान के अगल - बगल में ही आपको परचुन की दुकानों पर आसानी से ठंढी बीयर मिल जाएंगे। जबकि आज भी लाइसेंसी शराब दुकान में ठंढी बीयर नहीं मिलती। शराब के शौकीनों की मानें तो शराब दुकान वाले बाबूओं ने ही अवैध रूप से शराब बेचने वालों को ब्लैक में शराब और वियर दे रखी है और खुद ठंडी बीयर नहीं रखते। शराब की दुकान में भी शराब और बीयर का रेट चार्ट नहीं लगाया गया है, और न ही ऑनलाइन पेमेंट करने की कोई सुविधा है। ऊंची कीमत वसूलने के कारण शराब विक्रेता ऑनलाइन पेमेंट से बचते हैं, ग्राहकों को तकनीकी खराबी का हवाला देकर नकद भुगतान प्राप्त करते हैं। एक और जहां गरीबों के देशी शराब को जोर देकर बंद करवाया जा रहा है, वहीं अंग्रेजी शराब की अवैध बिक्री बेरोकटोक जारी है।गाँवों में यह अवैध बीयर बार कैसे और किसके संरक्षण में चल रहा है यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। बहरहाल देखना ये है की इस पर कार्रवाई कब और कौन करेगा। मामले पर उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर सुभाष बेसरा से बात करने पर उन्होंने कहा की अवैध शराब बेचने वालों का नाम पता शेयर करने पर कारवाई की जायेगी।

# दो बाइक की टक्कर में एक युवक घायल इलाज के उपरांत चिकित्सक ने भेजा घर

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनगर स्थित पेट्रोल पम्प के समीप दो बाइक की टक्कर में युवक घायल ग्रामीणों के सहयोग से अस्पताल में कराया गया भर्ती। सेन्हा थाना क्षेत्र के राम नगर सेन्हा में पेट्रोल पम्प के समीप दो बाइक की टक्कर में एक युवक घालय हो गया। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के भैसमुंदो निवासी जगदीश उराँव के 22 वर्षीय पुत्र अमित उराँव के रूप में किया गया है। बताया जाता है कि अमित उराँव सेन्हा थाना क्षेत्र के साके गांव अपने रिश्तेदार में गया हुआ था। गुरुवार को बाइक जे एच 08 ई 7159 से साके निवासी विश्वनाथ उराँव के पुत्र सूरज उराँव के साथ भैसमुंदो घर जा रहा था। उसी दौरान सेन्हा राम नगर स्थित पेट्रोल पम्प के समीप विपरीत दिशा से आ रहा आर वन 5 बाइक में टक्कर हो गया। जिसे अमित उराँव को चेहरा और पैर में चोटे आई है। वही अमित उराँव के साथ युवक को तथा अन्य दूसरे बाइक सवार लोगों को हल्की चोटें आई है। बाइक दुर्घटना का सूचना मिलते ही सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार के निर्देश पर ए एस आई विरेन्द्र बाखला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा पहुंच घटना का जायजा लिया गया। इलाज के पश्चात चिकित्सको ने घायल युवक को घर भेज दिया।

# उपायुक्त ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम को लेकर की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज गुरुवार को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) 2023-24 की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उद्योग महाप्रबंधक, लोहरदगा द्वारा जानकारी दी गयी कि लोहरदगा जिला को इस वित्तीय वर्ष में कुल लक्ष्य 186 लाभुकों को लाभान्वित करना है। विभिन्न बैंक शाखा में ऑनलाईन अग्रसारित किये गए आवेदन पत्रों की संख्या 75 है। बैंकों द्वारा ऑनलाईन ऋण स्वीकृत किये गए लाभुकों की संख्या 15 है। बैंकों द्वारा वापस किये आवेदन पत्रों की संख्या 11 है और बैंक शाखाओं में लंबित आवेदन पत्रों की संख्या 50 है। उपायुक्त द्वारा निदेश दिया गया कि वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करें। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस0, उद्योग महाप्रबंधक अनिल कुमार, उद्योग ईओडीई प्रबंधक, सभी संबंधित बैंकों के प्रबंधक व प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# वित्तीय साक्षरता कैम्प का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** ठेठईटांगर प्रखंड के ताराबोगा पंचायत के जिलिंगा गांव में छ्स्क्स द्वारा वित्तीय साक्षरता को लेकर कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जीवन मुकुट टूटी क्ष्क्ष स्नढ्ढ द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, जन धन खाते, अटल पेंशन योजना, मुद्रा ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री स्वनिधि, ऑनलाइन फोर्ड, डिजिटल बैंकिंग, डिजिटल लेनदेन, म्यूच्यूअल फण्ड आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम में आये सभी लोगों को बीमा के महत्व पर जानकारी दिया गया एवं सभी को बीमा करवाने के लिए प्रेरित किया गया इसके साथ साथ बीमा लेने से होने वाले भविष्य में लाभ भी बताया गया। साथ ही कार्यक्रम में प्रमोद सिन्हा स्नञ्जष्ट मधु पालन द्वारा जानकारी देते हुवे कहा गया कि अभी मधु पालन का आयोजन चल रही है जिसके माध्यम से महिला समूह के दीदीयों को 2 परियोजना तरफ से मधु पालन के लिए बॉक्स एवं 3 बॉक्स दीदीयों को स्वयं खरीदना होगा। उन्होंने कहा कि इस मधु पालन से साल में लगभग 60 हजार का लाभ कमा सकते हैं। उन्होंने सभी से अनुरोध करते हुवे कहा कि इसमें किसी तरह से ज्यादा कठिन कार्य नहीं करना है इसलिए अधिक से अधिक लोग इसका लाभ जरूर लें एवं इसका प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

# मैना बगीचा में युनिक गारमेंट्स शॉप का उद्घाटन आदिवासी परम्परा के साथ हुआ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बुधवार को लोहरदगा मैना बगीचा शनि मंदिर के समीप युनिक गारमेंट्स शॉप का उद्घाटन राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति के जिला धर्मगुरू फूलकेशवर उरांव की अगुवाई में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति के सदस्यों द्वारा आदिवासी पराम्परागत डंडाकटा, आदिवासी वेषभूषा रीति-रिवाजों पूजा पाठ के साथ किया गया। उद्घाटन से पहले अन्ना आदि प्रार्थना के साथ किया गया। इसके बाद युनिक गारमेंट्स शॉप का उद्घाटन जिला धर्म गुरू फुलेश्वर उरांव, शॉप की ऑनर सुनिता लकड़ा, पति बुद्धेशवर उरांव, बेटा अनुराग उरांव के संयुक्त रुप से फीता काटकर किया गया। युनिक गारमेंट्स शॉप की मालकिन सुनिता लकड़ा ने कहा कि युनिक गारमेंट्स शॉप में पूरा लोहरदगा जिलावासियों के लिए खुशखबरी है कि इस शॉप में कुर्ती लेंगिस, जिन्स पैन्ट, फूलसर्ट, गमछा, लोवर, नाइटसुट, बाबासुट सहित अन्य प्रकार के सभी फैन्सी ड्रेस उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बिरसा उरांव, राष्ट्रीय सचिव सोमे उरांव,राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा जिलाध्यक्ष सोमदेव उरांव, सचिव पंकज उरांव, महिला प्रवक्ता बिसनी उरांव, महिला जिलाध्यक्ष जयन्ती उरांव, जिला भजन कीर्तन मंडली सुमति उरांव, सक्रियता सदस्य जयन्ती उरांव सहित आस पास के अन्य लोग मौजूद थे।

# अनियमित दिनचर्या व जंक फूड स्वास्थ्य के लिए अभिशाप : प्राचार्य जी पी झा



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2015 से प्रत्येक वर्ष 21 जून को मनाया जाता है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने ही इस दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव दिया था।इस पहल के माध्यम से भारतीय प्रधानमंत्री हमारे पूर्वजों द्वारा दिए गए इस स्वास्थ्यवर्धक उपहार को प्रकाश में लाना चाहते थे।योग हमारे मन,शरीर और आत्मा की एकता को सक्षम बनाता है। योग के विभिन्न रूपों से हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को अलग-अलग तरीकों से लाभ मिलता है। हमारी आने वाली पीढ़ी को इस धरोहर से परिचित करवाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा गायत्री मंत्रोच्चारण से किया गया। बालिकाओं द्वारा संगीत शिक्षक श्रवण कुमार पाठक के साथ मिलकर संगठन सूक्त गीत प्रस्तुत किया गया।मनोरम गणेश वंदना पर किंजल सिंह, रिद्धिमा सिंह व अनुष्का आर्या द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात ओम ध्वनि के साथ ध्यान किया गया,सूर्य नमस्कार तथा अन्य योगासन भी किए गए जिनमें प्राचार्य महोदय के साथ समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्रा सहभागी बने। छात्राओं द्वारा एरोबिक तथा नागपुरी नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। मौके पर माननीय प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए योगा का महत्व समझाया। जंक फूड तथा अनियमित दिनचर्या को स्वास्थ्य के लिए अभिशाप बताते हुए उनका त्याग कर स्वस्थ व नियमित दिनचर्या अपनाने हेतु प्रेरित किया। कक्षा द्वितीय के विद्यार्थियों के मध्य ऑनलाइन योगासन, प्रणायाम प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें आरूष चौधरी, अनन्या कुमारी, प्रिंस कुमार, मान्या राज, विशेष प्रकाश, फैज, अयांश गुप्ता, अतुल अनीश, जिविषा बोचिवाल, सरस कुमार गुप्ता, रीत कुमार, अभिराज स्पर्श इत्यादि ने प्रथम स्थान अर्जित किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# लोहरदगा में धूमधाम से मना आजसू पार्टी का स्थापना दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी की 38 वां स्थापना दिवस संकल्प दिवस के रूप में लोहरदगा जिला आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय समिति के उपाध्यक्ष एवं लोहरदगा जिला प्रभारी हसन अंसारी ने कहा कि वर्तमान समय में भ्रष्टाचार झारखंड की हेमंत सरकार की शिष्टाचार बन गई है,किंतु झारखंड की भोली-भाली जनता अब इन बातों को भली प्रकार से समझ चुकी है और 2024 के विधानसभा चुनाव में अपनी इस गलती को दोहराने वाली नहीं है। हसन अंसारी ने कहा कि 2019 के चुनाव में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आम जनता से वादा किया था कि यदि हमारी सरकार बनी तो पहली कैबिनेट की मीटिंग में हीं स्थानीय नीति और 1932 का खतियान लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा था कि हम झारखंड के भूमि पुत्र हैं झारखंड के जल जमीन और जंगल के साथ अन्याय नहीं होने देंगे, परंतु इसके विपरीत कांग्रेस के समर्थन में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनते ही जल जंगल और जमीन का दोहन किया गया। झारखंड की संपत्ति और संस्कृति दोनों को लूटने का काम किया गया। यही नहीं हेमंत सोरेन के समर्थन में चुनावी मैदान में उतरी पार्टियों ने यह भी कहा था कि सरकार बनते हैं हम ओबीसी वर्ग के लिए 27त्न आरक्षण लागू करेंगे लेकिन यह भी ना कर सके। इन सभी बातों को जन -जन तक पहुंचाने का काम हमारे पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के जिम्में है। वे गांव- गांव जाएं, लोगों से मिले और हेमंत सरकार की वादाखिलाफी नीतियों को सबके समक्ष रखें। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी सह लोहरदगा विधानसभा की प्रभारी निरू शांति भगत ने कहा कि मुझे आंदोलनकारी कमल किशोर भगत जी के साथ काम करने का मौका मिला है। मैं लोहरदगा की जनता की समस्याओं को अच्छी तरह जानती हूं। अन्य वक्ताओं में केंद्रीय सचिव सह लातेहार जिला प्रभारी लाल गुड्डूनाथ शाहदेव केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल अरविंद यादव केंद्रीय सदस्य रामनंदन साहू केंद्रीय महिला प्रकोष्ठ के प्रवक्ता अंजू देवी जिला प्रवक्ता रामचंद्र गिरी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी उपाध्यक्ष विपिन सिंह प्रदीप ठाकुर विश्वनाथ उरांव कलीम खान इंदिरा प्रधान नवाज़ खान आदि ने भी बैठक को संबोधित किया।

# रेलवे फाटक खोलने की मांग को लेकर सांसद मंत्री सह विधायक व डीआरएम से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कुटमू गांव के समीप रेल फाटक को अविलंब खोलने की मांग को लेकर कूटमू फेकवा टोली एवं शांति नगर के स्थानीय निवासियों का शिष्टमंडल सांसद सुदर्शन भगत के रांची आवास पर जाकर मुलाकात कर कुटमू रेलवे फाटक को जनहित में खोलने की गुहार लगाई।मंडल का नेतृत्व कर रहे हैं रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर सह समाजसेवी विवेकानंद उरांव ने सांसद महोदय को बताया कि तकरीबन डेढ़ वर्ष पूर्व रेलवे फाटक के बंद होने से समीपवर्ती मोहल्लों एवं ग्राम वासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जनजातीय किसान,स्थानीय मजदूर के सामने भुखमरी की समस्या आ गई है। छोटे-मोटे दुकानदारों का रोजगार बाधित हो गया है। इसके अलावा इस मार्ग पर लिवेंस एकेडमी एवं शांति आश्रम गुरुकुल विद्यालय में पढ़ने जाने वाले बच्चों की संख्या काफी है अधिकांश बच्चे इसी मार्ग से आना-जाना करते थे । किसानों को खेती-बाड़ी करने के लिए दस कदम की दूरी को तय के लिए दो किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। लोहरदगा से लातेहार जुड़ने के साथ ही तीन प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाला इस मुख्य मार्ग के बंद होने से स्थानीय नागरिक उपेक्षा का शिकार हो गए हैं।स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत से मांग की गई कि किसको-रिचूघुटा लातेहार मुख्य पथ पर कुटमु फेकवा टोली के समीप आर एल 44 मानव सहित रेलवे क्रॉसिंग पर सब पे (अंडर पास) निर्माण कराया जाय। तमाम बातों को सुनने के बाद त्वरित पहल करते हुए सांसद ने मोबाइल के माध्यम से रेलवे के डीआरएम रांची से बात किया और शिष्टमंडल को अपराहन तीन बजे हटिया में डीआरएम से मुलाकात का समय निर्धारित कराया। स्थानीय निवासियों के शिष्टमंडल की अगुवाई कर रहे समाजसेवी विवेकानंद उरांव, पूर्व वार्ड पार्षद कमला देवी, चंद्रिका यादव,उषा भगत,सुनीता कच्छप, सकलू उरांव,ज्योति देवी,सुशीला देवी,शांति देवी,सरिता देवी,जीतराम उरांव आदि ने वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से भी मिलकर अपने हितों की रक्षा की गुहार लगाई और बताया कि किस्को रिचुघुटा मुख्य पथ पर कुटमू फेकवा टोली के समीप रेलवे फाटक की व्यवस्था की गई थी।

# भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में बूथ अध्यक्षों को दिया गया प्रदत किट

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरूवार को भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अमरेश भारती के नेतृत्व में बूथ स्तर पर बूथ अध्यक्षों को प्रदेश भाजपा द्वारा प्रदत्त किट वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला मंत्री सह संयोजक सरोज प्रजापति उपस्थित रहे। मौके पर अनूप वर्मा, बिंदिया देवी, नीरज कुमार, निधिकांत प्रसाद, संतोष कुमार आदि बूथ अध्यक्ष को किट प्रदान किया गया। नगर महामंत्री शंकर प्रजापति भी साथ उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं से अपील किया गया कि घर घर जाकर केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को बताने का काम करें।

## चलते चलते एक नजर

### आज का दिन राज्य के लिए विशेष रहा, सीएम ने 2550 लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपा : सुप्रियो

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि गुरुवार का दिन इस राज्य के लिए विशेष दिन रहा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 2550 युवाओं के बीच सरकारी नियुक्ति पत्र वितरित किया। दो साल के कोरोना काल के बाद हेमंत सरकार ने नियुक्ति से संबंधित कार्य की शुरू कर दिया है। भट्टाचार्य गुरुवार को हरमू रोड स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार के पांच साल में 2014 से 2019 तक संविदा में उनकी नियुक्ति हुई थी, जिसमें एक भी जेपीएससी के नहीं थे। इसलिए सबसे पहले 2021 के अंत में 24 जिलों में 24 खेल पदाधिकारियों के नियुक्ति के साथ यह प्रकिया शुरू हुई। इसके बाद लगभग 20 वर्ष के बाद 129 कृषि पदाधिकारियों की नियुक्ति हेमंत सरकार ने की। भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य विधि प्रयोगशाला में 11 वर्ष के बाद 37 नियुक्ति हुई। इसमें कार्मिक विभाग ने 252 जेपीएससी के गजटेड ऑफिसर, श्रम विभाग ने 11 हजार 406 लोगों को निजी क्षेत्रों में नियुक्ति, 217 आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति, रिम्स में 320 नर्स की नियुक्ति, जेपीएससी के द्वारा 617 सहायक इंजीनियर की नियुक्ति, 32 वेटनरी डॉक्टर, 417 चिकित्सा पदाधिकारी, सहायक लोक अभियोजक 107 लोगों की नियुक्ति, माध्यमिक विद्यालय के तीन हजार 469 नियुक्तियां हुई। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की उपलब्धि और कोरोना प्रबंध से भाजपा बौखला गयी है। आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रांची पहुंचे और गिरिडीह में सभा करने गये। भाजपा ने शर्म, हया और नैतिकता सभी को त्याग दिया है। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनके मणिपुर के 17 विधायकों ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि मणिपुर बर्बाद हो गया है, सरकार को बर्खास्त कीजिए। इसपर नड्डा ने गिरिडीह में कुछ बात नहीं की। भाजपा केवल धर्म और जाति की राजनीति करती है।भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा ने नौ वर्ष के कार्यकाल में 18 हजार करोड़ की जगह पर मात्र 70 हजार ही नौकरी दिया। छह हजार रुपये किसानों के खाते में दिया। यूरिया और खाद्य से सब्सिडी तक हटा दिया। उज्ज्वला योजना के तहत सभी घर में 10 किलो का एक लोहा का डब्बा थमा दिया, जो दुबारा कभी रिफिल ही नहीं हुआ। उन्होंने नड्डा पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में बाहरी घुसपैठ हो रहा है, तो आखिर आपके गृह मंत्री क्या कर रहे हैं।

### गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव की जमानत पर सुनवाई 27 जून को

**रांची :** गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव की जमानत याचिका पर रांची एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने अमन की बेल पर अगली सुनवाई के लिए की 27 जून की तिथि निर्धारित की है। मामले में एटीएस की ओर से जवाब दाखिल किया जाना था, लेकिन जवाब दाखिल नहीं किया जा सका। गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को एटीएस की टीम ने पिछले महीने मुंबई से गिरफ्तार किया था, जिसके बाद वह फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में है। अमन ने अपनी जमानत के लिए न्यायालय से गुहार लगाई है।

# 35 वर्ष बाद मिला पानी झूम उठे मुहल्लेवासी

## काश ! सरकार हम महिलाओं की मजबूरी समझती : प्रथम महापौर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वेलवाटिका जहां से पूरे शहर का पानी सप्लाई होता है, वही 35 वर्षो से ना गुरुनानक कॉलोनी और ना ही गुरुद्वारा रोड में किसी भी घर को चंद पाइपलाइन के चलते पानी मिल पा रहा था। आज वहां 35 वर्षो बाद नया पाइपलाइन निगम द्वारा लगाते हुए घर-घर पानी का कनेक्शन निगम का कैंप लगाकर कनेक्शन देते हुए पानी का सप्लाई शुरू करा दिया गया।




इस अवसर पर मोहल्लों की महिलाओं एवं बुजुर्गो ने प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं वहां की पूर्व पार्षद अंजना जी को बुके देकर सम्मानित करते हुए कहा कि 35 वर्षो का सपना मेयर मैडम के कारण आज पूरा हो रहा है। वरना हम लोगों ने तो आसरा ही छोड़ दिया था। प्रथम महापौर ने महिलाओं के चेहरे में खुशी देखते हुए कहा कि मुझे मालूम है कि पानी के बिना महिलाओं को खाना बनाना, घर की सफाई, कपड़ों की सफाई वगैरह कार्य करने में कितना दिक्कत होता है। दूर-दूर जाकर पानी की व्यवस्था करनी होती है। समय भी काफी लगता है। हम सबों के लाख प्रयास करने के बाद शहरी जलापूर्ति योजना फेस टू फेस 3 आज भी सरकार में फंसा है। काश सरकार हम महिलाओं की मजबूरी समझती। प्रथम महापौर ने कहा कि हम सबों ने कुछ वार्ड और भी चिन्हित किए हैं। जहां छोटे-छोटे पाइपलाइन देकर ज्यादा से ज्यादा मोहल्ले वालों को लाभ दिया जा सके। जल्द मैं उन तक भी पहुंचगी। इस अवसर पर निगम की ओर से सिटी मैनेजर स्मिता भगत, कार्यालय सहायक अशोक सिंह , राहुल कुमार और पानी सप्लाई वर्क वर्क देख रहे छोटेलाल कैंप में उपस्थित थे।

# वडोदरा के दो बड़े केमिकल निर्माता ग्रुप पर आईटी की कार्रवाई

एजेंसी

**अहमदाबादः** आयकर विभाग ने वडोदरा में गुरुवार को दो बड़ी केमिकल कंपनियों, उनके ऑफिस और निदेशकों के निवास स्थान समेत कुल 7 जगहों पर छापेमारी की। छापेमारी में करोड़ों रुपये की कर चोरी के संबंध में जानकारी मिली है।

विभाग को बड़ी संख्या में आपत्तिजनक कागजात मिले हैं। सभी की जांच की जा रही है। आयकर विभाग ने वडोदरा के गोरवा, गोत्री हरीनगर पानी की टंकी के समीप स्थित केमिकल कंपनी के ऑफिस, गोरवा बीआईडीसी, पानोली जीआईडीसी समेत नंदेशरी स्थित केमिकल उत्पादक इकाइयों पर छापेमारी की।




इसके अलावा कंपनियों के निदेशकों के निवास स्थानों और कार्यालयों समेत कुल 7 जगहों पर एक साथ छापेमारी की। आयकर विभाग ने स्थानीय पुलिस की भी मदद ली है।विभागीय सूत्रों के अनुसार बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक दस्तावेज मिले हैं।

इसके अलावा बैंक अकाउंट की जांच की जा रही है। विभागीय अधिकारियों ने कंपनी में हो रहे केमिकल उत्पादन और उसकी बिक्री के संबंध में जानकारी जुटाई है। विभाग ने आवक-जावक कम्प्यूटर डाटा भी अपने कब्जे में लिया है। कंपनी के बैंक लॉकर सील कर दिए गए हैं।

परिवार के सदस्यों के बैंक अकाउंट की भी छानबीन की जा रही है। निदेशकों के मकान में मिली नकदी और गहनों का भी आकलन किया जा रहा है।

## बालासोर ट्रेन दुर्घटना को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश

शारिब खान



उड़ीसा के बालासोर जिले में 2 जून को हुए देश के तीसरा सबसे बड़ा ट्रेन दुर्घटना में करीब 300 लोगों की जान चली गई और सैकड़ों घायल हुए थे। इस ट्रेन दुर्घटना के बाद केंद्र सरकार की काफी फजीहत भी हुई। केंद्र सरकार को निशाने पर लेते हुए विपक्ष ने रेल मंत्री से इस्तीफे की मांग की। इस रेल दुर्घटना की जांच का जिम्मा सरकार ने सीबीआई को दे दिया। सीबीआई इस दुर्घटना की जांच कर भी रही है। बालासोर ट्रेन दुर्घटना के नाम पर कुछ सरारती तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश सोशल मीडिया के माध्यम से की गई। दुर्घटना के बाद यह अफवाह फैलाया गया कि दुर्घटनास्थल के पास एक मस्जिद है। इसके बाद सोशल मीडिया में एक और खबर वायरल हुआ कि बालासोर का स्टेशन मास्टर मुस्लिम है और वह फरार है। ओडिशा पुलिस ने वायरल फोटो के साथ किए जा रहे दावे का जांचोपरांत खंडन किया। पुलिस का कहना है कि यह देखने में आया है कि कुछ लोग शरारती तरीके से बालासोर में हुए दर्दनाक ट्रेन हादसे को सोशल मीडिया के माध्यम से सांप्रदायिक रंग दे रहे हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।ओडिशा पुलिस ने कहा कि जीआरपी ओडिशा दुर्घटना के कारणों और अन्य सभी पहलुओं की जांच कर रही है।पुलिस ने अपील किया है कि इस तरह के झूठे और दुर्भावनापूर्ण पोस्ट शेयर ना करें। अफवाह फैलाकर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्टेशन मास्टर के मुस्लिम होने के दावे की भी पड़ताल की गई। ध्यान देने वाली बात यह है कि स्टेशन मास्टर का नाम सरीफ खान नहीं बल्कि एसबी मोहंते है। स्पष्ट है कि सोशल मीडिया पर वायरल फोटो के साथ किया जा रहा दावा पूरी तरह गलत और बेबुनियाद है। वहीं, स्टेशन मास्टर के मुस्लिम समुदाय के होने का दावा भी गलत है। दुर्घटनास्थल पर मस्जिद होने का भी कोई प्रमाण पुलिस को नहीं मिला। अब एक नया प्रोपगेंडा फैलाया गया कि जेई आमिर खान है,जो घर से लापता है। और उसके घर को सील कर लिया गया है। इस तरह के गलत खबर को खंडन करने के लिए रेल प्रशासन को आगे आना पड़ा। रेलवे की ओर से दी गई जानकारी में कहा गया कि यह महज अफवाह उड़ाई गई है। हकीकत ऐसा कुछ भी नहीं है। इस पूरे मामले को लेकर दक्षिण पूर्व रेलवे के सीपीआरओ आदित्य कुमार चौधरी ने जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में खबर आ रही हैं कि बहनगा का एक कर्मचारी फरार और लापता है। यह तथ्यात्मक रूप से गलत है। पूरा स्टाफ मौजूद है और पूछताछ के लिए जांच एजेंसी सीबीआई के सामने पेश हो रहा है। इस पूरे मामले को देखने से स्पष्ट होता है की बालासोर रेल दुर्घटना को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की जा रही है। लेकिन रेल और स्थानीय प्रशासन इस मामले में पूरी तरह सजग दिख रहा है। सीबीआई भी अपने तरीके से जांच को आगे बढ़ा रही है। इस मामले को सोशल मीडिया के माध्यम से सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश करने वाले तत्वों की पहचान कर उन्हें सख्त कानूनी सजा दिए जाने की जरूरत है। ताकि भविष्य में इस तरह का हरकत करने से वे बाज आ सकें।

# राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार-2022 और 2023 प्रदान किए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में नर्सिंग प्रोफेशनलों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किए।वर्ष 2022 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्राप्त करने वालों में दिल्ली की अनीता नाकरा और मेजर जनरल स्मिता देवरानी के अलावा नमिता कलिता (असम), सुजाता पीटर टस्कानो (महाराष्ट्र), डिमखानमन हंगशिंग (मणिपुर), तेजावथ सुशीला (तेलंगाना), रीटा मंडल (पश्चिम बंगाल), रिलायंस पिरंगप (मेघालय), एथोडो लिंग्गी (अरुणाचल प्रदेश), डॉ. पोरेड्डी विजयलक्ष्मी (कर्नाटक), हिंडुम्बी के. (लक्षद्वीप), सेबती साहू (ओडिशा), नीरज तम्बोलिया



(राजस्थान), गणपति संथी (तमिलनाडु) और मंजू केरा (उत्तराखंड) का नाम शामिल है। अनीता नाकरा दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट, जीटीबी अस्पताल में सहायक निदेशक नर्सिंग के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने कोविड-19 के दौरान भी कैंसर देखभाल केंद्र को चालू रखा। वहीं मेजर जनरल स्मिता देवरानी, वीएसएम वर्तमान में सेना मुख्यालय दिल्ली में सैन्य नर्सिंग सेवा की अतिरिक्त महानिदेशक हैं। उन्होंने कोविड-19 के दौरान नर्सिंग सेवाओं को व्यवस्थित करने के लिए विभिन्न नवाचारों को पेश करने की पहल की और सभी एएफएमएस अस्पतालों में टीकाकरण अभियान को सुव्यवस्थित किया।वर्ष 2023 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्राप्त करने वालों में सुचित्रा मिस्त्री (अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह), गायत्री कुमारी (बिहार), नागरत्ना टी (कर्नाटक), मंजूलता महराणा (ओडिशा), सुगंधी के (तमिलनाडु), अंबिका प्रधान (सिक्किम), फिरदौसा जान (जम्मू-कश्मीर), गीता ए आर (केरल), ब्रिगेडियर अमिता देवरानी (महाराष्ट्र), पुष्पा श्रवण पोडी (महाराष्ट्र), इरोम चंद्रबाला देवी (मणिपुर), सी जोपारी (मिजोरम), साथियाकानी थंगराज (पुडुचेरी), माधवी राणे चिखाले (पंजाब) और अबिष्मिता घोष (पश्चिम बंगाल) का नाम शामिल है।

## महबूबा मुफ्ती ने नालंदा में यूसुफ की कब्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**पटना :** भाजपा मुक्त भारत बनाने की कवायद को लेकर पटना में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होने आयीं जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती गुरुवार सुबह पटना पहुंची। थोड़ा विश्राम करने के बाद वह राज्य के नालंदा जिले के लिए निकल गयी। महबूबा मुफ्ती ने नालंदा जिले के इस्लामपुर में यूसुफ शाह चक की कब्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। कश्मीर के अंतिम मुस्लिम शासक के रूप में उनका विश्राम स्थल कश्मीर और बिहार के बीच संबंधों का प्रतीक है। महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट कर अपने नालंदा जिले के कार्यक्रम को साझा किया। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री से अपील भी की। महबूबा मुफ्ती ने ट्विट कर कहा- यूसुफ शाह चक की कब्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। कश्मीर के अंतिम मुस्लिम शासक के रूप में, उनका विश्राम स्थल कश्मीर और बिहार के बीच संबंधों का प्रतीक है।

# फेस ऑथेंटिकेशन फीचर वाला पीएम किसान मोबाइल ऐप हुआ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने गुरुवार को ÷प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि÷ के अंतर्गत फेस ऑथेंटिकेशन फीचर का पीएम-किसान मोबाइल ऐप लांच किया।इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, भारत सरकार की बहुत ही व्यापक और महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके क्रियान्वयन में राज्य सरकारों ने काफी परिश्रमपूर्वक अपनी भूमिका का निर्वहन किया है, इसी का परिणाम है कि लगभग साढ़े 8 करोड़ किसानों को केवाईसी के बाद हम योजना की किस्त देने की स्थिति में आ गए हैं। यह प्लेटफार्म जितना परिमार्जित होगा, वह पीएम-किसान के काम तो आएगा ही, और किसानों को कभी भी-कोई लाभ देना हो, तब भी केंद्र व राज्य सरकारों के पास पूरा



डेटा उपलब्ध होगा, जिससे कोई परेशानी खड़ी नहीं हो सकेगी।तोमर ने कहा कि आधुनिक टेक्नालॉजी के बेहतरीन उदाहरण इस ऐप से फेस ऑथेंटिकेशन फीचर का उपयोग कर किसान दूरदराज, घर बैठे भी आसानी से बिना ओटीपी या फिंगरप्रिंट के ही फेस स्कैन कर ई-केवाईसी पूरा कर सकता है और 100 अन्य किसानों को भी उनके घर पर ई-केवाईसी करने में मदद कर सकता हैं। भारत सरकार ने ई-केवाईसी को अनिवार्य रूप से पूरा करने की आवश्यकता समझते हुए, किसानों का ई-केवाईसी करने की क्षमता को राज्य सरकारों के अधिकारियों तक भी बढ़ाया है, जिससे हरेक अधिकारी 500 किसानों के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया को पूर्ण कर सकता है।कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि टेक्नालॉजी से कृषि क्षेत्र को लाभ हो रहा है और इस ऐप की नई सुविधा से भी किसानों को काफी सहूलियत होगी।

# सरकार ने 5 लाख युवकों को नौकरी देने का किया था वादा : सुदेश महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 2,5, 50 नियुक्ति वितरण कार्यक्रम कर और राज्य की जनता की वाहवाही लूटने की कोशिश रह रही है, लेकिन सच्चाई उसके की ठीक विपरीत है, राज्य की जनता भी इस बात को जान रही है। गठबंधन की सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य वासियों से यह वादा करके सत्ता में आई थी कि वे 5 साल में 5 लाख बेरोजगार युवाओं को नौकरी देंगे , साढ़े 3 साल का कार्यकाल गुजर गया है। यह सरकार अभी तक उस आंकड़ा तक नहीं पहुंच सके। उक्त बातें आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने आजसू के स्थापना दिवस पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि, आजसू का गठन ही संघर्ष से संघर्षो के लिए हुआ है, इसलिए आजसू संकल्प दिवस के रूप में मनायेगी । उन्होंने कहा कि आजसू 1986 में अलग झारखंड के निर्माण को लेकर पूरी संकल्प के साथ और संघर्ष के बल पर आगे बढ़ रहा था और इसी का नतीजा है कि आज झारखंड अलग हुआ है, लेकिन जिस सपनों के साथ झारखंड को अलग किया गया। वह सपने को आज हमारी आने वाली पीढ़ी को जानना होगा । आज भी हमारी भाषा, संस्कृति और स्थानीय नीति पर सत्ता में बैठे विधायक, मंत्री चूप हैं। झारखंड के सभी कार्यकर्ता का आकलन करना होगा, आज हमारे साथ युवा पीढ़ी ,और बुद्धि जीवी भी है और मैंने दोनों पीढ़ियों के साथ काम कर रहा हूं। मैं बताना चाहता हूं आने वाली पीढ़ी को लीडरशिप का कमान संभालना होगा , इसके लिए झारखंड की सभ्यता संस्कृति और इतिहास को जानना होगा। हमारे पूर्वजों के बलिदान को जानना है । हमारी आजसू पार्टी संघर्षो की पार्टी है। मौके पर पार्टी प्रवक्ता देव शरण भगत ने कहा कि आजसू का संकल्प और संघर्ष को झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्रों में हर युवाओं तक पहुंचाना है। पार्टी के उद्देश्य पर विचार विमर्श किया जाएगा । यह कार्यक्रम हर विधानसभा क्षेत्र पर चलाया जा रहा है। इस अवसर पर बबन सिंह ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी का संकल्प और उसके संघर्ष से मैं अवगत हूं और उनके उद्देश्य के साथ चलने के लिए तैयार हूं और इसी के साथ के साथ पार्टी सदस्यता लिया । इस मौके पर बुद्धिजीवी वर्ग के अध्यक्ष डोमन सिंह, पूर्व कुलपति सुरेश सिंह सहित कई कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## पंजाब के सीमावर्ती ग्राम कक्कड़ में हथियार तस्करी की बड़ी कोशिश नाकाम

**चंडीगढ़/अमृतसर :** पंजाब पुलिस ने सीमावर्ती अमृतसर जिले के ग्राम कक्कड़ में गुरुवार को हथियारों की तस्करी की बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। पुलिस ने इस दौरान .30 बोर के चार पिस्तौल और मैगजीन बरामद किए।

काउन्टर इंटेलिजेंस अमृतसर के एआईजी सुखमिन्दर सिंह मान ने बताया कि सीमा पार से हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी संबंधी मिली खु?िया सूचना के आधार पर काउन्टर इंटेलिजेंस अमृतसर की टीम ने कक्क? में सर्च ऑपरेशन चलाया और सफलतापूर्वक चार पिस्तौलें सहित मैग?ीन बरामद किए। उन्होंने कहा कि यह खेप ड्रोन के जरिए डिलीवर की प्रतीत होती है, लेकिन बीएसएफ और राज्य पुलिस की मुस्तैद गतिविधियों के कारण खेप प्राप्त करने वाला पक्ष खेप हासिल नहीं कर सका। पुलिस टीमें खेप भेजने वाले और प्राप्त करने वाले की पहचान करने में जुटी हैं।

# छत्तीसगढ़ में शुरू हो चुकी है भूपेश सरकार की उल्टी गिनतीः अमित शाह

एजेंसी

**दुर्ग।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जमकर हमला बोला। उन्होंने भूपेश सरकार के घोटालों का जिक्र कर कहा कि इस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है।

अमित शाह ने दुर्ग जिले के रविशंकर स्टेडियम में आयोजित आमसभा में कहा कि भूपेश सरकार घोटाले पर घोटाले कर रही है। यहां तक कि जनता से किया एक भी वादा पूरा नहीं किया। शराब बंदी नहीं की, युवाओं को रोजगार, बेरोजगारी भत्ता, विधवा पेंशन नहीं दिया। छत्तीसगढ़ की जनता चुनाव की राह देख रही है।

फिर सरकार पलटते देर नहीं लगेगी। भूपेश सरकार हर मोर्चे पर फेल है। उन्होंने कहा कि राज्य में एक हजार किसानों ने आत्महत्या



की। बेरोजगारी लगातार बड़ी है। केंद्र सरकार ने 74 हजार करोड़ रुपये किसानों के बैंक अकाउंट में भेजे।

भूपेश सरकार ने मात्र 12,100 करोड़ रुपये ही बांटे।शाह ने कहा कि नौ साल के अंदर मोदी जी ने ढेर सारा परिवर्तन किया है। सोनिया-मनमोहन की सरकार 10 साल चली। इन 10 वर्षो में घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार ही हुए। कांग्रेस ने 12 लाख करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार किया था। मोदी जी ने 9 वर्ष के शासन के दौरान इतनी पारदर्शी सरकार चलाई कि विपक्ष भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा सकता।

उन्होंने जनता से राज्य में भाजपा की और केंद्र में 2024 में मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।गृहमंत्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 हटाया, कांग्रेस कह रही थी, मत हटाओ, कश्मीर में खून की नदियां बह जाएंगी। अनुच्छेद 370 हट गया लेकिन कश्मीर में किसी की कंकर फेंकने तक की हिम्मत भी नहीं हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने नौ साल में हर गरीब को बिजली, शौचालय, गैस 5 किलो अनाज मुफ्त दिया और कोरोना के टीके मुफ्त में लगाए।

जनसभा से पहले अमित शाह भिलाई में पद्मश्री अलंकृत गायिका उषा बारले के घर पहुंचे। उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और सांसद विजय बघेल भी मौजूद रहे।